

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
बिलासपुर, गुरुवार, 9 नवम्बर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –191 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु



विस चुनाव में भाजपा की झूठ बोलने की शक्ति बढ़ी : कांग्रेस पृष्ठ 3
■ निराधार बातों में कमजोर होती देश की जड़ें
■ विश्व भर में डॉक्टरों के अनुसार प्रतिदिन छह घंटे का काम ... पृष्ठ 4
■ हमारा मिशन हमास के प्रत्येक गढ़ को ध्वस्त करना
■ भारत-अमरीका में टू प्लस टू वार्ता शुक्रवार कल पृष्ठ 9
एडम गिलक्रिस्ट ने फॉर्म में वापसी के लिए जोश इंग्लिस का समर्थन किया पृष्ठ 10

# ईडी की मनमानी पर चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस

## महादेव एप मामले में मनमानी कर रहा है प्रवर्तन निदेशालय, ईडी की मनमानी पर अंकुश लगाने की बताई सख्त जरूरत

**नई दिल्ली,** 8 नवम्बर (देशबन्धु) कांग्रेस ने चुनाव आयोग से गुहार लगाई है कि छत्तीसगढ़ में परिवर्तन निदेशालय (ईडी) महादेव एप मामले में मनमानी कर रहा है और इससे लोकतंत्र को खतरा पैदा हो गया है इसलिए ईडी की मनमानी पर अंकुश लगाने की सख्त जरूरत है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी, तारीक अनवर तथा उदित राज ने महादेव एप मामले में चुनाव आयोग से मिलने के बाद बुधवार को यहां निर्वाचन सदन के बाहर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र को छत्तीसगढ़ में ईडी के जरिए रौंदा जा रहा है और वहां लोकतंत्र को संरक्षण देने का आग्रह करने के लिए पार्टी ने आयोग से समय मांगा था।




**लोकतंत्र की हिफाजत के लिए जरूरी**

आयोग से मुलाकात के दौरान पार्टी की तरफ से बताया गया कि छत्तीसगढ़ में ईडी की मनमानी चल रही है और लोकतंत्र की हिफाजत के लिए उसे पर रोक लगाना ज़रूरी है। श्री सिंघवी ने कहा, छत्तीसगढ़ में पहले चरण के चुनाव से पहले हमने चुनाव आयोग से मिलने का समय मांगा था। आज उन्होंने हमें मिलने के लिए बुलाया था। हमने चुनाव आयोग से शिकायत में कहा है–18 महीने पहले छत्तीसगढ़ पुलिस ने महादेव एप मामले में जाँच शुरू ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### छत्तीसगढ़िया कमजोर और कायर नहीं : बघेल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तंज कसा है और कहा है कि छत्तीसगढ़िया कमजोर और डरने वाला नहीं है, क्योंकि वह स्वाभिमान से अपना चावल खाते हैं। दरअसल, ईडी ने देश के अन्य हिस्सों के साथ छत्तीसगढ़ में दबिश दी है, इनमें भिलाई निवासी सुरेश घिंगानी भी हैं, जो बघेल के व्यय लेखक हैं। इसी पर बघेल ने एक्स पर लिखा है, मुझे लगा था पहले चरण का एक्जिट पोल कुछ दिनों बाद पता चलेगा, लेकिन साहेब ने आज सुबह ही बता दिया, सुबह–सुबह ईडी को मेर ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### जम्मू में भाजपा का साथ छोड़ने वाले पर ईडी का छापा

**जम्मू।** भाजपा का साथ छोड़ डोगरा स्वाभिमान संगठन पार्टी गठित करने वाले पूर्व भाजपा नेता चौधरी लाल सिंह को प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लान्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार कर लिया है। ईडी अधिकायिों ने बुधवार को इसकी पुष्टि की है कि जम्मू क्षेत्र में ईडी द्वारा किसी मामले में की गई यह पहली गिरफ्तारी है। अधिकारियों ने बताया कि मनी लान्ड्रिंग मामले में आरोपित पूर्व मंत्री चौधरी लाल सिंह की मंगलवार को अग्रिम जमानत खारिज होने के बाद ईडी ने देर रात को गिरफ्तार कर लिया था। ईडी ने रात करीब दस बजे चौधरी लाल सिंह को जम्मू के बाहरी क्षेत्र चुआदी से गिरफ्तार किया। लाल सिंह अपने परिवार के साथ यहां एक किराये के मकान में रह रहे थे।

# ईडी व भाजपा ने मिलकर मुख्यमंत्री की छवि खराब करने साजिश रची : तिवारी

## नमो एप में भी खिलाया जाता है सट्टा

**रायपुर,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। ईडी और भाजपा ने मिलकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि खराब करने साजिश रची। ईडी ने जिस ड्राईवर के बयान पर मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया वह भाजपा का कार्यकर्ता है। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार के इशारों पर ईडी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि खराब करने के उद्देश्य से एक दुर्भावनापूर्वक प्रेस नोट जारी किया। इसमें ईडी ने सिर्फ एक आरोपी के फौरी ब्यान के आधार पर मुख्यमंत्री के खिलाफ बिना किसी प्रमाण के, बिना किसी जांच के पैसे लेने का प्रेसनोट हड़बड़ी में जारी कर दिया। उन्होंने बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि नमो एप में भी सट्टा खिलाया जाता है।




एआईसीसी के प्रदेश कांग्रेस मीडिया पर्यवेक्षक व राज्यसभा में उपनेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी ने राजीव भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता में कहा कि महादेव एप्प के मालिकों में से एक रवि उप्पल का भाई भाजपा के दुर्ग के सांसद जो पाटन में मुख्यमंत्री के खिलाफ चुनाव लड़ रहे उनके साथ है। उसकी फोटो रमन सिंह के साथ भी है। सारे कनेक्शन भाजपा के बड़े नेताओं के साथ है। आरोप कांग्रेस पर लगाते है।

असीम दास जिसके साथ रमन सिंह और पियूष मिश्रा जो भाजपा का पार्षद है, जो प्रेम प्रकाश पांडे का प्रतिनिधि था उसके बयानों के आधार पर मुख्यमंत्री पर ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## पीएम मोदी का 13 को प्रदेश दौरा

### 2 जिलों में करेंगे आमसभा को संबोधित



**रायपुर,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा के तमाम दिग्गज नेताओं के प्रदेश में ताबड़तोड़ दौरे जारी है. इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 नवंबर को छत्तीसगढ़ के दौरें पर रहेंगे। प्रदेश के महासमुंद और मुंगेली जिला में आम सभा को संबोधित करेंगे। राजधानी रायपुर की चार विधानसभा क्षेत्रों में रोड शो करेंगे। बीजेपी का छत्तीसगढ़ में फुल फोकस है।

## अमित शाह आज डभरा में करेंगे रोड शो



**सक्ती,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। पहले चरण का मतदान हो गया है। जिसके बाद दूसरे चरण की तैयारियों के लिए पार्टियों के दिग्गज नेताओं का प्रदेश दौरा शुरू हो गया है। इस कड़ी में कल 9 नवंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे। गृहमंत्री अमित शाह 9 नवंबर को चंद्रपुर विधानसभा के डभरा में एक चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंच रहे है। उनकी आमसभा की तैयारी जोरों पर है तो वही भाजपाईयों में इसे लेकर उत्साह बना हुआ है माना जा रहा है कि उनका दौरा कार्यक्रम भाजपा की जीत सुनिश्चित करेगी। भाजपा नेता नेता कवि वर्मा ने इस संबंध में बताया कि डभरा के दशहरा मैदान में आमसभा की तैयारी जोरों पर चल ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## जंगल से आदिवासियों की जमीन छीनकर अडानी-अंबानी को दे रहे मोदी : राहुल

**अंबिकापुर,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में पहले चरण के मतदान के संपन्न होने के बाद दूसरे चरण के चुनाव के लिए प्रचार तेज हो गया है। सभी राजीतिक पार्टियां चुनावी मैदान में उतर गए हैं। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में बुधवार को राहुल गांधी पहुंचे, अंबिकापुर के कतकालो स्टेडियम ग्राउंड में उन्होंने आमसभा को संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए टीएस सिंहदेव ने कहा कि पिछली बार सरगुजा की 14 सीटें मिली। कांग्रेस की सरकार ने 5 साल में काफी काम किया। हर वर्ग के लिए कांग्रेस ने काम किया है।


अंबिकापुर में कांग्रेस की आमसभा

राहुल गांधी बोले, 'पिछले चुनाव में हमने 2-3 वादे किए थे. सबसे बड़ा काम किसानों के कर्ज माफी का हमने किया. यह कोई छोटी बात नहीं थी. तब बीजेपी के नेताओं ने कहा था. कोई यह नहीं कह सकता कि किसानों का कर्ज माफी नहीं हुआ. कोई नहीं कह सकता है कि धान की कीमत उनको नहीं मिली. जो हम कहते हैं, वो कर के दिखाते हैं। ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सुपेला से पकड़ाया आईएसआईएस का सक्रिय सदस्य

**भिलाईनगर,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। सुपेला पुलिस व एटीएस उत्तर प्रदेश की सयुक्त कार्यवाही में स्मृतिनगर पुलिस चौकी के अंतर्गत आईएसआईएस का एक सक्रिय सदस्य गिरफ्तार किया है। 7 नवम्बर को एटीएस यूनिट झांसी (उ.प्र,) की टीम दर्ज मुकदमा धारा 121( ।) 122 व 13, 18 18(ठ), 38 विधि विरूद्ध क्रिया कलाप ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



## भिलाई में आईटी के बाद ईडी का छापा



**भिलाईनगर,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। भिलाई के लिंक रोड कैम्प 2 स्थित हुकुमचंद हिम्मतचंद थोक पटाखा स्टोर में इंकम टैक्स की टीम की पड़ताल चल ही रही थी कि अब ईडी टीम भी आ धमकी है। सुबह लगभग 6 बजे से इस पटाखा व्यवसायी के घर, गोदाम तथा दुकानों ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### देव माइनिंग में ईडी की दबिश, व्यापारियों में मचा हड़कंप

**बालोद।** बुधवार को मंत्री प्रतिनिधि के करीबी माने जाने वाले देव माइनिंग के दल्ली राजहरा सुभाष चौक स्थित ऑफिस में सुबह तड़के 4:00 बजे ईडी के छापे से खलबली मचा दी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार देव माइनिंग कंपनी के मालिक सुमित जैन बताए जा रहे हैं। छापे की कार्रवाई अभी तक जारी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार देव माइनिंग का काम ढुलकी माईन्स, गिधाली माइन्स, दल्ली माइन्स और कच्चे माईन्स में



# 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वृद्ध व दिव्यांगजनों के होम वोटिंग की हुई शुरूआत

## होम वोटिंग के लिए मतदाताओं के घर पहुंचा मतदान दल

- मतदान कर सेल्फी प्वाईंट में ली सेल्फी, होम वोटिंग निर्वाचन आयोग की अच्छी पहल
- सामान्य प्रेक्षक, कलेक्टर व एसएसपी ने होम वोटिंग का किया निरीक्षण






**रायगढ़**, 08 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन-2023 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में मतदान केन्द्र तक पहुंच पाने में असमर्थ 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वयोवृद्ध व दिव्यांग मतदाताओं के लिए उनके निवास स्थल पर मतदान करने हेतु सुविधा प्रदान की गई है। जिसके तहत आज जिले के ऐसे मतदाताओं जिन्होंने होम वोटिंग के लिए आवेदन किया है उनके घर मतदान दल पहुँचा। ऐसे मतदाताओं ने डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान देकर लोकतंत्र के उत्सव में सहभागिता की शुरूआत की। इसी कड़ी में आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा के भाग संख्या 2-कोड़ासिया की 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की डोकरी नाग ने डाकमत पत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट उपस्थित रहे।

**सामान्य प्रेक्षक पहुंची वृद्धाश्रम, होम वोटिंग प्रक्रिया का किया निरीक्षण**

सामान्य प्रेक्षक डॉ.रूपांजलि कार्तिक ने आज पहाड़ मंदिर स्थित वृद्धा आश्रम पहुंचकर होम वोटिंग प्रक्रिया का निरीक्षण की। यहां निवासरत वयोवृद्ध ने डाकमत पत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वृद्ध कालेश्वर दास महंत एवं कालाचंद मेहर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शत-प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से हम जैसे वृद्धजनों के लिए होम वोटिंग की अच्छी पहल शुरू की गई है। जिससे आज हम घर बैठे अपने मताधिकार का प्रयोग कर पा रहे है। इस मौके पर श्री कालेश्वर दास महंत ने बने सेल्फी प्वाइंट में अपनी सेल्फी भी ली। मतदान से पूर्व आरओ गगन शर्मा ने मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान मतदान दल द्वारा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सारी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए होम वोटिंग की प्रक्रिया को संपन्न कराया।

**चारों विधानसभाओं में 167 मतदाताओं ने किया होम वोटिंग**

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में शत-प्रतिशत मतदान की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गो एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को उनके निवास स्थल पर मतदान करने हेतु प्रारूप 12घ में आवेदन करने की सुविधा प्रदान की गई थी। जिसके तहत आज जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15-लैलूंगा में 28, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 16-रायगढ़ में 28, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 18-खरसिया में 86 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 19-धरमजयगढ़ में 25, इस प्रकार कुल 167 मतदाताओं द्वारा आज डाकमत पत्र के माध्यम से घर बैठे मतदान किया।

# शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता अभियान



**तखतपुर** 08 नवंबर (देशबन्धु)। शत प्रतिशत मतदान को लेकर बिलासपुर जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। और इस सभी का मुख्य उद्देश्य शत प्रतिशत मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। जिले में 17 नवंबर को मतदान होना है इसके लिए उन सभी मतदाताओं का जिनका नाम मतदाता सूची में है उन्हें अनिवार्य रूप से मतदान करना है। इसके लिए विशेष प्रेरक कार्यक्रम विभिन्न रूपों में चलाए जा रहे हैं। जिसके माध्यम से मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करना है।स्वीप कार्यक्रम के तहत रंगोली, मेहंदी, पेंटिंग, नाटक, मानव श्रृंखला, साइकिल रैली भी निकाली जा रही है। जिससे लोग अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए जागरूक हो। इतना ही नहीं जिला कार्यालय की ओर से आमंत्रण पत्र भी प्रत्येक मतदाताओं को घर में जाकर दिया जा रहा है और उन्हें मतदान करने के लिए अपीलकी जा रही है। नगर के विभिन्न वार्डों में बी एल ओ के द्वारा मतदाता पर्ची और आमंत्रण पत्र दिया जा रहा है।

नगर के वार्ड क्रमांक 2, 3 सहित अन्य वार्डो में भी वितरण किया गया। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र शुक्ला, बी एल ओ सरस्वती ठाकुर, सुनीता यादव, कामता यादव, यूसुफ भारमल, सहित अन्य रहे।

# कोटा के विकास की जिम्मेदारी मेरी-भूपेश बघेल



**बिलासपुर**, 8 नवंबर (देशबन्धु)। कोटा विधानसभा में कोटा ब्लॉक के ग्राम तेंदुवा में विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी अटल श्रीवास्तव के समर्थन में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में तेंदुवा, मटसगरा, खपराखोल, करगीकला, करगीखुर्द, धूमा, लोकबंद, लमकेना, इमलीपारा, कुशमुली, सिरसहा, मनपहरी, नेवसा, मटकाबांधा, गोबरीपाटा, खैरझिटी, मोहदी, बारद्वार आदि ग्रामों की जनता बड़ी संख्या उपस्थित थे। जनता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अटल श्रीवास्तव युवा है, इंजीनियर है, मेरे सहयोगी है, कांग्रेस के संघर्षशील और मेहनती कार्यकर्ता है। संगठन में कार्य करने की क्षमता को देखकर कांग्रेस ने इन्हें कोटा से उम्मीदवार बनाया हैं। अटल श्रीवास्तव के सामने दो परिवार है और अटल श्रीवास्तव के साथ कोटा की जनता है। कांग्रेस का विधायक बनाइये कोटा के विकास की जिम्मेदारी मेरी होगी।

भूपेश बघेल के समक्ष भारतीय जनता पार्टी के 40 कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रवेश किया। भूपेश बघेल एवं कांग्रेस पर अपनी आस्था प्रकट की और अटल श्रीवास्तव को जिताने का संकल्प लिया। कांग्रेस के विकास को देखते हुए भाजपा छोड़ कांग्रेस प्रवेश किया। ब्लॉक अध्यक्ष आदित्य दीक्षित ने सभी को सदस्यता प्रदान की। सभा में बैजनाथ चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष आदित्य दीक्षित, अरुण त्रिवेदी, अरुण चैहान, प्रमोद नायक, सीमा घृतेश, फागूराम पाटले, माया मिश्रा, अनिता दुबे, ममताराम साहू, तुलसी साहू, गणेश राम यादव, सालिकराम केवट, सालिक यादव, उत्तम चतुर्वेदी, फूलचंद अग्रहरि, देवेन्द्र प्रताप सिंह, अजय सिर्सो, आर.आर. गिरि, टी.डी. घृतेश, शत्रुहन यादव, लतेल राम मरावी, भारत पटेल, राजू सिदार, अशोक अनंत, चिंताराम ध्रुव, संतोष बघेल, राजनंदनी कश्यप, अलीबाबा कश्यप, जूनियर अरुण त्रिवेदी कार्यक्रम का संचालन देव कुमार कुर्रे ने किया।

अटल श्रीवास्तव ने कोटा विधानसभा के बेलगहना ब्लॉक के बहेरामुड़ा, लहंगाभाठा, लूफा, शक्तिबहरा, करहीकछार ग्राम पंचायतों में जोन, सेक्टर व बूथ अध्यक्षों के साथ सघन जनसंपर्क किया। छोटी-छोटी जनसभाएं लेकर मतदाताओं के सामने 17 नवंबर को मतदान करने की अपील की, मत एवं आशीर्वाद मांगा। अटल श्रीवास्तव के साथ जनसंपर्क के दौरान संदीप शुक्ला, गणेश कश्यप, यासीन खान, कन्हैया गंधर्व, मनोज बाजपेयी, कपिल जायसवाल, उमेन्द्र शर्मा, चंचल उइके, अभिषेक गुप्ता, हिरालाल साव, किशुन मेश्राम, बच्चन सिंह खुसरो, देव नारायण साव, सुमन दास, प्रवीण गुप्ता, दिनेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल शामिल रहें। जनसंपर्क के दौरान भूपेश सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस प्रत्याशी अटल श्रीवास्तव के समक्ष रमेश यादव ने साथियों सहित भाजपा छोड़ कांग्रेस एवं भागबली बंजारे ने साथियों सहित जनता कांग्रेस जोगी छोड़ कांग्रेस प्रवेश किया।

# निर्वाचन व्ययों का लेखा प्रस्तुत नहीं करने वाले 4 विधान सभा क्षेत्रों के 16 प्रत्याशियों को नोटिस जारी

## तीन दिवस के भीतर करना होगा व्यय लेखा अवलोकन हेतु प्रस्तुत

**रायगढ़**, 08 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत व्यय प्रेक्षक के समक्ष निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं करने के कारण जिले की चार विधानसभा से 16 प्रत्याशियों को रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्रत्याशियों को 72 घंटे के अंदर कारण दर्शित करते हुए अपना स्पष्टीकरण संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी के समस्त प्रस्तुत करना होगा। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में शामिल प्रत्याशियों के व्यय लेखा परीक्षण का कार्य जिला व्यय अनुवीक्षण दल द्वारा किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा व्यय निगरानी के लिए विधान सभावार दो व्यय प्रेक्षक भी नियुक्त किए गए है। अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय का तीन बार निरीक्षण किए जाने हेतु 6 नवम्बर, 10 नवम्बर एवं 15 नवम्बर की तिथि निर्धारित की गई है। जिसमें अभ्यर्थी को उसके निर्वाचन व्यय से संबंधित जानकारी दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करनी होती है। 6 नवम्बर को हुए प्रथम व्यय लेखा परीक्षण में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ के प्रत्याशी इबरार अहमद-निर्दलीय, कान्ति साहू-आजाद जनता पार्टी, राधेश्याम शर्मा-निर्दलीय, गोपाल प्रसाद अग्रवाल-आम आदमी पार्टी, भवानी सिंह सिदार-हमर राज पार्टी, सुनील मिंज-जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी, सुरेन्द्र सिदार-निर्दलीय, गुरूवारी जीनत परवीन-निर्दलीय, अशोक गार्डिया-निर्दलीय एवं मधुबाई-जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) सहित कुल 10 प्रत्याशियों द्वारा व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा से मनीषा गोंड-जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे),भजन सिदार-निर्दलीय, महेन्द्र कुमार सिदार-निर्दलीय, रघुवीर राठिया-गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, सुनीति सत्यानंद राठिया-भारतीय जनता पार्टी सहित कुल 5 प्रत्याशियों द्वारा व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया से भवानी सिंह सिदार-हमर राज पार्टी द्वारा व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया है। इस प्रकार रायगढ़ जिले की चार विधानसभाओं से कुल 16 प्रत्याशियों द्वारा व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किए जाने पर रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा सभी को नोटिस जारी किया गया है।

**विधानसभा आम निर्वाचन-2023**

धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन में लेखा अवलोकन हेतु प्रस्तुत किया गया है किंतु अभ्यर्थी के छाया प्रेक्षण पंजी का मिलान से लेखा व्यय में अंतर पाये जाने पर धरमजयगढ़ विधानसभा से 02 अभ्यर्थियों में लालजीत सिंह राठिया और हरिश चन्द्र राठिया को नोटिस जारी किया गया है। इसी प्रकार व्यय लेखा में अंतर के कारण लैलूंगा विधानसभा के 01 अभ्यर्थी श्रीमती विद्यावती सिदार और रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 03 अभ्यर्थियों में प्रकाश नायक, ओम प्रकाश चौधरी और शंकर लाल अग्रवाल को नोटिस जारी किया गया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**ईडी की मनमानी पर ...**

की थी। छह महीने पहले मुख्यमंत्री ने भी आरोपियों की गिरफ्तारी और एप को बैन करने की भी मांग की थी लेकिन केंद्र सरकार ने तब कुछ नहीं किया।

**चुनाव आते ही नई-नई चीजें आई है सामने**

उन्होंने कहा कि जैसे ही चुनाव नज़दीक आते हैं भारतीय जनता पार्टी के नेता, प्रधानमंत्री और ईडी नई-नई चीजें सामने लाने लगते हैं। केंद्र सरकार ने पहले इस एप को बैन क्यों नहीं किया। उन्हें प्रदेश सरकार की पूर्व अनुमति क्यों चाहिए थी। ईडी कहती है कि ग़ैरक़ानूनी काम हो रहा है, छत्तीसगढ़ चुनाव के लिए बाहर से पैसा आ रहा है। आपने अभी तक जांच शुरू नहीं की और चुनाव के समय आरोप लगाने लगे ताकि चुनाव में कांग्रेस का नुकसान हो। ईडी ने आरोपपत्र में जिन लोगों के नाम लिए हैं उनकी भूमिका साफ नहीं कर पाई है। कई अफसरों पर आरोप लगाया है कि लेकिन चार्जशीट में उनका संबंध महादेव एप से नहीं बताया है। कांग्रेस नेता ने कहा, इतना बड़ा घोटाला हो रहा था, तो ईडी क्या कर रही थी। एप को तीन दिन पहले क्यों बैन किया। साफ है भाजपा की हार को बचाने के लिए ये सब किया जा रहा है। मोदी सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं को ख़त्म कर दिया है। हमने चुनाव आयोग से संरक्षण मांगा है और मांग की है कि ईडी की मनमानी बंद हो।

**छत्तीसगढ़िया कमजोर ...**

`नामांकन के दौरान मेरे साथ उपस्थित एवं मेरी निर्वाचन प्रक्रिया में आधिकारिक व्यय लेखक की भूमिका निभा रहे सुरेश धिंगानी जी के यहां ईडी को भेज दिया है। बघेल ने आगे लिखा, पाटन विधानसभा की जनता को डराने की कोशिश में वैसे ही विफलता मिलेगी, जैसी कल 20 सीटों पर मतदान में भाजपा को मिली है। छत्तीसगढियों को कमजोर और कायर मत समझो साहेब, अपना चावल खाते हैं, वो भी पूरे स्वाभिमान से। बात हे अभिमान के, छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान के।

**ईडी व भाजपा ने मिलकर ...**

आरोप लगाना साफ करता है कि ईडी का प्रेस नोट भाजपा की साजिश है। महादेव एप्प को भाजपा का पूरा संरक्षण है, केंद्र सरकार और भाजपा के संरक्षण में ही महादेव एप्प चल रहा है। युसूफ पुट्टी के साथ दुबई कौन से भाजपा नेता गये थे इसकी जांच होनी चाहिये? रमन सिंह के बेटे अभिषेक सिंह और रमन के पूर्व 3 नौकरशाह का बेटा दुबई क्यों जाते है इसका जवाब दें? रमन सिंह, अभिषेक सिंह के पासपोर्ट को सार्वजनिक करें। भाजपा नेताओं की महादेव एप्प में संलिप्तता और संरक्षण का यह बड़ा उदाहरण है। मुख्यमंत्री की छवि खराब करने की कोशिश है। ईडी लगातार कांग्रेस सरकार को बदनाम करने का षडयंत्र केंद्र के इशारे पर कर रही है। अब तो इस मामले में भाजपा नेताओं के साथ उसकी सांठगांठ उजागर हो चुकी है।छत्तीसगढिया मुख्यमंत्री को बदनाम करने की भाजपा की साजिश बेनकाब हो गयी है।

**सभी बीस सीटें जीत रही कांग्रेस**

पहले चरण के चुनाव के बाद कांग्रेस ने बड़ा दावा किया है।कांग्रेस के मीडिया पर्यवेक्षक प्रमोद तिवारी ने कहा कि 20 में 20 सीटें कांग्रेस जीत रही है। डॉ. रमन सिंह भी चुनाव हार जाए तो आश्चर्य नहीं होगा।

**अमित शाह आज डभरा में करेंगे ...**

रही है। इधर स्थल निरीक्षण करने एडिशनल एसपी गायत्री सिंह दशहरा मैदान पहुंची और पार्किंग सहित आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। भाजपा ने आमसभा के लिए सारी तैयारी पूरी कर ली है। कवि वर्मा का दावा है कि गृह मंत्री अमित शाह की यह सभा ऐतिहासिक होगी। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के चाणक्य कहे जाने वाले अमित शाह 9 नवंबर को छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। वह डभरा के दशहरा मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा ने इसके लिए सारी तैयारी पूरी कर ली है। बता दें कि बीजेपी नेतृत्व छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने के लिए कड़ी मशक्कत कर रही है। छत्तीसगढ़ में पहले चरण के खत्म होने के बाद अब भाजपा दूसरे चरण की तैयारी में जुट गई है।

**जंगल में आदिवासियों की जमीन ...**

हमारा आपको पुराना रिश्ता है. आप इंदिरा गांधी को याद करते हो, जवाहर लाल नेहरू को याद करते हो, तो मेरा आपसे पुरा रिश्ता है. पीएम यहां आए. तब आपसे 15 लाख रुपये देने का वादा किया था. उन्होंने कहा था नोटबंदी से कालाधन मिट जाएगा, ऐसा हुआ नहीं. आप जानते हो सच और झूठ कौन बोलता है। बीजेपी पर साधा निशाना- राहुल गांधी ने कहा, 'हमने कहा है 3200 रुपये धान का मूल्य किसानों को मिलेगा. जो हम कर सकेंगे, कर के दिखा देंगे. आपको कहने की जरूरत नहीं पड़ेगी. पिछली बार की तरह इस बार फिर किसानों का कर्ज माफ होगा. बीजेपी आदिवासियों को वनवासी कहते हैं. दोनों शब्दों में काफी फर्क होता है. आदिवासी शब्द के अंदर आपका हक, जल जंगल जमीन का हक छिपा हुआ है.' राहुल गांधी ने कहा, 'बीजेपी चाहती है आप अंग्रेजी न सीखो. आपके सपने पूरा करने में हम आपकी मदद करेंगे.' राहुल गांधी बोले, 'कपड़े रीपीट नहीं करते पीएम मोदी. करोड़ों के सूट पहनते हैं, लेकिन जाति जनगणना पर आपने कहा कि यहां को सिर्फ एक ही जाती है. हिंदुस्तान को 90 अफसर चला रहे हैं. केंद्र के पास जाति जनगणना के आंकड़े हैं. लेकिन इन आंकड़ों को जनता को बताया नहीं जा रहा है. हर आदिवासी युवा को अपनी भागीदारी समझनी चाहिए. कांग्रेस की सरकार आने पर हम जाति जनगणना कराएंगे. बीजेपी झूठे वादे करती है.'

**सुपेला से पकड़ाया ...**

निवारण अधिनियम 1967 थाना एटीएस लखनऊ में पजीबद्ध अपराध के नामजद अभियुक्त वजीहउद्दीन वल्द वहीउद्दीन इदरीश पता फिरदौस नगर जनपद अलीगढ़ (उ.प्र.) हाल स्मृति नगर क्षेत्र थाना सुपेला के पता तलाश गिरफ्तारी हेतु भिलाई आई हुई थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा एवं नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर विश्व दीपक त्रिपाठी के निर्देश में थाना प्रभारी सुपेला व स्मृति नगर चौकी की टीम एटीएस उत्तर प्रदेश की टीम के साथ संयुक्त रूप से उक्त आरोपी के पता तलाश व गिरफ्तारी हेतु पिछले 24 घंटो से सर्च ऑपरेशन जारी रखी थी, जो दुर्ग पुलिस व एटीएस उ.प्र. की टीम के द्वारा मामले के आरोपी वजीहउद्दीन को सफलता पूर्वक टीम के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी उपरांत दुर्ग पुलिस के द्वारा आरोपी वजीहउद्दीन को एटीएस उ.प्र. के सुपुर्द कर दिया गया है, जो उनके द्वारा आवश्यक न्यायालयीन प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी वजीहउद्दीन के द्वारा प्राथमिक पूछताछ में बताया है कि वे एसएएमयू स्टूडेंट आफअलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी से जुडा हुआ है। साथ ही ￼ की बैयत;शपथद्ध लेकर उक्त विचाराधारा का समर्थक व प्रचारक है। यह मोहम्मद रिजवान जो आईएसआईएस का सक्रिय सदस्य है। दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है, से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है। उक्त आरोपी को गिरफ्तार करने में एटीएस उ.प्र. की टीम के साथ थाना सुपेला से थाना प्रभारी दुर्गेश शर्मा, स्मृति नगर चौकी प्रभारी नवीन राजपूत, आरक्षक आत्मानंद कोसरे, गोपाल लाम्बा, आरक्षक जुनैद सिद्धीकी, महात्मा साहू, महिला आरक्षक नम्रता सिंह का विशेष योगदान रहा। अपराध क्रमांक थाना एटीएस लखनऊ का 13/23 धारा 121( ।), 122 भा.द.वि. व 13, 18 18(ठ) 38 विधि विरूद्ध क्रिया कलाप निवारणद्ध अधिनियम 1967 आरोपी. वजीहउद्दीन वल्द वहीउद्दीन इदरीश पता फिरदौस नगर जनपद अलीगढ़ उ.प्र. हाल स्मृति नगर क्षेत्र थाना सुपेला गिरफ्तार किया है।

**भिलाई में आईटी के बाद...**

पर जांच की जा रही है। हुकुमचंद गहलोत जिले के बड़े पटाखा व्यवसायी हैं तथा दीपावली पूर्व ही यहां खरीददारों की लंबी कतार देखी जाती रही है। उधर दूसरी तरफ ईडी के अफसर भिलाई के पदुमनगर स्थित धिंगानी फायर वर्क्स के संचालक सुरेश के घर 4 गाड़ियों में पहुँचे हैं। कुछ देर की पड़ताल और पूछताछ के बाद इस कारोबारी के बेटे विवेक को लेकर टीम गनियारी गोदाम भी पहुंची है। दूसरी तरफ हुकुमचंद हिम्मतचंद के गोदाम और ठिकानों पर आईटी टीम की पड़ताल के दौरान ही अभी अभी ईडी टीम भी पहुंच गई है। जानकारी मिली है कि भिलाई 3 में पुलिस पेट्रोल पंप के सामने स्थित दुकान और पदुम नगर स्थित घर पर कार्यवाही जारी है। इस परिवार का राजधानी के पंडरी रोड पर भी पटाखे की दुकान है। कुछ परिजन रायपुर मे भी निवासरत हैं। अभी इनकी घेरेबंदी की कोई खबर नहीं हैं । धिंगानी के ठिकानों पर ईडी ने बीते महीने भर में दूसरी बार दबिश दी है। ईडी की कार्यवाही को लेकर शहर में आज चर्चा का विषय बना रहा।

देव माइनिंग में ईडी की ...

पर चालू है। ईडी की इस कार्रवाई ने राजहरा के व्यापारियों में और आस पड़ोस में खलबली मचा दी है। मिली जानकारी के अनुसार लगभग 10 गाड़ियों में टीम पहुंची हुई थी। जानकारी मिल रही है कि देव मीनिंग के पार्टनर और मंत्री अनिला भेड़िया के काफी करीबी माने जाने वाले पियूष सोनी और धीरज जायसवाल भी इड़ी के घेरे में आ सकते हैं। उन पर भी जांच की कार्रवाई हो सकती है। इसी तरह जांच का दौरा कांकेर विधानसभा के बड़े बड़े दिग्गज नेताओं तक भी पहुंच सकता है। ईडी की कार्रवाई को देखकर लगता है कि कांग्रेस प्रत्याशियों के आसपास उनके करीबियों पर उनकी पैनी नजर है। अब आगे देखना यह है बालोद के और किन किन ठिकानों पर ईडी छापा मार सकती है।

न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. / / अ-6/ 2022-23

**पक्षकार** - विक्की कुमार संघई पिता जुगल किशोर संघई वगैरह ....... आवेदकगण

**बनाम**

हरगुन दास नागदेव पिता स्व. सी. एम.नागदेव वगैरह ........ अनावेदक गण

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विक्की कुमार संघई पिता जुगल किशोर संघई वगैरह निवासी सरजू बगीचा मसानगंज बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला मसानगंज शीट नं. 23 प्लाट नंबर 27/9 (शामिल 27/10) रकबा 335 व.फु. भूमि को अनावेदक हरगुन दास नागदेव पिता स्व. सी.एम.नागदेव वगैरह से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 10.10.2023 के आधार पर क्रय कर नामांतरण करने के लिए छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 27/11/2023 को न्यायालयीन समय में स्वत: उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम् से उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/ दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 08/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील

**नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. / / अ-6/ 2022-23

**पक्षकार** - विक्की कुमार संघई पिता जुगल किशोर संघई वगैरह .......... आवेदकगण

**बनाम**

हरगुन दास नागदेव पिता स्व. सी. एम.नागदेव वगैरह ...........अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विक्की कुमार संघई पिता जुगल किशोर संघई वगैरह निवासी सरजू बगीचा मसानगंज बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला मसानगंज शीट नं. 23 प्लाट नंबर 25/5 (शामिल 27/13) रकबा482.5 व.फु. भूमि को अनावेदक हरगुन दास नागदेव पिता स्व. सी.एम.नागदेव वगैरह से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 10.10.2023 के आधार पर क्रय कर नामांतरण करने के लिए छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 27/11/2023 को न्यायालयीन समय में स्वत: उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम् से उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/ दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 08/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील

**नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. / / अ-6/ 2022-23

पक्षकार - विक्की कुमार संघई पिता जुगल किशोर संघई वगैरह ........... आवेदकगण

**बनाम**

बृजलाल नागदेव पिता स्व. सी. एम.नागदेव वगैरह .......... .........अनावेदक गण

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विक्की कुमार संघई पिता जुगल किशोर संघई वगैरह निवासी सरजू बगीचा मसानगंज बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला मसानगंज शीट नं. 23 प्लाट नंबर 25/4 (शामिल 27/5) रकबा 928.5 व.फु. भूमि को अनावेदक बृजलाल नागदेव पिता स्व. सी.एम.नागदेव वगैरह से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 10.10.2023 के आधार पर क्रय कर नामांतरण करने के लिए छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 27/11/2023 को न्यायालयीन समय में स्वत: उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम् से उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/ दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 08/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील

**नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**नोटिस सूचना**

मैं जगेश्वर कैवर्त पिता मोहन लाल कैवर्त जाति केंवट निवासी पोड़ीकला तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. का रहने वाला हूं। जो कि मेरे नाम पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा तखतपुर में खाता संख्या 33147088496 संचालित है। मेरे बैंक कागजातों पर मेरा नाम ममता कैवर्त दर्ज है।

यह कि ममता कैवर्त मेरा घरेलू नाम है तथा मेरा वास्तविक नाम जगेश्वर कैवर्त है जो कि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य जगहों पर दर्ज चला आ रहा है तथा मुझे इसी नाम से सम्बोधित किया जाता है।

यह कि मेरे बैंक पासबुक में अंकित नाम ममता कैवर्त को सुधार करते हुए वास्तविक एवं सही नाम जगेश्वर कैवर्त कराना चाहता हूं। तत्संबंध में सूचना प्रकाशन बैंक पासबुक में नाम परिवर्तन किए जाने प्रकाशित किये जाने की कृपा करें।

दिनांक 06.11.2023

आवेदक

**जगेश्वर कैवर्त**

मो. 6268250242

फार्मेट सी-1
(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंटेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य

अभ्यर्थी का नाम और पता: विजय केशरवानी नर्मदा नगर बिलासपुर (छ.ग.)
राजनैतिक दल का नाम: इंडियन नेशनल कांग्रेस
**(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां निर्दलीय लिखें)**
निर्वाचन का नाम: विधानसभा छत्तीसगढ़
निर्वाचन क्षेत्र का नाम: 31 बेलतरा

मैं **विजय केशरवानी** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं:

**(क) लंबित आपराधिक मामले**

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| (1) | श्रीमान न्या.द.प्र. श्रेणी बिलासपुर श्रीमान गिरीश पाल साहब | खात्मा क्र. 50/20 30/10/20 | खात्मा लंबित पेशी ता. 29/04/24 | 147, 148, 186, 353, 294, भा.द.वि. |

**(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण**

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शो) की तारीख (खे) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दंड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
|---|---|---|---|
| | निरंक | निरंक | निरंक |

राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

# देश

**उवाच**

"बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई जैसे मुद्दों से भाजपा ध्यान भटकाना के लिए धर्म को हथियार बना रही है, लेकिन जनता समझ चुकी है। इस तरह के हथकंडों से भाजपा को कोई फायदा नहीं है। मध्य प्रदेश के भाजपा नेतृत्व से केंद्रीय नेतृत्व ही नहीं जनता भी नाराज है।

–दिग्विजय सिंह,कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 29 | 19 |
| मुंबई | 29 | 26 |
| कोलकाता | 27 | 2 |
| चेन्नई | 28 | 27 |

# मध्य प्रदेश में बागियों से कांग्रेस-भाजपा परेशान

- राज्य में 25 सीटें ऐसी जहां भाजपा-कांग्रेस के बागियों ने ही दे रखी है चुनौती
- त्रिकोणीय मुकाबले ने दोनों दलों के लिए खड़ी कीं मुश्किलें

**भोपाल,**8 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार अपने चरम पर पहुंच गया है। भाजपा और कांग्रेस राज्य की सत्ता पर काबिज होने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। हर दूसरे दिन एक सर्वे रिपोर्ट आ रही है इनमें कभी भाजपा तो कभी कांग्रेस की प्रदेश में प्रदेश में सरकार बनते दिख रही है। सट्टा बाजार में भी दोनों पार्टियों के भाव शेयर मार्केट की तरह उतार-चढ़ाव पर हैं। ऐसे में अब सभी की नजर मतदाताओं पर टिकी हुई है। राज्य की 230 विधानसभा सीटों में त्रिकोणीय संघर्ष वाली सीटों ने चुनाव को दिलचस्प बना दिया है। राज्य में करीब 25 ऐसी सीटें हैं जहां भाजपा और कांग्रेस के बागियों ने ही चुनौती दे रखी है।

इनके अलावा सपा-बसपा और आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार भी इन सीटों पर परेशानी बने हुए हैं। ये सभी सीटें बहुमत का आंकड़ा जुटाने में भी निर्णायक साबित होंगी। नर्मदापुरम जिले की होशंगाबाद विधानसभा क्षेत्र में भाजपा ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा तो कांग्रेस ने उनके बड़े भाई गिरिजाशंकर शर्मा को मैदान में उतारा है।

भाजपा के असंतुष्टों ने पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता भगवती चौरे को मैदान में उतारा है। इसी तरह का रोचक मुकाबला गुना जिले की चाचौड़ा सीट पर भी नजर आ रहा है। यहां भाजपा से प्रियंका मीना को टिकट देने के बाद ममता मीना नाराज हो गईं। मीना आप की टिकट पर



मैदान में उतर गई हैं। वहीं, कांग्रेस से विधायक लक्ष्मण सिंह फिर मैदान में हैं।

### विंध्य में भाजपा के लिए ज्यादा मुश्किल

विंध्य क्षेत्र में भी कुछ ऐसे ही नजारा देखने को मिल रहा है। विंध्य अंचल की सीधी सीट से विधायक केदारनाथ शुक्ला का भाजपा से टिकट कट जाने के कारण वह निर्दलीय मैदान में हैं। वह भाजपा की प्रत्याशी रीति पाठक और कांग्रेस के ज्ञान सिंह को चुनौती दे रहे हैं। चुरहट सीट पर भी पूर्व सांसद गोविंद सिंह के पुत्र अनेंद्र मिश्र राजन ने मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। यहां कांग्रेस से पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह उम्मीदवार हैं। मैहर से भाजपा विधायक नारायण त्रिपाठी का टिकट कटने के बाद वे अपनी विंध्य जनता पार्टी से कांग्रेस-भाजपा प्रत्याशियों को टक्कर दे रहे हैं। डिंडौरी सीट पर जिला पंचायत अध्यक्ष और पूर्व कांग्रेस नेता रुद्रेश परस्ते ने निर्दलीय मैदान में उतरकर मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। शहडोल संभाग की जयसिंहनगर, जैतपुर और कोतमा सीटों पर भी त्रिकोणीय मुकाबला है। मंडला की बिछिया सीट पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से कमलेश टेकाम भाजपा के डॉ. विजय आनंद मरावी और कांग्रेस से नारायण सिंह पट्टा के सामने चुनौती पेश कर रहे हैं। वहीं प्रदेश के सिवनी जिले की चार विधानसभा सीटों बरघाट, सिवनी, केवलारी और लखनादौन पर इस बार कुल 46 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें निर्दलीय प्रत्याशियों की संख्या 25 है। वहीं 21 प्रत्याशी मान्यता प्राप्त पंजीकृत राजनैतिक दलों से हैं। सिवनी जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 10 लाख 74 हजार 62 है। इसमें पुरुष मतदाता 5,41,001, महिला मतदाता 5,33,043 और थर्ड जेंडर 18 तथा नए जुड़े युवा मतदाताओं की संख्या 49,012 है। जिले में विधानसभा चुनाव के लिए कुल 1406 मतदान केंद्र बनाये गए हैं। विधानसभा क्षेत्र लखनादौन में सबसे अधिक मतदान केंद्र 407 बनाये गए हैं। जिले के विधान सभा क्षेत्र बरघाट में इस बार कुल मतदाता 243723, सिवनी में 274945, केवलारी में 260521, लखनादौन में 294873 हैं। विधानसभा क्षेत्र बरघाट अजजा के लिए आरक्षित है।

यहां कुल 10 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं, जिसमें कांग्रेस से अर्जुन सिंह काकोडिया, भाजपा से कमल मर्सकोले, बसपा से किरण मरकाम, संयुक्त क्रांति पार्टी से अनिल सिंह गोंड, राष्ट्रीय गोंडवाना पार्टी से राजकुमार सरयाम, महाकौशल राष्ट्रीय पार्टी से राजकुमारी धुर्वे, बहुजन मुक्ति मोर्चा से सावन कुमार तथा तीन निर्दलीय अजय परते, यशपाल भलावी एवं सुनील उईके के नाम शामिल है। इस सीट पर पिछले चुनाव में कांग्रेस से अर्जुन सिंह काकोडिया जीत कर आए थे।

### ग्वालियर चंबल संभाग में बागी से सब परेशान

ग्वालियर-चंबल अंचल में भिंड जिले की लहार विधानसभा सीट से भाजपा के बागी रसाल सिंह बसपा, अटेर से मुन्ना सिंह भदौरिया सपा, भिंड विधानसभा सीट से संजीव सिंह कुशवाह बसपा और मुरैना विधानसभा सीट से भाजपा के बागी राकेश रुस्तम सिंह बसपा से चुनाव मैदान में हैं। जबकि सुमावली सीट से कांग्रेस के बागी कुलदीप सिकरवार और दिमनी से बलवीर डंडोतिया बसपा के टिकट पर मैदान में डटे हैं। शिवपुरी के पोहरी से कांग्रेस के बागी प्रद्युमन वर्मा बसपा से चुनाव लड़ रहे हैं। बुंदेलखंड के जतारा में कांग्रेस से बागी धर्मेंद्र अहिरवार बसपा, सागर जिले के बंडा विधानसभा में भाजपा से बगावत कर सुधीर यादव ने आप से उतरकर मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। इंदौर जिले की डॉ.आंबेडकर नगर महू विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की ओर से मंत्री ऊषा ठाकुर उम्मीदवार हैं, तो कांग्रेस से रामकिशोर शुक्ला। कांग्रेस के पूर्व विधायक अंतर सिंह दरबार निर्दलीय लड़ रहे हैं। जबकि धार विधानसभा क्षेत्र में भाजपा—कांग्रेस के बागी मैदान में नजर आ रहे हैं। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव यादव निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा ने विधायक नीना वर्मा पर ही भरोसा जताया है। कांग्रेस ने प्रभा गौतम को उम्मीदवार बनाया है, जिससे नाराज होकर प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह बुंदेला निर्दलीय खड़े हैं। बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मंत्री अर्चना चिटनिस को टिकट देने के विरोध में पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष स्व. नंदकुमार सिंह चौहान के बेटे हर्षवर्धन सिंह चौहान निर्दलीय चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस ने विधायक सुरेंद्र सिंह शेरा को प्रत्याशी बनाया है।

# नामांकन खारिज हुआ तो टॉवर पर जा चढ़ा निर्दलीय प्रत्याशी

- नीचे उतारने में पुलिस के छूटे पसीने
- राजनीतिक द्वेष के कारण नामांकन रद्द करवाने का लगाया आरोप

**दौसा,** 8 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान के दौसा के बांदीकुई में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में दावेदारी कर रहे एक उम्मीदवार का नामांकन खारिज हो गया। इस बात से नाराज हो कर वह मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया। दावेदार का कहना है कि साजिश के तहत उसका नामांकन निरस्त किया है। उसने सही प्रकार से नामांकन भरा था। जानकारी के अनुसार, निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विनोद सैनी (43) ने सोमवार को नामांकन भरा था। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान उसका नामांकन निरस्त हो गया। उसके बाद वह दोपहर 2.30 बजे गुढ़लिया वास रेलवे फाटक के पास स्थित मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया। विनोद सैनी का कहना है कि नामांकन जांच के दौरान उसे किसी प्रकार की सूचना नहीं दी गई। पीछे से उसका नामांकन निरस्त कर दिया। जबकि उन्होंने ठीक प्रकार से नामांकन भरा था। सैनी ने आरोप लगाया कि एक प्रत्याशी की साजिश पर उनका नामांकन निरस्त किया है। इस दौरान विनोद



सैनी ने नारेबाजी कर रोष जताया। वहीं, मौके पर पहुंचे लोगों ने विनोद सैनी को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे नहीं माने। उनका कहना था कि उनका गलत तरीके से नामांकन निरस्त किया है। इस मामले में कार्रवाई होनी चाहिए। इसके साथ ही विनोद सैनी ने एक वीडियो वाट्सएप पर शेयर करते हुए कहा कि मैं 1998 से स्ट्रगल कर रहा हूं। बढ़त-बढ़ते बच्चों को पढ़ा रहा हूं। मेरे इस क्षेत्र में एक हजार स्टूडेंट हैं जो सरकारी सेवा में हैं। कुछ ऐसे लोग हैं जो बहुत अच्छे जॉब कर रहे हैं या बिजनेस कर रहे हैं। सबको पता चल गया कि इसका मामला बहुत ज्यादा है, यह चुनाव जीत रहा है।

### बताने के बाद भी कॉलम नहीं भरे

इस संबध में एसडीएम नीरज मीणा का कहना है कि नामांकन के शपथ पत्र में प्रारूप 26 के सभी कॉलम भरने पड़ते है। विनोद सैनी के नामांकन में पांच से अधिक कॉलम खाली थे। नामांकन भरने के दौरान इन्हें बताया गया था। साथ ही नामांकन जांच के दौरान मंगलवार सुबह 11 बजे तक खाली कॉलम भरने के लिए कहा गया था। लेकिन विनोद सैनी ने खाली कॉलम नहीं भरे। इससे नामांकन निरस्त कर दिया।

## सार संक्षेप

### मप्र में तीन सभाओं को संबोधित करेंगे मोदी

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार के तहत यहां तीन चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। पार्टी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी सतना, दोपहर एक बजे छतरपुर एवं शाम साढ़े चार बजे नीमच में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री ने बुधवार को भी राज्य में तीन सभाओं को संबोधित किया। यह सभाएं दमोह, गुना और मुरैना में हुईं। प्रधानमंत्री राज्य में लगातार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इसी संबंध में उनकी लगातार सभाएं हो रहीं हैं। राज्य में आगामी 17 नवम्बर को मतदान होना है। इसके पहले इन दिनों चुनाव प्रचार जोरों पर है।

### सड़क दुर्घटना में तीन मतदान कर्मियों की मृत्यु

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ में एक सड़क दुर्घटना में बुधवार को जगदलपुर-रायपुर मार्ग पर तीन मतदान कर्मियों की मौत हो गई। केशकाल थाना प्रभारी आनंद सोनी ने बताया कि तीन मतदान कर्मचारी जिनकी ड्यूटी केशकाल विधानसभा में लगा हुआ था, मतदान संपन्न कराकर कोंडागांव जिला मुख्यालय में मत पेटियां जमाकर एक वाहन में सवार होकर केशकाल की ओर आ रहे थे, बुधवार सवेरे जगदलपुर-रायपुर मार्ग पर बहिगांव के पास टक-बोलेरो के बीच जबरदस्त टक्कर से तीनों मतदान कर्मियों की मौत हो गई। मृतकों में शिक्षक शिव नेताम बेड़मा, शिक्षक संतराम नेताम, धनोरा तथा हरेन्द्र उइके शामिल है।

### राजस्थान में सपा देगी कांग्रेस को चुनौती

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने मध्य प्रदेश के बाद राजस्थान में भी पांच उमीदवार उतार कर कांग्रेस के सामने चुनौती खड़ी कर दी है। समाजवादी पार्टी राजस्थान की प्रदेश अध्यक्ष वंदना यादव ने बताया कि हमारी पार्टी यहां पर पांच सीटों पर चुनाव लड़ रही है। सपा ने यहां अलवर जिले की राजगढ़-लक्ष्मणगढ़, थानागाजी, धौलपुर, नदबई और नगर सीट पर प्रत्याशी उतारे हैं। हमें उम्मीद है कि पार्टी यहां अच्छा प्रदर्शन करेगी।

### सख्त पहरे में रखी गई ईवीएम मशीनें

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पहले चरण के तहत कबीरधाम जिले की पंडरिया व कवर्धा विधानसभा मतदान हुआ। देर रात तक मतदान दल ने सामग्री जमा की। वहीं बुधवार को भारत निर्वाचन आयोग के सामान्य प्रेक्षक अजय कुमार गुप्ता, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जन्मेजय महोबे, रिटर्निंग अधिकारी और प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कवर्धा एवं पंडरिया विस क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में मतदान के लिए उपयोग में लाई गई ईवीएम मशीन को स्ट्रांग रूम में सीलिंग की गई।

# राजस्थान से 240 प्रत्याशियों के नामांकन खारिज

**जयपुर,** 8 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान के विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों के नामांकन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। सोमवार छह नवम्बर को नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन था। इसके बाद मंगलवार सात नवम्बर को नामांकन पत्रों की जांच की गई। प्रदेश में 2,605 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए थे। इनमें से 240 प्रत्याशियों के नामांकन खारिज हो गए हैं यानी यह चुनाव मैदान से बाहर हो गए हैं। सबसे ज्यादा नामांकन पत्र जयपुर शहर के आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से खारिज हुए हैं। यहां 31 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे, लेकिन अब 22 रह गए हैं।

वहीं, प्रदेश के दो सौ विस क्षेत्र में से 77 ऐसे हैं, जहां एक भी प्रत्याशी का नामांकन पत्र खारिज नहीं हुआ। नामांकन पत्र खारिज होने वालों में कोई बड़ा नाम अभी तक सामने नहीं आया है। नामांकन पत्रों की जांच के बाद अब आज से नाम वापसी का सिलसिला शुरू होगा। नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशी अगर चुनाव नहीं लड़ना चाहते तो कल यानी नौ नवम्बर तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच ही मुख्य तौर पर मुकाबला दिख रहा है। ऐसे में दोनों ही दलों के नेता अलग-अलग सीटों पर बागियों को मनाने में जुटे हुए हैं। दोनों दल 50 से ज्यादा सीटों पर बगावत झेल रहे हैं। इन्हें मनाने के लिए दोनों ही दलों के बड़े नेता जी जान से जुटे हुए हैं। कांग्रेस में खुद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत केंद्रीय नेता मुकुल वासनिक और प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा यह काम देख रहे हैं।

## आसिफाबाद में आयोजित आशीर्वाद जनसभा में केसीआर की अपील

# विकासशील तेलंगाना राज्य को आगे बढ़ाने में दें सहयोग

**आसिफाबाद,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने बुधवार को आसिफाबाद में आयोजित आशीर्वाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बीआरएस तेलंगाना के लोगों के अधिकारों और राज्य गठन के लिए पैदा हुई पार्टी है। कांग्रेस पार्टी ने मौजूदा तेलंगाना को नष्ट कर दिया और उसे जबरन आंध्र में मिला दिया। 14 वर्षों तक यह पार्टी अनवरत संघर्ष करती रही। अंत में कांग्रेस पार्टी ने धोखा देने की कोशिस की तो मैं यह कहते हुए आमरण अनशन पर बैठ गया कि केसीआर तेलंगाना देंगे। इस आमरण अनशन के बाद तेलंगाना मिल सका। इसके पहले पचास वर्षों तक देश पर शासन करने वाली कांग्रेस और पिछले दस वर्षों में बीआरएस शासन काल में कितना विकास हुआ, यह सभी जानते हैं। हम किसानों के कल्याण के लिए रायथु बंधु को दस हजार से बढ़ाकर सोलह हजार करेंगे। विकासशील तेलंगाना को आगे बढ़ाने के लिए मैं आपसे बीआरएस उम्मीदवार कोआ लक्ष्मी को भारी बहुमत से जिताने और कार चुनाव चिह्न के लिए वोट करने का अनुरोध करता हूं। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि आदिवासी बच्चों और गरीबों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए बीआरएस सरकार द्वारा दूरदराज के इलाके आसिफाबाद को एक जिले के रूप में स्थापित किया गया है। मैंने जिले का नाम महान योद्धा कोमरंभिम के नाम पर कोमरंभिम आसिफाबाद रखा



**कांग्रेस ने धोखा देने की कोशिश की तो आमरण अनशन पर बैठा तब मिला तेलंगाना : केसीआर**

**बीआरएस उम्मीदवार कोआ लक्ष्मी को वोट देने की अपील की**

है, जिन्होंने जल, जंगल, जमीन के नारे के साथ तेलंगाना के लिए लड़ाई लड़ी थी। जिस क्षेत्र में कोमरंभिम ने लड़ाई लड़ी, उसे पूर्ववर्ती सरकार ने नजरअंदाज कर दिया था। लेकिन 2014 के बाद कोमरंभिम के नाम पर शानदार स्मारक बनवाया बनाया गया है। बीआरएस सरकार ने भव्य कलेक्टरेट और एसपी कार्यालय बनवाया है। उन दिनों जब इस क्षेत्र में बरसात का मौसम आता था, पहाड़ी की चोटी पर घर होते थे, पहाड़ी के नीचे नालों का पानी होता था, प्रदूषित पानी पीने से कई लोग संक्रामक रोगों से मर जाते थे। इसकी खबरें अखबारों में छपती थी। अब आसिफाबाद में एक मेडिकल कॉलेज और सैकड़ों बिस्तरों वाले अस्पताल की स्थापना का सौभाग्य मिला है, जिसके बारे में किसी ने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। कांग्रेस के 58 वर्षों के शासनकाल में सूखा, पलायन, बिजली, सिंचाई और पेयजल की समस्या से हमें बहुत नुकसान हुआ। कांग्रेस के शासन काल में जितनी अराजकता हुई, आप सभी जानते हैं।

### कल्याणकारी कार्यक्रम चलाए जाने का किया दावा

मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 200 रुपये पेंशन देने की बात कही तो बीआरएस सरकार ने इसे बढ़ाकर 2000 रुपए कर दिया। मार्च के बाद पेंशन होगी तीन हजार,फिर प्रति वर्ष 500 रुपए बढ़कर पांच हजार रुपये पेंशन मिलेगा। हमने अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए 1200 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जैसा पहले किसी ने नहीं किया। हमने आवासीय विद्यालय स्थापित किए हैं। हम कई कल्याणकारी कार्यक्रम चला रहे हैं। कांग्रेस ने बीआरएस सरकार द्वारा लागू किए जा रहे कार्यक्रम पूर्व में क्यों नहीं लागू किए उनका ऐसा करने का कोई इरादा नहीं है। हमने आसिफाबाद क्षेत्र में चेक डैम बनाए हैं। भूजल स्तर बढ़ रहा है और किसान ज्यादा खेती कर रहे हैं।

# तेलंगाना के खम्मम में कांग्रेस उम्मीदवार के घर ली गई तलाशी

- चुनाव आयोग ने की आदर्श आचार संहिता के संभावित उल्लंघन की जाच

**खम्मम/तेलंगाना ),** 8 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय निर्वाचन आयोग के अधिकारी और पुलिस ने बुधवार को पूर्व मंत्री और खम्मम विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार तुम्मला नागेश्वर राव के घर पर तलाशी ली। खबर लिखे जाते समय भी चुनाव आयोग और स्थानीय पुलिस के उड़नदस्तों की दो टीमें खम्मम शहर में पूर्व मंत्री के परिसरों की तलाशी लेती रहीं। वे आदर्श आचार संहिता के संभावित उल्लंघन की जांच कर रही हैं। तलाशी के समय नागेश्वर राव घर पर नहीं थे। राज्य विधानसभा के 30 नवम्बर को होने वाले चुनाव के लिए टिकट न मिलने से नाराज राव हाल ही भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) छोड़कर कांग्रेस में




शामिल हुए थे। कांग्रेस पार्टी ने नागेश्वर राव को खम्मम से मैदान में उतारा है, जहां परिवहन मंत्री पी. अजय कुमार बीआरएस उम्मीदवार के रूप में फिर से चुनाव लड़ रहे हैं। तलाशी से कुछ घंटे पहले ही खम्मम जिले के पलेरू से कांग्रेस उम्मीदवार पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने कहा था कि उनके, उनके परिवार के सदस्यों, उनके समर्थकों और जिले के अन्य प्रमुख कांग्रेस नेताओं के खिलाफ आईटी तलाशी होने की संभावना है।

उन्होंने आरोप लगाया था कि भाजपा और बीआरएस ने मिलकर कांग्रेस नेताओं पर छापेमारी के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल किया था। उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा कि इन छापों से पता चलता है कि कांग्रेस तेलंगाना में चुनाव जीत रही है। कांग्रेस अभियान समिति के सह-अध्यक्ष श्रीनिवास रेड्डी ने टिप्पणी की कि कांग्रेस नेताओं को अगले कुछ दिनों में कठिन समय का सामना करना पड़ेगा। पूर्व सांसद ने नेताओं से कहा कि वे छापेमारी से चिंतित न हों।

# एक माह में 530 करोड़ की अवैध सामग्री जब्त

**जयपुर,** 8 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में आगामी 25 नवम्बर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लगने के बाद करीब एक महीने में प्रदेश में 530 करोड़ रुपए मूल्य की अवैध शराब, नगदी एवं अन्य सामग्री जब्त की गई है जो गत विधानसभा चुनाव के समय की जब्ती से अब तक 758 प्रतिशत से अधिक हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता के अनुसार प्रदेश में अलग-अलग एजेंसियों की ओर से जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। इस दौरान 23 जिले ऐसे है जहां दस करोड़ से अधिक अवैध सामग्री जब्त की गई। गुप्ता ने बताया कि इस दौरान सर्वाधिक 86.18 करोड़ रुपए मूल्य की अवैध सामग्री जयपुर जिले में जब्त की गई। इसी तरह अलवर में 31.40 करोड़, बूंदी में 22.16 करोड़ जोधपुर में 21.93 करोड़, उदयपुर में 21.29 करोड़, बीकानेर में 20.50 करोड़, नागौर में 20.15 करोड़ , चित्तौड़गढ़ में 19.92 करोड़, भीलवाड़ा में 19.90 करोड़, गंगानगर में 18.25 करोड़, कोटा में 17.18 करोड़, हनुमानगढ़ में 15.96 करोड़, हनुमानगढ़ में 15.96 करोड़, बाड़मेर में 15.86 करोड़, बांसवाड़ा में 14.93 करोड़, सीकर 14.85 करोड़, टोंक में 12.50 करोड़, अजमेर में 11.54 करोड़, भरतपुर में 11.37 करोड़ एवं दौसा में 11 01 करोड़ रुपए की अवैध सामग्री जब्त की गई।

# विस चुनाव में भाजपा की झूठ बोलने की शक्ति बढ़ी : कांग्रेस

**भोपाल,** 8 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने भाजपा पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा है कि चुनाव में भाजपा की झूठ बोलने की शक्ति कई गुना बढ़ गई है। साथ ही कमलनाथ ने कोटवारों को पदनाम देने का भी वादा किया है। कमलनाथ ने कांग्रेस सरकार की किसान कर्ज माफी का जिक्र करते हुए कहा कि चुनावी मौसम में भारतीय जनता पार्टी की झूठ बोलने की शक्ति कई गुना बढ़ जाती है। भाजपा के नेता पूरी बेशर्मी से सार्वजनिक मंचों से कह रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी ने किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। लेकिन यह देखिए विधानसभा में कांग्रेस विधायक बाला बच्चन के सवाल के जवाब में शिवराज सिंह चौहान के कृषि मंत्री कमल पटेल ने खुद स्वीकार किया है कि कांग्रेस सरकार ने करीब 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया। उन्होंने आगे कहा कि इस जवाब से यह भी स्पष्ट हो जाता है कि एक तरफ जहां कांग्रेस ने 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया, वहीं भाजपा ने सत्ता में आते ही किसानों की कर्ज माफी बंद कर दी। भाजपा और शिवराज सिंह चौहान किसानों के दुश्मन हैं। यह खुद तो किसानों की भलाई का कोई काम कर नहीं सकते और अगर कांग्रेस किसानों को कोई फायदा पहुंचाती है तो उसे बर्बाद करने में पूरी ताकत लगा देते हैं। जनता को अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि कांग्रेस पार्टी किसानों से जो वादे करती है, उन्हें हर कीमत पर पूरा करती है और भाजपा आज चुनाव के समय जो वादे कर रही है, उन्हें कभी नहीं निभाएगी। उन्होंने आगे कहा कि खुशहाल कर्मचारी से खुशहाल मप्र के नवनिर्माण के लिए मैं वचनबद्ध हूं। मध्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर सरकार के पहले प्रतिनिधि हमारे कोटवार भाई-बहन होते हैं।



**कोटवारों को पदनाम देने का किया वादा**

## राजनीति

### राजस्थान में कोटा संभाग की 17 विधानसभा सीटों पर राजनीतिक दलों की टिकीं निगाहें

# हाड़ोती में भाजपा को पुराने तो कांग्रेस को नए चेहरों से उम्मीदें

**कोटा, 8 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान आगामी 25 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव में कोटा संभाग की 17 विधानसभा सीटों में भारतीय जनता पार्टी पुराने चेहरों पर निर्भर है तो कांग्रेस ने कुछ सीटों पर नए चेहरों पर भाग्य आजमाया है। कोटा जिले की सांगोद, पीपल्दा तो झालावाड़ जिले की झालरापाटन सीट इनमें प्रमुख है।**

- कोटा जिले की सांगोद, पीपल्दा तो झालावाड़ जिले की झालरापाटन सीट इनमें प्रमुख

हालांकि भाजपा ने भी पीपल्दा और बारां जिले की बारां-अटरू विधानसभा सीट पर नए चेहरों को चुनाव मैदान में उतारा है। कोटा जिले में कांग्रेस ने विधानसभा सीटों सांगोद और पीपल्दा में इस बार नए चेहरों पर दांव खेला है।

यह दोनों ही सीटें अभी कांग्रेस की कोटा जिले की छह में से उन तीन सीटों में शामिल है जहां से वर्तमान में भी कांग्रेस के ही विधायक हैं। इनमें से सामान्य वर्ग की पीपल्दा



विधानसभा सीट से कांग्रेस नेतृत्व ने मौजूदा विधायक रामनारायण मीणा का टिकट काटा है जो पूर्व में बूंदी जिले से विधायक रह चुके हैं और एक बार कुछ महीनों के लिए कोटा-बूंदी लोकसभा सीट से सांसद चुने गए थे। पिछले विधानसभा चुनाव में बिल्कुल नई सीट पीपल्दा से विधायक चुने जाने के बाद जी-तोड़ कोशिश करने के उपरांत भी वे अशोक गहलोत मंत्रिमंडल में जगह नहीं पा सके। हालांकि वे पूर्व में राजस्थान विधानसभा के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। कांग्रेस ने पीपल्दा से इस बार इस सीट पर एकदम नए और युवा चेहरे चेतन पटेल पर दांव खेला है। 31 वर्षीय चेतन पटेल ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में बहुत बढ़ चढ़ कर भाग लिया था और इसी दौरान कांग्रेस के बड़े नेताओं से नजदीकी संपर्क बनाने में कामयाब है जिसका लाभ उन्हें मिला। भाजपा ने भी यहां से नए चेहरे प्रेम गोचर को अपना प्रत्याशी बनाया। कोटा जिले की सांगोद में मौजूदा कांग्रेस विधायक और पूर्व में कैबिनेट मंत्री रह चुके भरत सिंह कुंदनपुर के चुनाव लड़ने में असमर्थता जताने के बाद यहां से कांग्रेस ने नए चेहरे के रूप में नए देहात अध्यक्ष बने भानु प्रताप सिंह को चुनाव लड़ाने का फैसला किया है जो कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र में युवक कांग्रेस के निर्वाचित अध्यक्ष भी रह चुके हैं लेकिन अब भरत सिंह उनके खिलाफ खड़े हो गए हैं क्योंकि भानु प्रताप सिंह उनके स्थान पर कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में उनकी प्राथमिकता में शामिल नहीं थे। वे सांगोद अध्यक्ष कुशल पाल सिंह या ब्लॉक अध्यक्ष पूजा सिंह कमोलर को टिकट दिलवाने चाहते थे लेकिन पार्टी की पसंद बने भानु प्रताप सिंह जिनके बारे में यह कहा जा रहा है कि उन्हें अंता से विधायक खान मंत्री प्रमोद जैन भाया के प्रयासों से टिकट मिला है और जैन से भरत सिंह की नाराजगी तो जगजाहिर है।

बिलासपुर, गुरूवार 9 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## दिल्ली-एनसीआर कैसे हो प्रदूषण मुक्त?

हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब व राजस्थान में बड़े पैमाने पर किसानों द्वारा पराली जलाने के कारण दिल्ली समेत एनसीआर कहे जाने वाले क्षेत्र के नागरिक भीषण वायु प्रदूषण की चपेट में आ गये हैं। हर साल सर्दियों के प्रारम्भ में आने वाले इस संकट से लोगों को मुक्ति कैसे मिले, इसके उपाय न तो पर्यावरण वैज्ञानिकों के पास हैं और न ही सरकारों के पास कि वे आखिर क्या करें। सम्बन्धित राज्य सरकारों की दिक्कत इसलिये बढ़ गई है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट इसे लेकर बहुत सख्त हो गया है। मंगलवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान उसने दिल्ली के समीपवर्ती राज्य सरकारों से कह दिया है कि इससे उसे कोई मतलब नहीं है कि वे पराली जलाने से रोकने के लिये क्या करती हैं और क्या नहीं- कोर्ट चाहती है कि यह तत्काल रुके। उसने साफ कह दिया है कि वह लाखों नागरिकों को जहरीली हवा में सांस लेकर मरते हुए नहीं देख सकती। इसलिये इस समस्या के लिये सर्वाधिक जिम्मेदार माने जाने वाले पंजाब की सरकार की इस दलील से भी संतुष्ट नहीं है कि पिछले वर्ष के मुकाबले पराली जलाने की घटना में 40 प्रतिशत की कमी आई है।

अब देखना यह है कि इस पर कुछ राजनैतिक खींच-तान, वाद-विवाद और कानूनी ज़िरह के बाद यह मामला अगले साल तक के लिये फिर ठंडे बस्ते में जाता है या केन्द्र व राज्य सरकारें मिलकर कोई स्थायी समाधान निकालती हैं ताकि इस क्षेत्र के नागरिक हर वर्ष तकरीबन महीने भर के लिये गैस चेंबर बन जाने वाले दिल्ली-एनसीआर में ही रहने के लिये अभिशप्त न रहें।

उल्लेखनीय है कि आसपास के हजारों किसानों द्वारा पुरानी फसल के अवशेषों को जलाने के कारण जिस बड़े पैमाने में धुआं उठता है वह स्वाभाविक रूप से ठंडे तापमान में बहुत ऊंचे आसमान में न जाकर नीचे बैठने लगता है। इसके कारण इस पूरे क्षेत्र में फैलने वाली हवा इतनी ज़हरीली हो जाती है कि लोगों का सांस लेना तक दूभर हो जाता है। कतिपय भौगोलिक व वैज्ञानिक कारणों से इसका घनत्व दिल्ली व एनसीआर में होता है। घनी बसाहट व वाहनों के निकलते धुएं का साथ पाकर दिल्ली सर्वाधिक प्रभावित होती है। किसी वार्षिक अनुष्ठान की तरह इस भयानक प्रदूषण पर कानूनी व सियासी विवाद शुरू हो गया है। पर्यावरणविद एमसी मेहता की 1985 में दायर एक याचिका की सुनवाई के सिलसिले में जस्टिस संजय किशन कौल व जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच में यह मामला विचाराधीन है।

पिछले लगभग एक हफ्ते से दिल्ली का हर साल की तरह यही आलम होने से सुप्रीम कोर्ट ने बहुत ही सख्त रवैया अपनाया जिसका अंदाजा उनके इन शब्दों से लगाया जा सकता है जिसमें उसने कहा कि 'यदि हमने अपना बुलडोजर चलाना शुरू किया तो रुकेंगे नहीं।' चूंकि पराली की समस्या के लिये पंजाब को सर्वाधिक जिम्मेदार माना जाता रहा है, कोर्ट ने इस राज्य को लेकर बहुत कड़े तेवर अपनाते हुए कहा कि वह राजनीति बंदकर आवश्यक कार्रवाई करे। साथ ही, सभी सम्बन्धित सरकारों को एक-दूसरे पर दोषारोपण करने से बचने और अपने-अपने राज्यों में पराली जलाने पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिये। पीठ का कहना था कि पंजाब सरकार चाहे जुर्माना लगाये या प्रोत्साहन दे, उसे पराली जलाने पर रोक लगानी होगी। जब पंजाब के महाधिवक्ता ने कहा कि जुर्माना लगाना कठिन है, तो बेंच ने तंज कसते हुए कहा कि 'जुर्माना लगाना कठिन हो सकता है परन्तु दिल्लीवासियों की सेहत बिगाड़ने में कोई दिक्कत नहीं होती।' शीर्ष कोर्ट को जब बताया गया कि किसानों को धान का उत्पादन न लेने के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है, तो इस पर कोर्ट ने सहमति जताई कि वैकल्पिक फसलें लेना अच्छा उपाय हो सकता है। धान की फसल की बजाय अन्य फसल लेने की बात इसलिये उठती है क्योंकि धान कटाई के बाद ही इसके अवशेषों (पराली) को जलाया जाता है ताकि रबी की फसलें ली जा सकें।

वैसे इस समस्या के राजनैतिक रंग लेने का एक बड़ा कारण यह है कि इसमें हरियाणा व उप्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं तो राजस्थान में कांग्रेस की। इस बार बुरे फंसे हुए हैं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जो पहले पंजाब को दोषी ठहराया करते थे परन्तु पिछले वर्ष वहां उनकी (आम आदमी पार्टी की) सरकार बन जाने से वे न तो अपनी सरकार की आलोचना कर पा रहे हैं, न ही बचाव। इसे उनकी आलोचना का सुअवसर जानकर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला कहते हैं कि 'सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश केजरीवाल के मुंह पर तमाचा है।' हालांकि आप ने कहा है कि शीर्ष कोर्ट जो भी निर्देश व सुझाव देगा, दिल्ली सरकार उनका पालन करेगी।

सुनवाई के दौरान धान की जगह वैकल्पिक फसलें लेने की जो बात कही गई है, वह एक आकर्षक सुझाव तो हो सकता है लेकिन इसकी प्रक्रिया बहुत लम्बी है जिसमें कई वर्ष लग जायेंगे। कहने मात्र से किसान धान की फसलें लेना नहीं छोड़ देंगे जब तक कि उनके पास धान की बिक्री से होने वाले आर्थिक लाभ के बराबर की कमाई सुनिश्चित न हो। पंजाब में धान लेने वाले किसानों की संख्या बहुत बड़ी है इसलिये यह सुझाव भी तत्काल में अमल में लाया जाना मुश्किल है। देखना यह है कि ये सरकारें अगली सुनवाई में क्या हल लेकर आती हैं, जो शुक्रवार, 10 नवम्बर को होगी; या फिर अगले करीब एक पखवाड़े तक दिल्ली-एनसीआर के निवासियों को गैस चेंबर में ही रहना होगा। उसके बाद तो वैसे ही पराली जलनी बंद हो जाती है।

# निराधार बातों में कमजोर होती देश की जड़ें

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की गहमागहमी, जातिगत जनगणना, नीतीश कुमार का बिहार विधानसभा में दिया गया बयान और फिर उस पर माफी, केदारनाथ धाम में राहुल और वरुण गांधी की मुलाकात जैसी खबरों के शोर में दो और खबरों पर नजर पड़ी। पहली, पुर्तगाल के प्रधानमंत्री एंटोनियो कोस्टा ने भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया और दूसरी, पिछले पांच सालों में यानी अप्रैल 2017 से जून 2022 तक मोदी सरकार के 16 मंत्रालयों ने पांच अंतरराष्ट्रीय सलाहाकार कंपनियों को 5 सौ करोड़ रूपयों का भुगतान किया है। इस बीच आठ नवंबर की तारीख आई तो नोटबंदी के सात साल पर भी सुर्खियां बननी चाहिए थी कि इन सात सालों में देश को पांच सौ के पुराने और हजार के नोट बंद करने का क्या फायदा मिला, लेकिन मुख्यधारा का मीडिया इस वक्त नोटबंदी का जिक्र कर मोदी सरकार के मुंह का जायका क्यों बिगाड़ेगा। अलबत्ता कांग्रेस ने जरूर इस मौके पर कुछेक चुभते हुए पोस्ट किए हैं। जैसे राहुल गांधी ने लिखा-

नोटबंदी एक सोची समझी साज़िश थी, रोज़गार तबाह करने की। श्रमिकों की आमदनी रोकने की। छोटे व्यापारों को खत्म करने की। किसानों को नुकसान पहुंचाने की। असंगठित अर्थव्यवस्था को तोड़ने की। 99 प्रतिशत आम भारतीयों पर हमला, 1 प्रतिशत पूंजीपति मोदी 'मित्रों' को फायदा। ये एक हथियार था, आपकी जेब काटने का- परम मित्र की झोली भर कर उसे 609 से दुनिया का दूसरा सबसे अमीर बनाने का!

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लिखा कि नोटबंदी के बाद मोदी जी ने 50 दिन मांगे थे, आज 7 साल हो गए। वो चौराहा तो नहीं मिला, देश को दोराहे पर ज़रूर खड़ा कर दिया। एक तरफ़ अमीर, अरबपति अमीर हो गया है, तो दूसरी ओर, गरीब और भी गरीब होता जा रहा है। आज 150 लोगों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है जिन्होंने नोटबंदी के चक्रवात को झेला! देश की अर्थव्यवस्था और विकास दर को गहरा धक्का लगा। एक ही झटके में लाखों छोटे व्यवसाय ठप्प पड़ गए। करोड़ों लोगों ने अपनी नौकरियां गंवाई। पाई-पाई जोड़कर जो हमारी गृह लक्ष्मी महिलाओं ने बचत जुटाई थी, वो ख़त्म हो गई। जाली नोट और बढ़ गए, 500 के जाली नोटों में पिछले साल ही 14प्रतिशत बढ़ोतरी हुई और 2000 के नोटों पर भी नोटबंदी लागू करनी पड़ी। (आरबीआई)। काले धन पर लगाम लगाने में विफ़ल रही मोदी सरकार। नकदी के चलन में 2016 से अब तक 83 प्रतिशत उछाल आया। पिछले 7 वर्षों में संपत्ति खरीदने वालों में से 76प्रतिशत को कीमत का एक हिस्सा नकद में चुकाना पड़ा। (स्थानीय सर्वे) मोदी सरकार की नोटबंदी आम नागरिकों के जीवन में एक गहरे ज़ख्म की तरह है, जिसकी मरहम-पट्टी वो आज तक कर रहें हैं।

कांग्रेस ने भी अपनी एक पोस्ट में एक वीडियो को साझा करते हुए इसे देश पर आक्रमण की तरह बताया है। अब ये हरेक की अपनी मर्जी है कि वह इन बातों को राजनीतिक बयानबाजी समझे या इसे मोदीजी का देशहित में किया गया ऐसा हवन माने, जिसमें किसी न किसी की बलि तो चढ़नी ही थी। लेकिन ये सवाल अपनी जगह बरकरार रहेगा कि आखिर नोटबंदी का फैसला, प्रधानमंत्री मोदी ने किससे पूछकर किया या किसके कहने पर किया। क्या नोटबंदी करने के पीछे जो तर्क दिए गए थे, वो सही साबित हुए। क्योंकि आतंकवाद खत्म नहीं हुआ इसका सबसे बड़ा सबूत 2019 का पुलवामा हमला है। अभी मई से मणिपुर में जो हालात बने हैं, उसमें अब मुद्दा केवल दो जातिगत समूहों के बीच हिंसा का नहीं रह गया है, बल्कि इसमें भ्रष्टाचार, आतंकवाद सारे तत्व शामिल दिखाई दे रहे हैं। अभी कुछ दिनों पहले ही खबर आई है कि छह महीनों की हिंसा में लूटे गए हथियारों में केवल 25 प्रतिशत हथियार ही बरामद हुए हैं। जबकि मुख्यमंत्री बीरेन सिंह अवैध हथियार रखने वालों पर कड़ी कार्रवाई की बात करते रहे हैं। अब इसे भ्रष्टाचार न समझा जाए, तो फिर क्या कहा जाए। जो हथियार लूटे गए, वो कहीं न कहीं इस्तेमाल हो रहे होंगे और उनके लिए जो पैसों का लेन-देन हो रहा होगा, वो नकदी में ही होगा। इसका मतलब नोटबंदी जैसे फैसले का कोई असर नहीं हुआ, क्योंकि काला धन अब भी देश में घूम ही रहा है।

रिजर्व बैंक भी यही कह रहा है कि जाली नोटों में बढ़ोतरी हुई है, नकदी का चलन बढ़ा है। इसलिए जब श्री खड़गे मोदीजी के 50 दिन दे दो वाले बयान की याद दिला रहे हैं, तो इसे राजनीतिक आरोप की जगह देश की चिंता की तरह देखे जाने की जरूरत है।

प्रधानमंत्री मोदी की आदत है कि वे आज एक बात भूलकर कल उसे भूल जाते हैं। इस आदत के लिए ही जुमलेबाजी जैसे शब्द का इस्तेमाल हुआ है। देश का कोई समझदार नागरिक नहीं चाहेगा कि वह अपने निर्वाचित प्रधानमंत्री को 50 दिन का वक्त देकर चौराहे पर आने कहे। हमारे संविधान निर्माताओं के प्रताप से देश अब तक ऐसी अराजक स्थिति में आने से बचा हुआ है। प्रधानमंत्री भले लोगों की भावनाओं को भुनाने के लिए कुछ भी कहें और फिर भूल जाएं। लेकिन क्या लोगों को इतने बड़े फैसलों और उनके परिणामों को भूलना चाहिए। जो कौम अपने इतिहास से सबक लेकर वर्तमान को सुधार नहीं सकती, उसका भविष्य खतरे में ही रहेगा। 2016 में लिए फैसले को हम धर्म या जाति के नाम पर खड़े किए मुद्दों में भूल जाएं तो हम अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारेंगे।

> **श्री मोदी ने नोटबंदी के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत, स्टैंडअप भारत जैसे अभियान भी चलाए। लेकिन देश के 16 मंत्रालय अगर आत्मनिर्भरता से काम करने की जगह विदेशी सलाहकार कंपनियों से सलाह ले और उसके लिए 5 सौ करोड़ का भुगतान करे तो क्या इसे सरकार की विफलता नहीं कहा जाना चाहिए।**

श्री मोदी ने नोटबंदी के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत, स्टैंड अप भारत जैसे अभियान भी चलाए। लेकिन देश के 16 मंत्रालय अगर आत्मनिर्भरता से काम करने की जगह विदेशी सलाहकार कंपनियों से सलाह ले और उसके लिए 5 सौ करोड़ का भुगतान करे तो क्या इसे सरकार की विफलता नहीं कहा जाना चाहिए। पेट्रोल और ऊर्जा से लेकर नीति आयोग और आधार परियोजना तक कई कामों के लिए प्राइस वाटरहाउस कूपर्स, डेलॉइट, अर्न्स्ट एंड यंग, केपीएमजी और मैकेन्सी जैसी कंपनियों की सेवाएं ली गई हैं। इंडियन एक्सप्रेस की खबर के मुताबिक 2024-25 के बजट के पहले वित्त मंत्रालय ने सभी मंत्रालयों को पत्र लिखकर जानकारी मांगी है कि किसने किस सलाहकार कंपनी की सेवाएं लीं, किस आधार पर लीं, और कब तक के लिए ली हैं। अब पाठक खुद विचार करें कि एक ओर केंद्र सरकार लाखों रिक्त पदों को भर नहीं रही है। यानी हमारे देश के योग्य युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा। बदले में कुछेक हजार नियुक्ति पत्र बांटने का काम अब प्रधानमंत्री कर रहे हैं। कई सार्वजनिक निकायों को घाटे का रोना रोते हुए निजी हाथों में सौंपा गया है और उनमें भी अधिकतर पर एक ही औद्योगिक समूह का मालिकाना हक है। बेरोजगारों के लिए हर चुनाव में घोषणाएं और भत्ते देने का ऐलान हो रहा है, लेकिन विदेशी कंपनियों को सलाह के नाम पर सैकड़ों करोड़ बांटे जा रहे हैं। सरकार करोड़ों का ये खर्च भी जनता के टैक्स से ही उठा रही है। यानी जनता दोनों तरफ से घाटे में है। उसे कमाने के अवसर नहीं मिल रहे और जो थोड़ी बहुत कमाई है, वो आउटसोर्सिंग की भेंट चढ़ रही है।

श्री मोदी को हार्डवर्क और हार्वर्ड वाला तंज कसने में बहुत मजा आया होगा। लेकिन उनके मजे के चक्कर में देश सजा ही भुगत रहा है। अगले पांच साल भी पांच किलो मुफ्त अनाज मिलेगा, ऐसी घोषणा पर खुश होने की जगह सवाल होना चाहिए कि आखिर मांग कर खाने वाली हालत में जनता को क्यों पहुंचाया गया है। क्यों दस सालों में उसके लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता के ऐसे इंतजाम नहीं हुए कि वह इंसानी गरिमा के साथ जी सके। देश को आउटसोर्सिंग के साथ चलाकर आखिर कौन से गौरव की रक्षा सरकार कर रही है। और यहीं पहली खबर पर ध्यान जाता है कि महज एक आरोप के कारण पुर्तगाल के प्रधानमंत्री ने इस्तीफा दे दिया। हमारे यहां भी रेल मंत्री रहते हुए लालबहादुर शास्त्री ऐसी मिसाल कायम कर चुके हैं। लेकिन अब लोगों की कमजोर याददाश्त का फायदा उठाकर अगले साल भी मैं ही आऊंगा जैसी घोषणाएं लालकिले से हो रही हैं। पांच सौ और हजार के नोटबंद करने की सातवीं बरसी पर मोदीजी ने एक और ऐलान कर दिया है कि अपने तीसरे कार्यकाल में मैं देश को विश्व की अर्थव्यवस्था में सबसे ऊपर ले जाऊंगा। जो काम दो कार्यकाल में नहीं हो सका, उसे तीसरे कार्यकाल में करने के दावे का आधार क्या है, ये पता नहीं। ये सरकार ऐसी ही निराधार बातों पर चल रही है और देश की जड़ें कमजोर हो रही हैं।

# विश्वभर में डॉक्टरों के अनुसार प्रतिदिन छह घंटे का काम सर्वोत्तम विकल्प

■ डॉ अरुण मित्रा

ऐसा लगता है कि इंफोसिस के अध्यक्ष एनआर नारायण मूर्ति उस लोकप्रिय कविता को भूल गये हैं जो हमें स्कूल के दिनों में पढ़ाई गई थी। कविता का शीर्षक था -'द क्राई ऑफ द चिल्ड्रेन', और कवयित्री थीं एलिजाबेथ बैरेटब्राउनिंग। वह इंग्लैंड में चिमनी साफ करने वाले बच्चों की स्थिति को समर्पित थी जिन्हें खतरनाक उद्योगों में लंबे समय तक काम करवाया जाता था, जिसके परिणामस्वरूप अनेक गंभीर बीमारियों की चपेट में आने और अंततः जल्दी ही मर जाने की संभावनाएं थीं। कविता बच्चों पर उनके नियोक्ताओं द्वारा थोपे गये शारीरिक श्रम की जांच करती है। यह अगस्त 1843 में ब्लैकवुड पत्रिका में प्रकाशित हुई थी।

चार्ल्स डिकेंस ने भी 19वीं सदी के मध्य में इंग्लैंड में बच्चों से ली जाने वाली कड़ी मेहनत के बारे में लिखा है। लेकिन उसके बाद से इंग्लैंड काफी आगे बढ़ गया है। सभी बच्चे स्कूल जायें, उन्हें उचित पोषण और आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल मिले, उसकी व्यवस्था की गई। हालांकि, महान हस्तियों की ये रचनाएं सभी श्रेणियों के श्रमिकों पर लागू होती हैं, चाहे वे शारीरिक काम करते हों या सफेदपोश काम करते हों। नारायण मूर्ति ने युवाओं से कहा है कि वे भारत को अपना देश मानें और देश की प्रगति के लिए प्रति सप्ताह 70 घंटे काम करें।

इस प्रस्ताव का विभिन्न नजरिये से विश्लेषण करने की आवश्यकता है, जैसे ट्रेड यूनियन, स्वास्थ्य, सामाजिक और उत्पादन पर तकनीकी विकास के प्रभाव के दृष्टिकोण से। लंबे समय तक चले संघर्ष के परिणामस्वरूप श्रमिकों को आठ घंटे काम, आठ घंटे की नींद और बाकी आठ घंटे मनोरंजन और परिवार के लिए देने का कानूनी अधिकार मिल सका।

> **श्री मूर्ति को यह समझना चाहिए कि उत्पादकता के लिए काम के अतिरिक्त घंटे मायने नहीं रखते, बल्कि अनुकूल वातावरण में काम करने वाला खुश स्वस्थ व्यक्ति ही उत्पादकता बढ़ा सकता है। यह जानना महत्वपूर्ण है कि हमारे देश में लाखों लोग नौकरी की तलाश में हैं जिनकी सेवाओं का उचित योजना के माध्यम से उपयोग करने की आवश्यकता है।**

ट्रेड यूनियनों ने प्रति सप्ताह 70 घंटे के काम को अस्वीकार कर दिया है क्योंकि यह स्पष्ट रूप से श्रमिकों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत समय सीमा के खिलाफ है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के अनुसार, भारत में लोग काम पर अधिकतम समय बिताते हैं लेकिन उन्हें सबसे कम वेतन मिलता है। इसका मतलब यह है कि श्रमिकों का बहुत अधिक शोषण और कानून का उल्लंघन हो रहा है। यह संगठित और गैर-संगठित दोनों क्षेत्रों पर लागू होता है।

उदाहरण के तौर पर, शताब्दी एक्सप्रेस और वंदे भारत जैसी विशेष ट्रेनों में खानपान सेवाओं में काम करने वाले कर्मचारी कम वेतन पर प्रति दिन लगभग 18 घंटे काम पर बिताते हैं। ऐसे लाखों लोग हैं जो मिठाई की दुकानों में काम कर रहे हैं या गिग कर्मचारी हैं जो हर दिन काम पर समान संख्या में घंटे बिताते हैं। नये तकनीकी विकास के आगमन के साथ, कंपनियों का उत्पादन कई गुना बढ़ गया है, उनका लाभ भी कई गुना बढ़ गया है, लेकिन लाभ शायद ही श्रमिकों तक पहुंच पाया है।

अतिरिक्त कामकाजी घंटों के स्वास्थ्य प्रभाव का अध्ययन करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यह एक सर्वमान्य तथ्य है कि यदि श्रमिक स्वस्थ और खुश हैं तो उत्पादकता बढ़ती है। थका हुआ व्यक्ति कभी भी बेहतर उत्पादन नहीं दे सकता। वे अधिक दुर्घटनाओं और गलतियां करने के लिए भी उत्तरदायी हैं। हमारा जीव लगातार 8 घंटों तक उत्पादक होने में असमर्थ है, विशेष रूप से 'सर्कैडियनरिद्म' के कारण, यानी हमारे दैनिक जैविक चक्र के कारण। हमारा शरीर दिन के दौरान कैसे प्रतिक्रिया करता है यह कई कारकों पर निर्भर करता है- हमारे हार्मोन, हमारा आहार, दिन के उजाले के संपर्क में आना आदि। इन मुद्दों का अध्ययन करने वाले वैज्ञानिकों ने पाया है कि हमारे पास एक बहुत विशिष्ट जैविक लय है। इस प्रकार, हम दिन के निश्चित समय में बौद्धिक और शारीरिक रूप से अधिक उत्पादक होते हैं। तो यह मैन्युअल रूप से या स्क्रीन पर सभी कार्यों को प्रभावित करता है जैसा कि आजकल कई युवा कर रहे हैं।

हालांकि प्रबंधकों को उम्मीद है कि उनके कर्मचारी कार्यदिवस के सभी घंटों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे, लेकिन यह एक अवास्तविक उम्मीद है। कर्मचारी हर समय अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाह सकते हैं, लेकिन उनकी प्राकृतिक सर्कैडियन लय हमेशा इस इच्छा के अनुरूप नहीं होगी।

25 सितंबर 2017 को यूमैटर में प्रकाशित एक लेख: 'क्या कम कामकाजी दिन एक खुशहाल, स्वस्थ और अधिक उत्पादक जीवन का रहस्य है?' के अनुसार, दिन में 8 घंटे से अधिक समय तक कार्यालय में रहना समग्र स्वास्थ्य के खराब होने से जुड़ा हुआ है। इतना ही नहीं हृदय रोग या तनाव संबंधी रोग विकसित होने का जोखिम 40 प्रतिशत अधिक रहता है।

वैज्ञानिक आम तौर पर इस बात से सहमत हैं कि आदर्श दैनिक कामकाजी समय लगभग 6 घंटे है, और सुबह में अधिक केंद्रित होता है।

इंश्योरेंस जर्नल द्वारा प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, अधिक काम करने से घायल होने का खतरा 61 प्रतिशत बढ़ जाता है, साथ ही मधुमेह, गठिया और कैंसर जैसी पुरानी बीमारियों के होने का खतरा भी बढ़ जाता है।

शोध से यह भी पता चलता है कि अधिक काम करने से हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को कितना नुकसान हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक अध्ययन में पाया गया कि हर हफ्ते औसतन 55 घंटे या उससे अधिक काम करने से औसतन 35-40 घंटे काम करने वालों की तुलना में स्ट्रोक का खतरा 35प्रतिशत और हृदय रोग से मरने का खतरा 17प्रतिशत बढ़ जाता है।

कार्यस्थल पर अधिक काम करने से हमारी सेहत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। एक अध्ययन के अनुसार, जो लोग लंबे समय तक काम करते हैं, उनमें प्रमुख रूप से अवसादग्रस्त होने की संभावना दोगुनी होती है, खासकर यदि वे प्रति दिन 11 घंटे से अधिक काम करते हैं।

कर्मचारियों को प्रेरित और संतुष्ट रखने के लिए कार्यस्थल संस्कृति महत्वपूर्ण है। यह भी महत्वपूर्ण हो कि काम करने के लिए सकारात्मक माहौल बनाया जाये और कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाये।

निर्णय कर्ताओं और नीति निर्धारकों को यह महसूस करना चाहिए कि अनुकूल वातावरण में काम करने वाले स्वस्थ कार्यबल और सुरक्षा और स्वास्थ्य की गारंटी के बिना, उत्पादकता बुरी तरह प्रभावित होगी जो देश, समाज और नियोक्ताओं के हितों के लिए हानिकारक होगी।

श्री मूर्ति को यह समझना चाहिए कि उत्पादकता के लिए काम के अतिरिक्त घंटे मायने नहीं रखते, बल्कि अनुकूल वातावरण में काम करने वाला खुश स्वस्थ व्यक्ति ही उत्पादकता बढ़ा सकता है। यह जानना महत्वपूर्ण है कि हमारे देश में लाखों लोग नौकरी की तलाश में हैं जिनकी सेवाओं का उचित योजना के माध्यम से उपयोग करने की आवश्यकता है।

नारायण मूर्ति को इसके बजाय मुद्रास्फीति के अनुसार श्रमिकों के वेतन के बारे में बात करनी चाहिए और उन्हें कंपनियों के वास्तविक मुनाफे के अनुरूप बनाना चाहिए। उन्हें उन लोगों को बेनकाब करना चाहिए था जो कर चोरी कर रहे हैं और बैंकों से लिया गया ऋण वापस नहीं कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप पिछले 10 वर्षों में बैंकों का एनपीए 25 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ गया है।

## पावन प्रसंग

# एकाग्रता की शक्ति

मन जब एक बिंदु पर एकाग्र हो जाता है तो किसी भी कार्य को हम अच्छी तरह से सम्पन्न कर सकते हैं। विद्यार्थी जीवन हो या नौकरी, व्यापार, समाजसेवा हो या धर्म, अध्यात्म का क्षेत्र। एकाग्रता की शक्ति ही व्यक्ति को सफल बनाती है, यही निर्धारित क्षेत्र में सिद्धि की कुंजी है। मन की शक्तियां सूर्य की रश्मियों की भांति होती हैं, जो सामान्यतया बिखरी रहती है व इनके साथ दैनिक जीवन के सामान्य क्रियाकलाप चलते रहते हैं, लेकिन जब इन्हीं किरणों को आतिशी शीशे से गुजारा जाए तो ये ही बिखरी किरणें एक बिंदु पर एकाग्र होकर अपना चमत्कार दिखाती हैं। इनके संपर्क में जो भी कागज, लकड़ी आदि के टुकड़े आते हैं वे प्रज्वलित होकर अग्निमय हो जाते हैं। सूर्यकिरणों की इस प्रचंड शक्ति का रहस्य इनकी एकाग्रता में ही छिपा हुआ रहता है।

इस तरह व्यक्ति के जीवन में मन की एकाग्रता उसे संबंधित क्षेत्र में उत्कर्ष के शिखर तक ले जाती है, लेकिन अधिकांश लोग उसका पूर लाभ नहीं ले पाते। उनके मन की शक्तियां बिखरी रहती हैं। इस बिखराव के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें मोटे तौर पर मुख्य कारण रहते हैं-ध्येय निष्ठा का अभाव। पर्याप्त नींद न ले पाना, शारीरिक सक्रियता का अभाव, आहार-विहार सबधी व्यतिक्रम और प्रतिकूल वातावरण। सूचना विस्फोट के युग में आजकल सूचनाओं का अंबार मन को उलझाए रखता है, मोबाइल फोन मन की एकाग्रता को भंग करने के लिए जैसे तत्पर रहता है। इसके बाद अधूरी नींद एकाग्रता के अभाव का एक बड़ा कारण अन्यमनस्क एवं बिखरा सा रहता है, पूरी तरह से एकाग्र नहीं हो पाता।

पर्याप्त शारीरिक सक्रियता का अभाव भी मन पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, शरीर में कई तरह की परेशानियां उभरना प्रारंभ हो जाती हैं, जो मन को स्थिर व एकाग्र नहीं होने देतीं। पौष्टिक एवं सात्विक आहार के अभाव में मन को उचित पोषण नहीं मिल पाता, साथ ही तामसिक एवं राजसिक आहार मन को चंचल व जड़ बनाए रखते हैं, ऐसे में एकाग्रता कठिन हो जाती है।

इनके साथ वातावरण में विद्यमान ध्वनि से लेकर वायु प्रदूषण जैसे कारक एकाग्रता के लिए चुनौती बने रहते हैं और अंततः बिगड़ी दिनचर्या एवं अनुशासनहीनता, मन की अस्थिरता एक अहम कारण रहती है। अतः मन को एकाग्र करने के लिए सर्वप्रथम मन की एकाग्रता को भंग करने वाले कारकों को एक-एक करके कम करने का प्रयास करें।

उदाहरणतया, कार्य के समय अपने मोबाइल फोन को नजरों से दूर ही रखें। शोध के आधार पर स्पष्ट हो चुका है कि जब मोबाइल नजरों से दूर रहता है, तो एकाग्रता बेहतर होती है। अतः गंभीर कार्य के समय इसे किसी दूसरे कमरे में या बैग में या फ्लाइट मोड में रखें। आप अनावश्यक व्यवधानों से बचे रहेंगे व एकाग्र होकर कार्य कर पाएंगे। फिर कार्य पूरा होने पर एक निर्धारित समय में मोबाइल को चेक कर सकते हैं व इससे जुड़े आवश्यक कार्यों को निपटा सकते हैं।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# विचारों और घर से गंदगी दूर करना ही पर्व की सार्थकता

पौराणिक कथाएं प्रतीकात्मक होती हैं, उनका सामाजिक, राष्ट्रीय एवं आध्यात्मिक प्रतीक होता है और उस प्रतीक को सूचित करने के लिए, एक विशेष लक्ष्य को उद्घाटित करने के लिए धार्मिक एवं पौराणिक रंग में रंग दी जाती है, ताकि लोक नीरस बात को सरसता के साथ समझ सकें, आध्यात्मिक एवं सामाजिक कृत्य को धर्म के रूप में कर सकें। चातुर्मास के प्रारम्भ के दो मास वर्षा ऋतु के होते हैं, वर्षा के कारण गांव, नगर, गली, सड़क, राजमार्ग चारों तरफ गंदगी, कीचड़, सीलन आदि की भरमार होती है। उस कारण ढांस, मच्छर आदि अनेक प्रकार के जहरीले कीट-पतंग पैदा हो जाते हैं। जगह-जगह पानी सड़ता है, कूड़ा सड़ांध पैदा करता है और उस पर तरह-तरह के जहरीले मच्छर, कीड़े अण्डे देते हैं। बीमारियां फैलाते हैं। डेंगू का प्रकोप हम देख चुके हैं। इस प्रकार की संक्रामक बीमारियां वर्षा ऋतु के बाद फैलती हैं, गांवों-शहरों का वातावरण एकदम नरक जैसा गंदा हो जाता है। उस नारकीय गंदगी को दूर कर सफाई-स्वच्छता करने के लिए नरकासुर को मारना पड़ेगा अर्थात दूर करके स्वच्छता-सफाई करना ही नरकासुर का नाश करना है।

जहां निरन्तर अंधकार रहता है। सूर्य-चन्द्र की किरणें नहीं पहुंचती हैं। जहां हर समय कीचड़ फैला रहता है। भूमि में दुर्गन्ध आती हो और अशुचिता चारों तरफ गन्दगी के अशुचि के ढेर लगे हों, जहां के वातावरण में क्षणभर भी ठहरने को मन नहीं होता हो, ऐसे अपवित्र स्थान को नरक कहा गया है। नगर, गली, भवन आदि जहां पर भी इस प्रकार की गन्दगी हो. वह स्थान वास्तव में नरक ही माना जाता है। लोग नहा-धोकर कपड़े साफ-सुथरे पहनते हैं, घरों पर सफेदी व कीमती रंग-रोगन करते हैं, किन्तु दूसरी तरफ उनके रसोईघरों के पास कूड़ेदान में भिनभिनाते मच्छर, मखियां रहती हैं। नालियों पर कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। जहां से निकलना भी मुश्किल होता है। यह कैसी सफाई है? सफाई में भी विवेक होना चाहिए। अपना घर अपना मुहल्ला अगर साफ रखने की आदत बन जाये तो गन्दगी अपने आप दूर हो जायेगी।

भीतर की सफाई भी करो-यह तो हुई बाहरी सफाई की बात केवल बाहरी सफाई करने से ही चतुर्दशी की सार्थकता नहीं होती। बाहरी सफाई के साथ मन की सफाई, जीवन की सफाई भी जरूरी है। मन में अपवित्र विचार भरे हों, दूसरों निन्दा, चुगली, ईर्ष्या का कूड़ा पड़ा हो, काम-क्रोध की अशुचि सड़ रही हो तो मन कैसे होगा? मन की सफाई करना भी जरूरी है। तेरस के पहले-पहले आपने घर, दुकान, मकान सब साफ-सुथरे कर लिये, लीप-पोत, झाड़-बुहारकर कचरा हटा दिया, यह तो एक तरह की तैयारी हो गई। फिर तेरस आई, तो कुछ परोपकार का सेवा का, दीन-दुखियों के दुःख-दर्द दूर करने का संकल्प किया, सेवा की तब धनतेरस मन गई। अब विचारों की शुद्धि से भावनाओं से, मन की पवित्रता से, चिन्तन ध्यान सद्भाव को और मांजकर उज्ज्वल कर लिया तो नरक चतुर्दशी सार्थक हो गई। यह दोनों पर्व दीपावली की तैयारी के हैं। दीपावली कैसे मनानी है यह इसका साफ-साफ सन्देश इन दोनों पवों में बता दिया है। नरक चतुर्दशी का एक सन्देश है-नरक के कारणों से बचने का चिन्तन। मन की गन्दगी, विचारों की अपवित्रता तो नरक का कारण क्या, प्रत्यक्ष नरक है। इसके अलावा शास्त्रों में नरक के अन्य अनेक कारण बताये हैं। सागर की तरह सब कुछ बता दिया है। हिंसा, धन की लालसा, तीव्र आसक्ति, मांसाहार-जिह्वा के स्वाद की लिप्सा, संक्षेप में चार बातों के द्वारा महावीर ने बता दिया है-जो व्यक्ति पीछे बताये दुर्गुणों से युक्त होगा, उसका यहां भी जीवन अशान्त होगा, उद्विग्न होगा और मरकर परलोक में भी नरक में जायेगा।

नरक चतुर्दशी के दिन आप दोनों पक्षों पर विचार करें, बल्कि जीवन के पक्षों पर विचार तन को, जीवन को, परिवार को समाज व राष्ट्र को नरक से बचाने का प्रयास करें। बाहरी गन्दगी से भी मुक्त हो।

**कांतिलाल माडोत, सूरत**

**उल्टा पुल्टा**

पुत्र (पिता से)- पापा मैं इतना बड़ा कब हो जाऊंगा कि मम्मी से बिना पूछे घर से बाहर जा सकूं।

पिता (ठंडी सांस लेते हुए)- बेटा, इतना बड़ा तो अभी मैं भी नही हुआ हूं।

# मतदान दलों के वाहनों की जीपीएस से होगी निगरानी

## कलेक्टर अवनीश शरण ने मतदान दलों के दूसरे चरण के प्रशिक्षण का लिया जायजा






**बिलासपुर,** 8 नवंबर (देशबन्धु) ।कलेक्टर अवनीश शरण ने मतदान दलों के दूसरे चरण के प्रशिक्षण में आज कोटा विकासखण्ड में आयोजित ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान दलों की चुनावी क्लास लगाकर अब तक लिए गए प्रशिक्षण की जानकारी ली। उन्होंने मतदान दलों से कहा कि इव्हीएम की सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी आपकी है। उन्होंने बताया कि मतदान दलों के वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाया जा रहा है। जीपीएस से आपकी लोकेशन ट्रेस होगी। कलेक्टर ने मास्टर ट्रेनर को इव्हीएम मशीन के व्यावहारिक प्रशिक्षण पर जोर देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रशिक्षार्थियों से पूछा कि व्हीव्हीपैट मशीन खराब ना हो इसके लिए क्या करना चाहिए, तब किसी ने बताया कि मशीन के सेंसर को प्रकाश से बचाना होगा।

कलेक्टर ने इव्हीएम मशीन एवं चुनाव प्रकिया से जुड़े कई रोचक सवाल किए और उनकी शंकाओं का समाधान किया। नगर निगम आयुक्त एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी कुणाल दुदावत एवं जिला पंचायत के सीईओ अजय अग्रवाल भी इस दौरान उपस्थित थे।

कलेक्टर ने प्रशिक्षण में मतदान दल के अधिकारियों को उनके दायित्व का बोध कराया। बताया गया कि पोलिंग अधिकारी एक, दो एवं तीन के क्या कर्तव्य होते हैं। उन्होंने बताया कि पीठासीन अधिकारी को अपनी पहली रिपोर्टिंग अपने सेक्टर अफसर को करनी होती है। मतदान के दिन हर दो घण्टे में मतदान की रिपोर्टिंग करनी होगी।

उन्होंने चुनाव आयोग की पीठासीन अधिकारी की पुस्तिका को अच्छी तरह पढ़ने की समझाइश दी।

## संपादकीय

### चुनाव प्रचार में मुद्दों पर बात हो

*छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान मंगलवार को सम्पन्न हो गया जिसके अंतर्गत बस्तर सम्भाग की 1` और दुर्ग सम्भाग की 1` सीटों पर उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है और इन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कौन करेंगे, यह 3 दिसम्बर को ही पता चल पायेगा।*

*बहरहाल, एक ओर जब इन 2` सीटों के लिये मतदान जारी था, तब प्रधानमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी राज्य के सूरजपुर में आम सभा कर रहे थे। कायदे से तो उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिये और नैतिक मानदंड स्थापित करते हुए मंगलवार का दिन छोड़ना चाहिये था ताकि 2` सीटों पर मतदाताओं को प्रभावित न किया जा सके। कहने को तो कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने भी बालोद व कुरूद में सभाएं लीं लेकिन आचार संहिता के पालन में उदाहरण पेश करने की जिम्मेदारी व नैतिक कर्तव्य पीएम का है क्योंकि वे कार्यपालिका प्रमुख हैं। हालांकि जब से मोदी ने यह पद सम्भाला है, वे अनवरत चुनावी प्रचार में रत रहते हैं- चाहे चुनाव हों या न हों। इस तरह के कई खराब उदाहरण वे पेश कर चुके हैं कि किसी राज्य के एक हिस्से में चुनाव हो रहे होते हैं और मोदी दूसरे क्षेत्रों में चुनाव प्रचार करते पाये जाते हैं। जहां कई चरणों में चुनाव होते हैं, वहां अक्सर यह स्थिति देखने को मिलती है। उन्हें इस बाबत अपनी आलोचना की कोई फिक्र नहीं होती और न ही उनकी अंतरात्मा उन्हें ऐसा करने से रोकती है।*

*उनके भाषणों की बात करें तो वे ज्यादातर मुद्दाविहीन होते हैं। विषयवस्तु में केवल विपक्ष को वंशवाद व भ्रष्टाचार के नाम पर गरियाने और उन पर घिसे-पिटे आरोप लगाने के अलावा कुछ नहीं होता। अपने भाषणों में वे अपने पद की प्रतिष्ठा व मर्यादा का बिलकुल ध्यान नहीं रखते। विपक्षी दलों की सरकार वाले राज्यों में वे जब जाते हैं तो वहां की सरकार पर आधारहीन आरोप लगाने में कोई आगा-पीछा नहीं देखते। उन्हें इस बात से भी मतलब नहीं रहता कि जो बात वे कह रहे हैं उसकी पुष्टि के लिये कोई साक्ष्य प्रस्तुत करें। छत्तीसगढ़ की ही बात करें तो मोदी यहां के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ केवल भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हैं। इन दिनों वे सट्टेबाजी वाले एप महादेव का बारम्बार उल्लेख कर बतला रहे हैं कि उसके लाभार्थी भूपेश बघेल ही हैं। उनकी देखा-देखी भाजपा के अन्य केन्द्रीय तथा स्थानीय नेता भी बतला रहे हैं कि महादेव सट्टा के 5` करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि बघेल को मिली है इसलिये वे इसे बचा रहे हैं। मोदी कभी उन्हें जेल में डालने की बात करते हैं तो अन्य आरोप लगा रहे हैं। सभी को जिम्मेदारीपूर्वक व्यवहार करना ज़रूरी है।*

## सार-संक्षेप

### सफाई कर्मियों को दिलाई गई मतदान करने की शपथ



**बिलासपुर,** 8 नवम्बर (देशबन्धु) ।जिले में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूर्ण करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। जिसके तारतम्य में नगर निगम बिलासपुर द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन हेतु संलग्न समस्त वाहनों के माध्यम से वोट 100 प्रतिशत की आकृति का निर्माण कर 100 प्रतिशत मतदान का संदेश दिया गया। इन सभी वाहनों में मतदान की तिथि व समय से संबंधित सूचना का प्रदर्शन किया गया है। ये वाहन सभी वार्डो में जाकर मतदाता जागरूकता हेतु कार्य करेंगे। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी अजय अग्रवाल ने सभी सफाई कर्मियों को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई।

### सुविधा केंद्र में 199 ने किया मतदान

**बिलासपुर,** 8 नवंबर(देशबन्धु) । 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए आज से डाक मतदान शुरू हो गया है । आज पहले दिन जिले की 6 सीटों में 199 ने डाक मतदान किया है। बिलासपुर विधानसभा में 1963 डाक मत पत्र के लिए पात्र मतदाताओं में से पहले दिन 66 अधिकारी कर्मचारियों ने बिलासपुर विधानसभा में मल्टी परपज स्कूल के सुविधा केंद्र में डाक मतदान किया है । मसूरी विधानसभा क्षेत्र में 1189 पत्र डाक मात्रा पत्र डालेंगे जिसमें शाम तक 38 कर्मचारियों ने डाक मतदान में हिस्सा लिया कोटा विधानसभा क्षेत्र में 24 ने डाक पत्र का उपयोग किया है। तखतपुर में 46 तथा बेलतरा में 25 ने डाक मतदान किया है बिलासपुर जिले में तीन दिनों तक मतदान की प्रक्रिया चलेगी और 6 विधानसभा के लिए मल्टीपरपज स्कूल में अलग-अलग व्यवस्था की गई है डाक मतदान के लिए भाजपा और कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता सक्रिय हो गए हैं ।

और चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारी कर्मचारियों को फोन कर करके वोट डालने की अपील कर रहे हैं। बिलासपुर विधानसभा से 2018 में डाक मतदान में कांग्रेस को बढ़त मिली थी ।2003 से 2013 तक लगातार बिलासपुर विधानसभा में भाजपा वोट मिलते थे। आज तखतपुर बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में डाक मतदान के लिए मल्टीपरपज स्कूल सुविधा केंद्र में व्यवस्था की गई है। और पहले दिन अधिकारी कर्मचारी अपने- अपने विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर डाक मतदान कर रहे हैं। भाजपा कांग्रेस के दिग्गज नेता अपने पक्ष में वोट करने के लिए जूझ रहे हैं ऐसा माना जाता है कि जिसे डाक मत में ज्यादा वोट मिलते हैं। उसकी ही जीत होती है। बिल्हा विधानसभा क्षेत्र में 1187 डाक मतदान होगा । मस्तूरी में 1189, कोटा विधानसभा में 707, तखतपुर में 1340 और बिलासपुर विधानसभा में 1963 डाक मत पत्र के लिए पात्र पाए गए हैं।

### वनांचल ग्रामीण क्षेत्रों में पंच कुंडी गायत्री महायज्ञ श्रृंखला

**बिलासपुर,** 8 नवंबर(देशबन्धु) । परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य माता भगवती देवी शर्मा गायत्री तथ शांतिक हरिद्वार संरक्षण में लोरमी ब्लाक के 24 वनांचल ग्रामीण क्षेत्रों में पांच कुंडली गायत्री महायज्ञ श्रृंखला एवं निशुल्क संस्कार महोत्सव का आयोजन 4 नवंबर से किया जा रहा है जो क्रमश: 28 अप्रैल तक संपादित होंगे गायत्री परिवार लोरमी के वरिष्ठ परिजन श्री इंद्रजीत ध्रुव एवं सहयोगी साथियों से संपर्क कर संस्कार हेतु पंजीयन करावे. उप जोनकार्यालय गायत्री परिवार बिलासपुर एवं युवा प्रकोष्ठ द्वारा समय-समय पर मार्गदर्शन सहयोग प्रदान किया जावेगा उक्त जानकारी नारायण प्रसाद पाली प्रवक्ता गायत्री परिवार द्वारा दी गई है।

# ट्रेनों में कम सामान के साथ यात्रा करें अधिक होने पर पार्सल में बुक कराएं




**बिलासपुर ,** 8 नवम्बर (देशबन्धु) । ट्रेन में अधिक सामान के साथ यात्रा करना स्वयं व सह यात्रियों के लिए बोझिल और असुविधाजनक हो सकता है। साथ ही इससे सुरक्षा संबंधी खतरे भी पैदा हो सकते हैं, जैसा कि ट्रिपिंग और गिरना आदि । अधिक सामान गलियारों और दरवाजों को भी अवरुद्ध कर सकता है, जिससे यात्रियों के लिए चलना-फिरना मुश्किल हो जाता है । इसी के मद्देनजर रेलवे प्रशासन द्वारा ट्रेनों में यात्रा के दौरान टिकटों की श्रेणी के अनुसार डिब्बे के अंदर सामान ले जाने की अधिकतम सीमा तय की गई है । एसी-द्व श्रेणी में 70 किलो, एसी श्रेणी में 50 किलो, एसी-श्रेणी में 40 किलो, स्लीपर श्रेणी में 40 किलो तथा सामान्य श्रेणी में 35 किलो सामान नि:शुल्क ले जाने की अनुमति है 7 अनुमत सीमा से अधिक सामान के साथ यात्रा करते पाये जाने पर रेलवे नियमानुसार बिना बुक किए गए लगेज के रूप में उस पर जुर्माने की कार्यवाही की जाती है रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने हेतु गाड़ियों में पार्सल सेवा की सुविधा उपलब्ध कराई गई है 7 यात्रा के दौरान ज्यादा मात्रा में सामान ले जाने हेतु रेलवे की पार्सल सेवा सुरक्षित, विश्वसनीय और किफायती है । यात्री अपने सामान को किसी भी रेलवे स्टेशन के पार्सल कार्यालय में जाकर बिना किसी झंझट के सरलता से बुकिंग कर सकते हैं रेलवे प्रशासन यात्रियों से आग्रह करता है कि सभी के लिए सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने में सहयोग करें । कृपया ट्रेन में यात्रा के दौरान अपने साथ कम सामान लेकर यात्रा करें, अतिरिक्त सामान को पार्सल में बुक कराएं और असुविधा तथा जुर्माने की कार्यवाही से बचें ।

### अभा वैश्य कसौंधन महासभा का दीपावली मिलन 19 को



**बिलासपुर ,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय वैश्य कसौंधन महासभा ट्रस्ट पंजीकृत का दीपावली मिलन 19 नवंबर 2023 दिन रविवार को दोपहर, 2 बज उत्सव कार्ड नागोराव शेष स्कूल चौक कर्बला रोड में रखी गई है। अखिल भारतीय वैश्य कसौंधन महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व बिलासपुर जिलाध्यक्ष रमेश गुप्ता सहीत कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज के लोग उपस्थित रहेंगे

## इंजीनियरिंग कॉलेज में अव्यवस्था छात्रों ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



**बिलासपुर,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय कोनी के छात्र प्रतिनिधि व छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में व्याप्त विभिन्न अव्यवस्थाओं को लेकर महाविद्यालय प्राचार्य के नाम ज्ञापन सौपा और त्वरित कार्यवाही की मांग रखी, महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं की मांग है कि उनका पूरा परिसर सीसीटीवी कैमरे से लैस किया जाए, हॉस्टल व आसपास के मार्ग में पर्याप्त लाइट रोशनी की सुविधा की जाए, महाविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर गेट लगाकर वहां सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था की जाए इसके साथ अन्य मांगों को ज्ञापन के साथ लिखकर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ चावला को सौपा गया और कहा की छात्र हित में सभी का जल्द निराकरण किया जाए, छात्रों ने लंबे विचार विमर्श के पश्चात पूर्ण रूप से आश्वासन दिए जाने के बाद संतुष्ट हुए।

## कर्मचारियों के मतदान कार्य में लगाई ड्यूटी में किए संशोधन के विरोध में सौंपा ज्ञापन




**बिलासपुर,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। निर्वाचन में सभी कर्मीयों को अपना मतदान कार्य करने का शपथ दिलाने के साथ ही विधानसभा निर्वाचन 2023 के गठित जिले के मतदान दल कर्मीयों के एकाएक ड्यूटी में संशोधन किये गये आदेश को निरस्त करने तथा पूर्ववत् आदेश को यथावत् रखने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ जिला शाखा बिलासपुर ने जिला निर्वाचन अधिकारी बिलासपुर को ज्ञापन सौंपा।

संघ के जिला शाखा अध्यक्ष रामकुमार यादव एवं सचिव किशोर शर्मा ने बताया कि विधानसभा चुनाव सम्पन्न कराने के लिये बिलासपुर जिला मुख्यालय में कार्यरत् कर्मचारियों की मतदान कार्य के लिए विभिन्न विधानसभा में विधिवत् साफ्टवेयर के माध्यम से ड्यूटी लगाई जाकर प्रथम एवं द्वितीय प्रशिक्षण दिया जा चुका है। परन्तु द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान ही कुछ कर्मचारियों को मैन्यूअली पत्र जारी कर संबंधितों की ड्यूटी मरवाही विधानसभा में लगाये जाने का लेख कर अपनी उपस्थिति दिनांक 15.11.2023 को शाम 05=00 बजे के पूर्व जिला निर्वाचन कार्यालय गौरेला - पेण्ड्रा - मरवाही में देने के निर्देश दिये गये जिससे अचानक दिये गये इस आदेश से कर्मचारी स्तब्ध रह गये। दूरस्थ विधानसभा में ड्यूटी लगाये जाने से मतदान दल के कर्मचारियों को आने-जाने की सुविधा, आवास एवं भोजन व्यवस्था की परेशानी का सामना करना पड़ेगा इन्हीं सब मुद्दों को ध्यानाकर्षित करने संघ के प्रतिनिधि मण्डल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एस.के. बनर्जी से भेंट कर ज्ञापन सौंपा, जिसपर उन्होंने उक्त आदेश को उचित आदेश का हवाला देते हुए मतदान दल कर्मीयों के लिये आवागमन के साथ ही भोजन एवं अन्य सुविधा प्रदान किये जाने का आश्वासन दिया गया। ज्ञापन सौंपने एवं शपथ ग्रहण करने वालों में संघ के प्रांताध्यक्ष जी. आर. चन्द्रा, पवन शर्मा, रामकुमार यादव, किशोर शर्मा, आर. के. चंदवानी, राजेश तंबोली, अभिमन्यु यादव, एम.पी. सिंह, ए.एस.राज, विजय मिंज, सुजीत राठौर, सुमित साहू, आकांक्षा साहू, मीनी पाठक, एल. डी. भांगे, विजय केसकर, दादूलाल वरेठ, राजेश सिसोदिया, राधेश्याम यादव, कौशल कश्यप, मनोज तोडेकर, दमयंती सिंह, श्वाती करमवेलकर, प्रेमलता मिश्रा, गीतांजली ठाकुर, ललिता निमजे, दुर्गेश्वरी चौधरी आदि शामिल थे।

# अपोलो हॉस्पिटल ने एक बार फिर रचा नया इतिहास नवजात शिशु का जटिल ऑपरेशन कर दिया जीवनदान

### दुर्लभ बीमारी से ग्रस्त था मासूम जिसमे अंतड़िया छाती में आ जाती हैं, हुई सफल सर्जरी




**बिलासपुर,** 8 नवंबर (देशबन्धु)। जन्मजात डायाफ्रामेटिक हर्निया (सीडीएच) तब होता है जब डायाफ्राम में एक छेद होता है, जो पेट से छाती को अलग करने वाली मांसपेशियों की पतली परत होती है। जब गर्भ में भ्रूण के विकास के दौरान यह अंतर बनता है, तो आंत्र, पेट या यकृत भी छाती गुहा में जा सकता है। छाती में इन पेट के अंगों की उपस्थिति फेफड़ों के लिए जगह को सीमित करती है और इसके परिणामस्वरूप श्वसन संबंधी जटिलताएं हो सकती हैं। क्योंकि सीडीएच फेफड़ों को एक संकुचित अवस्था में बढ़ने के लिए मजबूर करता है।

डॉक्टर सुशील कुमार एवम डॉक्टर अनुराग ने बताया एक बढ़ते भ्रूण में, 10 सप्ताह के गर्भ से डायाफ्राम पूरी तरह से बन जाता है। हालांकि सीडीएच के मामलों में, डायाफ्राम के गठन की प्रक्रिया बाधित होती है। एक बार डायाफ्राम में एक छेद मौजूद होने पर, पेट की सामग्री छाती में जा सकती है। इसे हर्नियेशन कहते हैं। पेशेंट बेबी ऑफ़ फिरदौस (उम्र एक दिन) के केस में बच्चे की आतें छाती में जा रही थी।निम्नलिखित लक्षणों से जन्मजात डायाफ्रामेटिक हर्निया का संकेत मिलता है=

नीली रंग की त्वचा तेजी से साँस लेने हृदय की धड़कन में तेजी डायाफ्राम मांसपेशियों के कम आंदोलन जन्मजात डायाफ्रामेटिक हर्निया का पता लगाने के लिए जांच= छाती एक्स-रे= छाती गुहा में दोषपूर्ण पेट अंग देखने के लिए अल्ट्रासाउंड= जन्मजात डायाफ्रामेटिक हर्निया का पता लगाने के लिए डॉ. सुशील कुमार ने बताया की इस बीमारी से मृत्युदर 30 प्रतिशत से 60प्रतिशत और कुछ केसेस मैं 89प्रतिशत तक भी हो सकती है।बेबी ऑफ़ फिरदौस मैं जन्म के साथ ही सांसों की असामान्य तेज गति एवम धड़कन ये दो लक्षण मुख्य रूप से थे।

सभी जरूरी जांच करने के उपरांत सर्जरी का निर्णय लिया गया एवम उसे सफलता पूर्वक अंजाम दिया गया। अब बच्चा पूरी तरह स्वस्थ हैं और भविष्य में भी उसे इस प्रकार की कोई समस्या नहीं होगी।बच्चे के पिता फिरोज प्रेसवार्ता के दौरान अत्यंत भावुक हो गए और उन्होंने चिकित्सको का विशेष आभार व्यक्त किया। अपोलो हॉस्पिटल्स बिलासपुर के मेडिकल सुप्रीटेंडेंट डॉ. अनिल गुप्ता ने बच्चे के परिजनों को बधाई दी एवं पूरी अपोलो बिलासपुर टीम को इस सफलता के लिए बधाई दी।

# सार-संक्षेप

## बाइक रैली निकालकर दिया मतदान जागरुकता का सन्देश



कोरबा, 08 नवंबर (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार और स्वीप नोडल अधिकारी श्री विश्वदीप के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली में कोरबा के मतदाताओं द्वारा अपने-अपने मोटर सायकल में जागरूकता संदेश लेकर बाइक में बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स लगाकर शहर के सीतामणी गौमाता चौक, बस स्टैंड, पॉवर हाउस रोड, टीपी नगर, बुधवारी, निहारिका, कोसाबाड़ी होकर पीजी कॉलेज तक बाइक रैली निकाला गया। बताया गया कि विधानसभा निर्वाचन में जिले के मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु लगातार शहर से लेकर गावों तक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मतदाताओं में अलग उत्साह है। जिले के युवा और बुजुर्ग मतदाता मतदान करने उत्साहित नजर आ रहे हैं। बाइक रैली में शामिल युवाओं द्वारा शासकीय पीजी कॉलेज पहुंचकर मतदान का संकल्प लिया गया। प्राचार्य श्रीमती साधना खरे द्वारा उपस्थित सभी को निष्पक्ष मतदान हेतु शपथ दिलाई गई।

## कुसमुंडा के युवक की हादसे में मौत

कोरबा, 08 नवंबर (देशबन्धु)। कुसमुंडा निवासी एवं एसईसीएल से रिटायर्ड कर्मी जेडी दीवान के छोटे पुत्र छवि दीवान की सडक़ हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। घटना मंगलवार रात की बतायी जा रही है। छवि बस्तर जिले में संविदा कर्मी के रूप में कार्यरत था और दीपावली का अवकाश लेकर बाइक से घर आ रहा था। इस दौरान यात्री बस के साथ हुए हादसे में छवि की मौत हो गई। छवि के साथ हुए हादसे की जानकारी मिलते ही परिजनों और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। गुरूवार को कटघोरा स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## मिनीमाता कॉलेज के स्वयंसेवकों ने किया जागरुक

**कोरबा,** 08 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को जागरुक किया। सीएसईबी चौक एवं आईटीआई चौक में नुक्कड़ नाटक कर मतदान करने की शपथ उपस्थित जनों को दिलाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डेजी कुजूर एवं स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. विनोद कुमार साहू उपस्थित रहे। वरिष्ठ स्वयंसेवक कुमारी आरती साहू, अमरावती, काजल कश्यप के नेतृत्व में नुक्कड़ नाटक किया गया। प्राचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह का मार्गदर्शन स्वयंसेवकों को मिल रहा है।

## त्यौहार के मद्देनजर यातायात व चेम्बर की बैठक ली



**कोरबा,** 08 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली त्यौहार के दौरान बाजार में खरीदारों की बढने वाली भीड़ और यातायात की समस्या के संबंध में अतिरिक्त कलेक्टर श्री नाग ने जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एवं यातायात विभाग के अधिकारियों की बैठक अपने कक्ष में ली। इस दौरान एएसपी अभिषेक वर्मा भी उपस्थित रहे। त्यौहारी सीजन में बाजारों में दुकानों का सही ढंग से व्यवस्थापन एवं यातायात के सुचारू व्यवस्था में किसी तरह का अवरोध उत्पन्न न हो, इसके लिए विचार-विमर्श किया गया। इस संबंध में आवश्यक सुझाव लेने के साथ ही दिशा-निर्देश भी दिए गए। बैठक में सीएसपी भूषण एक्का, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन, राजेन्द्र तिवारी, सूरज अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, जगदीश सोनी,महेश अग्रवाल, यातायात थाना में पदस्थ एएसआई मनोज राठौर, एएसआई अजय सिंह, राकेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी कांग्रेस से निष्कासित

कोरबा, 08 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 में पाली-तानाखार विधानसभा से कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती दुलेश्वरी सिदार के खिलाफ चुनाव लड़ रहे जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रत्याशी छत्रपाल सिंह कंवर को कांग्रेस पार्टी ने 6 वर्षों के लिए निष्किासित कर दिया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन एवं प्रशासनिक प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। बता दें कि कांग्रेस संगठन ने छत्रपाल सिंह कंवर को आदिवासी कांग्रेस का जिलाध्यक्ष भी बनाया था लेकिन कांग्रेस की टिकट न मिलने के कारण जोगी कांग्रेस से टिकट हासिल कर कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव में खड़े हो गए हैं। छत्रपाल सिंह कंवर की धर्मपत्नी श्रीमती शिवकला सिंह कंवर जिला पंचायत में कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष हैं।

# आपसी द्वंद्व में घायल लोनर, दंतैल खेसारीलाल के इलाज में जुटा है वन अमला

## कटघोरा वनमंडल में 49 हाथियों का दल, नदी पार कर एक हाथी सूरजपुर पहुंचा



**कोरबा,** 08 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के कटघोरा वन मंडल के जंगलों में हाथियों का दल अलग-अलग झुण्ड में विचरण कर रहा है। इन्हीं में शामिल एक दंतैल जो झुण्ड से अकेला (लोनर) है, वह चोटिल हालत में पाया गया। उसका उपचार पशु चिकित्सक की देखरेख में वन अमले के द्वारा किया जा रहा है।



वन मंडल की ओर से जारी बयान में बताया गया कि वर्तमान में वनमण्डल कटघोरा में 49 हाथी भिन्न-भिन्न दलों में विचरण कर रहे हैं जिनमें से 19 हाथी पसान रेंज के सेमरहा परिसर में, 29 हाथी केंदई परिक्षेत्र के कोरबी परिसर में तथा एक लोनर टस्कर हाथी कोरबी परिसर के ओडारबहरा में विचरण कर रहा है। 7 नवंबर की रात्रि को एक हाथी वन परिक्षेत्र केंदई के सखोदा परिसर से हसदेव नदी को पार करते हुए सुरजपुर वनमण्डल के रामेश्वरनगर परिसर मे चला गया है।

एक लोनर हाथी जो कि ओडारबहरा में विचरण कर रहा है, जिसे स्थानीय लोग प्यार से खेसारीलाल तथा कबराकान भी पुकराते हैं, विगत दो-तीन दिनों से लंगडक़र चल रहा था। इसकी सूचना स्थानीय स्टॉफ द्वारा तत्काल वरिष्ठ कार्यालय को दी गई। कार्यालय से डॉ. चंदन जो कि विगत 20 वर्षो से वन्य जीवों का उपचार कर रहे हैं, को तत्काल हाथी के इलाज के लिए भेजा गया। डॉ. चंदन के पहुंचने उपरांत वन अमले की टीम हाथी को ट्रेक करने में लग गई। ड्रोन की मदद से हाथी को ट्रैक किया गया। लोनर हाथी को देखकर डॉ. चंदन ने बताया कि हाथियों के आपसी द्वंद की वजह से हाथी के दाहिने वाले अगले पैर में सूजन आ गया है, जिससे वह लंगड़ा कर चल रहा है। इसके पश्चात् डॉ. चंदन एवं वन अमले ने गुड़ में मिलाकर दवाई हाथी को खिलाया तब कुछ समय बाद हाथी के चाल में सुधार आ गया।इस कार्यवाही के दौरान वनमण्डलाधिकारी कुमार निशांत, उपवनमण्डलाधिकारी संजय त्रिपाठी भी मौके पर उपस्थित रहे एवं समय-समय पर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक वन्य प्राणी सुधीर अग्रवाल घटनाक्रम की जानकारी लेते रहे। वनरक्षक अशोक श्रीवास एवं नागेन्द्र भूषण जायसवाल व स्थानीय स्टाफ ने हाथी को ट्रेक करने से लेकर उपचार में मुख्य भुमिका निभाया।

### पुलिस चौकी के पास पहुंचा दंतैल

कोरबी क्षेत्र के जंगल में मौजूद हाथियों में से एक दंतैल हाथी विचरण करते हुए कोरबी मुख्य सडक़ तक पहुंच गया। वह यहां कोरबी पुलिस चौकी के निकट लगाए गए बोर्ड के आसपास मंडराता नजर आया और इसके बाद यहां से लौट गया। इस घटनाक्रम का वीडियो कुछ ग्रामीणों ने अपने मोबाइल पर कैद कर लिया और यह जमकर वायरल हो रहा है। पुलिस चौकी के नजदीक हाथी के आ जाने की सूचना से कुछ देर के लिए पुलिसकर्मी भी सकते में आ गए। सूचना वन विभाग को दे दी गई है और अमला अलर्ट हो गया है।

### दो वर्ष पहले भी यह हाथी हुआ था घायल

वन अधिकारियों ने बताया कि यह लोनर टस्कर हाथी (खेसारीलाल/कबराकान) दो वर्ष पूर्व में भी घायल हुआ था जिसका उपचार स्थानीय स्टाफों ने पशु चिकित्सक की मदद से किया था। उपचार उपरांत स्वस्थ होकर अपने दल में मिल गया था।

## पुलिसकर्मी व वाहन चालक भी डाक मतपत्र से कर सकेंगे मतदान

**कोरबा,** 08 नवंबर (देशबन्धु)। मतदान दल में शामिल माइक्रो ऑब्जर्वर, पुलिसकर्मी एवं वाहन चालकों के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की व्यवस्था प्रशिक्षण स्थल में की गई है। वे 11 और 14 नवंबर को शासकीय ईव्हीपीजी कॉलेज, शासकीय मुकुटधर पाण्डेय कॉलेज कटघोरा के प्रशिक्षण स्थल में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं। अपर कलेक्टर ने बताया कि प्रशिक्षण स्थल में विधानसभा क्षेत्र रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार के अभ्यर्थियों तथा राजनीतिक दलों के अध्यक्ष व प्रतिनिधि भी अपनी उपस्थिति दे सकते हैं। इसके साथ ही ऐसे अधिकारी कर्मचारी जो कि कोरबा जिले के निवासी हैं और जिले से बाहर कार्यरत् हैं तथा जिनकी मतदान कार्यों में ड्यूटी लगाई गई है एवं जिन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से डाक मतपत्र हेतु आवेदन किया है वे 11 और 14 नवंबर को शासकीय ईव्हीपीजी कॉलेज में उपस्थित होकर मतदान कर सकते हैं।

## प्रेक्षक और पुलिस आब्जर्वर ने किया मतदान केंद्र व थाने का निरीक्षण



**कोरबा,** 08 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु कोरबा और रामपुर के लिए नियुक्त प्रेक्षक प्रियतु मंडल और पुलिस आब्जर्वर सी.वेंकटा सुब्बा रेड्डी ने ग्राम गोढ़ी में प्राथमिक शाला भवन मतदान केंद्र क्रमांक 83-84, ग्राम करमंदी में मतदान केंद्र क्रमांक 82, नोनबिर्रा में मतदान केंद्र 250-251, प्राथमिक शाला कोटमेर में मतदान केंद्र क्रमांक 117, स्वामी आत्मानंद कन्या अंग्रेजी माध्यम विद्यालय करतला के मतदान केंद्र क्रमांक 115, डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल बड़मार के मतदान केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना करतला, आंगनबाड़ी केंद्र कोटमेर, नोनबिर्रा का भी अवलोकन किया। उन्होंने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की जानकारी हेतु किए गये दीवाल लेखन, दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाये गये रैम्प तथा मतदान केन्द्रों में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया और मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित बूथ लेबल अधिकारी उपस्थित थे।

# कोचियों और बिचौलियों पर करें कार्रवाई

## धान खरीदी का शुभारंभ, कलेक्टर ने दिए निर्देश



**कोरबा,** 08 नवंबर (देशबन्धु)। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 अंतर्गत जिले में 1 नवंबर से धान खरीदी कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। कलेक्टर सौरभ कुमार ने आज कटघोरा विकासखण्ड के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित केंद्र छुरीकला में धान खरीदी हेतु धान एवं कांटा बाट का विधिवत पूजन कर केंद्र में धान खरीदी का शुभारंभ किया।

धान उपार्जन केंद्र छुरीकला में कृषक रामानुज साहू पिता सुकालूरामू द्वारा विगत दिवस 20 क्विंटल धान विक्रय हेतु टोकन कटवाया गया था, जिसे आज उनके द्वारा विक्रय हेतु उपार्जन केंद्र छुरीकला लाया गया। कलेक्टर ने कृषक रामानुज साहू को शुभकामनाएं देते हुए समिति प्रबंधक को धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से संचालित कराने हेतु केंद्र में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने एवं सभी समितियों में गुणवत्ता युक्त धान खरीदी करने के लिए कहा। कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की सतत् निगरानी रखने एवं कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी-बिक्री पर मंडी अधिनियम के तहत सख्त कार्यवाही करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस दौरान खाद्य अधिकारी जितेन्द्र सिंह ने कलेक्टर को बताया कि उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की सतत् निगरानी हेतु केंद्रवार निगरानी समिति का गठन किया गया है। जिले में अवैध धान के विक्रय पर रोक लगाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में राजस्व विभाग, खाद्य व मण्डी विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम का गठन कर अनुविभाग स्तरीय जांच दल का निर्मित किया गया। इस अवसर पर जिला खाद्य अधिकारी जितेन्द्र सिंह, उप पंजीयक सहकारिता श्रीमती पूर्णिमा सिंह, डीएमओ श्रीमती जाह्नवी जिलहरे, एस. के. जोशी सहित अन्य अधिकारी एवं समिति के कर्मचारी उपस्थित थे।

शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन 1 नवंबर 2023 से 31 जनवरी 2024 तक जिले के 41 सहकारी समितियो के 65 धान उपार्जन केंद्रों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से धान उपार्जन किया जाना है। समर्थन मूल्य पर धान विक्रय हेतु 31 अक्टूबर 2023 की स्थिति में कुल 52,390 किसानों के 70,592.88 हेक्टेयर रकबा का पंजीयन किया गया है। जिस हेतु सभी 65 धान उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी हेतु मूलभूत सुविधाएं एवं अन्य आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सुचारू रूप से धान खरीदी कार्य हेतु धान उपार्जन केंद्र के कर्मचारियों/डाटा एंट्री ऑपरेटरों को प्रशिक्षण दिया गया है। सभी केंद्रों में धान खरीदी कार्य हेतु नया जूट बारदाना एवं पुराना बारदाना आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराई जा रही है। कोरबा जिले में 8 नवंबर 2023 की स्थिति में 3 किसानों से कुल 86 क्विंटल धान की खरीदी की गई है।

# 80 प्लस बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने घर पर किया मतदान



**कोरबा,** 08 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशानुसार 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं (पीडब्ल्यूडी) को घर बैठे मतदान की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। इसी कड़ी में आज रामपुर और पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र के 80 वर्ष से अधिक आयु तथा दिव्यांग मतदाताओं में मतदान दलों की उपस्थिति में घर पर भी मतदान करके लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता दी।

10 नवंबर को विधानसभा कटघोरा तथा कोरबा क्षेत्र में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक होम वोटिंग कराई जाएगी। इसके लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। होम वोटिंग की प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थी व अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। होम वोटिंग से पूर्व मतदान दल के अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान कराने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि जिले में प्रारूप 12 (घ) में आवेदन करने वाले अनुपस्थित श्रेणी के अंतर्गत मतदाताओं ने सहमति दी है। गठित दल द्वारा चिन्हित मतदाताओं के घर पहुंचकर पूर्ण पारदर्शी प्रक्रिया के तहत मतदान की कार्यवाही संपन्न कराएंगे। इस दौरान मत की गोपनीयता और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। मतदान प्रक्रिया की वीडियो रिकार्डिंग भी करायी जाएगी। यह व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी की मतदाता निर्भीक होकर स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से मतदान कर सके। प्राप्त मतों को सुरक्षा के बीच सुरक्षित स्थान पर रखा जाएगा।

## नेशनल लोक अदालत 16 दिसंबर को, पूर्व तिथि में परिवर्तन

**कोरबा,** 08 नवंबर (देशबन्धु)। डी. एल. कटकवार, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरण दांडिक, सिविल, कुटुम्ब न्यायालय, श्रम न्यायालय एवं राजस्व न्यायालयों के राजीनामा योग्य प्रकरणों को शामिल करते हुये नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। जिसमें अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में समझौते के माध्यम से निराकरण किये जाने हेतु जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के पदाधिकारीगणों की बैठक ली गई। पूर्व में नालसा के द्वारा उक्त नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 9 दिसम्बर को किया जाना प्रस्तावित था परंतु अब वर्ष 2023 का अंतिम नेशनल लोक अदालत दिनांक 16 दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा अवगत कराया गया कि जो भी पक्षकार राजीनामा के माध्यम से अपने लंबित प्रकरणों को लोक अदालत के माध्यम से निराकरण कराना चाहते हैं, वे पक्षकार अपने प्रकरण को संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत में रखे जाने हेतु निवेदन कर सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्प डेस्क में 30 नवंबर तक समस्त प्रकार के प्री-लिटिगेशन के प्रकरण जमा लिए जाएंगे।

# डीएसपीएम के ठेका श्रमिकों को बोनस और शेष वेतन 10 तक देने का आश्वासन


## काम बंद कर बैठे ठेका मजदूर, प्रबन्धन के साथ फेडरेशन ने की बैठक



**कोरबा,** 08 नवंबर (देशबन्धु)। बुधवार को डीएसपीएम संयंत्र के सभी विभागों के ठेका श्रमिक दीपावली पूर्व बोनस की मांग को लेकर प्रशासनिक भवन के समक्ष काम बंद कर बैठ गए। बड़ी संख्या में श्रमिकों के काम बंद करने से संयंत्र का कार्य प्रभावित होने पर प्रबंधन ने श्रमिकों को समझाईश देने का प्रयास किया। श्रमिकों ने फेडरेशन 01 के पदाधिकारियों को सुचित किया और उन्हें श्रमिकों की ओर से प्रबन्धन के साथ चर्चा करने का आग्रह किया। संज्ञान लेते हुए फेडरेशन 01 के महासचिव आरसी चेट्टी ने प्रतिनिधियों के साथ प्रबन्धन के अधिकारियों से चर्चा की और कहा कि सभी ठेका श्रमिकों को बोनस अधिनियम 1965 के तहत अनिवार्य रूप से बोनस दिया जाए, साथ ही बचा हुआ मासिक वेतन का भुगतान किया जाए जिससे सभी श्रमिक अपने परिवार वालों के साथ उत्साहपूर्वक दीपावली पर्व मना सकें।

महासचिव ने प्रबन्धन से कहा कि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति निर्मित होने से पहले सभी श्रमिकों को उनका बोनस एवं मासिक वेतन का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। चर्चा उपरांत प्रबन्धन ने आश्वस्त किया कि अतिशीघ्र सभी ठेकेदारों एवम सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी श्रमिकों को बोनस एवं बचे हुए मासिक वेतन का भुगतान 10 नवंबर तक करवाया जायेगा। चर्चा बाद सभी श्रमिक अपने कार्य पर लौटे। इस चर्चा में संगठन प्रतिनिधियों में महासचिव आर सी चेट्टी के साथ प्रांतीय संगठन सचिव सरोज राठौर, प्रांतीय प्रचार सचिव पवन दास, जोनल सचिव घनश्याम साहू, कोरबा पूर्व शाखा उपाध्यक्ष रजनीकांत कुर्रे, ठेका श्रमिकों में उत्तम बंजारे, कला बाई, खिक बाई, राजमति आदि उपस्थित रहे।

## चर्चा-ए-चौक : संदर्भ विधानसभा चुनाव
## फिल्मी डॉयलॉग और गानों का शोर




कोरबा, 05 नवंबर (देशबन्धु)। चुनावी मौसम में प्रचार-प्रसार के हाईटेक तरीकों ने अपना काम शुरू कर दिया है। तीन पहिया और चार पहिया वाहनों की दौड़ सडक़ों पर चोंगा और स्पीकर के साथ लग रही है। सुबह होने से देर शाम तक भीड़-भाड़ वाले इलाकों और ग्रामीण क्षेत्रों में फिल्मी गीतों की तर्ज पर प्रत्याशियों का गीत बज रहा है। एक उम्मीदवार ने तो अपने दल के नाम अनुसार छत्तीसगढ़ी पुराने लोक गीतों की पैरोडी ही बनवा डाली है। गानों के सहारे प्रचार के साथ-साथ शहर में आजकल दो फिल्मी डॉयलॉग भी चाय की चुस्कियों के साथ वायरल हो रहे हैं। नेताजी का समर्थक बात-बात पर कहने से नहीं चूकता-सारा शहर में मुझे लॉयन के नाम से जानता है। नुक्कड़ सभाओं के खत्म होने पर नेताओं के समर्थक यह पूछने से नहीं चूक रहे कि- कितने आदमी थे...। फिलहाल पब्लिक इस समय फिल्मी गानों की तर्ज पर बने चुनाव गीतों, प्रत्याशियों की जुबानी जंग और उनके तरह-तरह के डॉयलॉग का मजा लेने में मशगूल हैं।

## सार-संक्षेप

### मतदान दलों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण

**सूरजपुर** 8 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन के दृष्टिगत ड्यूटी पर लगाए गए मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण आज प्रारंभ हो चुका है। निर्वाचन को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। जिसमें यह प्रशिक्षण विधानसभा क्षेत्र प्रेमनगर (04) के लिए शासकीय बालक उ.मा.वि. सूरजपुर, भटगांव (05) के लिए पं. रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय सूरजपुर व प्रतापपुर (06) के लिए शासकीय कन्या उ.मा.वि. सूरजपुर में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण स्थल मे जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दल के प्रषिक्षण प्राप्त कर रहें है। प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया के सफल संपादन के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिससे उन्हें निर्वाचन के संबंध में दी जाने वाली जानकारी को निश्चित समय अवधि मे उपलब्ध कराने के लिए कहा। इसके साथ ही भटगांव विधानसभा मे 17 प्रत्याशी होने की स्थिति मे दो बैलेट यूनिट लगेंगे जिसके लिए उन्होंने भटगांव के मतदान दल वालों को पर्याप्त अभ्यास करने के लिए कहा। इसके साथ ही निर्वाचन के दौरान उन्होने सभी को अपने नियत समय पर उपस्थित रहने के लिए कहा। इसके साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान कर्मी द्वारा प्रशिक्षण स्थल में ही डाक मतपत्र के किये जा रहे मताधिकार स्थल का भी निरीक्षण किया।

### दिव्यांग व वृद्धजन मतदाता 11 को घर बैठे करेंगे मतदान

**सूरजपुर** 8 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के दिशा-निर्देशों के अनुसार विधानसभा आम निर्वाचन में दिव्यांगजन (निर्दिष्ट अशक्तता 40 प्रतिशत से कम नहीं) और अस्सी वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं को इस बार घर बैठे मतदान कराने की सुविधा प्रदान की गई है। जिले के तीनों विधानसभा प्रेमनगर, भटगांवऔर प्रतापपुर क्षेत्र के 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग (दिव्यांग प्रमाण पत्र अनिवार्य) और अस्सी प्लस बुजुर्ग कुल 55 मतदाताओं ने घर बैठे मतदान कराने के लिए मतदान दल तैयार हैं। मतदान का समय सुबह 9 बजे शाम 5 बजे निर्धारित है। मतदान दलों के लिए रूट चार्ट तैयार कर लिया गया है। तीनों विधानसभा क्षेत्र में निवासरत मतदाताओं के घर तक पहुंचने के लिए 15 रूट के लिए 15 मतदान दल बनाएं गए है। जिले के विधानसभा प्रेमनगर (04), भटगांव (05) और प्रतापपुर (06) के दिव्यांग और 80 प्लस बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदान का दिवस का प्रथम दौरा आगामी 11 नवंबर को निर्धारित किया गया है। प्रथम दौरे के समय निर्वाचक प्रपत्र में दिये गये पते पर मतदाता मौजूद नहीं होने की स्थिति में मतदान के लिए दूसरा दौरा मतदान दिनांक 13 नवंबर निर्धारित किया गया है।

### स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को किया जा रहा है जागरूक

**सूरजपुर** 8 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन के जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशन में सभी निर्वाचनों के नागरिकों द्वारा शत-प्रतिशत मतदान करने एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत चलाए जा रहे हैं। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतापपुर के स्वामी आत्मानंद विद्यालय एवं शा. नवीन कॉलेज चांदनी बिहारपुर में मतदाता जागरूकता से संबंधित मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया एवं स्कूलों के बच्चों के द्वारा मेहंदी कार्यक्रम का भी आयोजन कराया गया। मतदाताओं को घर घर जाकर उनको वोट के बारे में समझाया जा रहा है। मतदान से संबंधित बातों को बताया जा रहा है ताकि आगामी 17 नवंबर को होने वाले चुनाव में शत-प्रतिशत रूप से सम्मिलित होकर मतदान करें।

### खेत के बोर घर से सोलर पंप चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़** 08 नवंबर (देशबन्धु)। करीब एक माह पहले 14 अक्टूबर को ग्राम पोतरा निवासी बांछानिधी प्रधान द्वारा थाना लैलूंगा मैं आवेदन देकर उसके खेत में बने घर कैमरा से अज्ञात चोर द्वारा 14-15 अगस्त की रात सोलर मोटर पंप चोरी कर ले जाने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराया गया। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से प्रतिदिन बोर घर का ताला शाम को बंद कर अपने घर आ जाता था। 15 अगस्त को सुबह खेत गया तो देखा अज्ञात चोर बोर घर का ताला तोड़कर अंदर रखे 3 हार्स पावर सोलर पंप को चोरी कर ले गया था। लैलूंगा पुलिस द्वारा धारा 457, 380 आईपीसी के तहत अज्ञात आरोपी पर नकबजनी का अपराध दर्ज कर माल मुल्जिम की पतासाजी कर रही थी।

इसी दरमियान कल दोपहर ग्राम भ्रमण दौरान थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम रूडूकेला का खिलेंद्र चैहान उर्फ पांवा एक चोरी की मोटर पंप को बेचने ग्राहक तलाश कर रहा है। तत्काल थाना प्रभारी द्वारा ग्राम रूडूकेला तस्दीक के लिए स्टाफ भेजा गया। पुलिस टीम द्वारा संदेही खिलेंद्र चैहान उर्फ पांवा को हिरासत में लेकर सोलर पंप के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर उसने अपने साथी के साथ मिलकर डेढ़-दो महीना पहले ग्राम पोतरा से पंप की चोरी करना बताया। आरोपी खिलेंद्र चैहान उर्फ पांवा पिता कमलसाय चैहान उम्र 21 साल निवासी रूडूकेला थाना लैलूंगा जिला रायगढ़ का मेमोरेंडम कथन लेकर आरोपी के निशानदेही पर उसके घर से चोरी की 3 हार्स पावर सोलर पंप कीमती 15,000 को बरामद किया गया है। आरोपी खिलेंद्र चैहान का साथी उसके घर से फरार मिला जिसकी पतासाजी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी खिलेंद्र चैहान को नकबजनी के अपराध में रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी की पतासाजीध्गिरफ्तारी में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज, प्रधान आरक्षक सुमेश गोस्वामी, आरक्षक हेलारियुस तिर्की, राजू तिग्गा की प्रमुख भूमिका रही है।

### 145 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने किया मतदान

मनेंद्रगढ़ 08 नवंबर (देशबन्धु)। होम वोटिंग के अंतर्गत मंगलवार को जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के 80 वर्ष से अधिक की आयु के कुल 94 बुजुर्ग तथा चलने-फिरने में असमर्थ 51 दिव्यांग मतदाताओं ने अपने घरों में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसके अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 01 भरतपुर-सोनहत के 33, तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 02 मनेंद्रगढ़ के 61 बुजुर्ग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 01 भरतपुर-सोनहत के 28, तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 02 मनेंद्रगढ़ के 23 दिव्यांग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नरेंद्र कुमार दुग्गा के निर्देशानुसार जिले में होम वोटिंग के अंतर्गत मतदान के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी। मतदान दल के सभी अधिकारी-कर्मचारी माइक्रो आब्जर्वर तथा रूट प्रभारी के साथ निर्धारित समय में मतदाताओं के घरों में पहुंचकर मतदान के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। मतदान करने के पश्चात् बहुत ही प्रसन्न नजर आ रहे जिले के दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं ने अपने लिए अत्यंत उपयोगी एवं महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के इस महत्वपूर्ण व्यवस्था के कारण आज उन्हें अपने शारीरिक असमर्थता के बावजूद भी अपने घर में मताधिकार का प्रयोग करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की होम वोटिंग की नई व्यवस्था हमारे लिए अच्छी सुविधा है।

# त्यौहारी सीजन आते ही सतर्क हुआ प्रशासन, खाद्य व औषधि विभाग ने की कार्रवाई

## सेम्पल जांच के लिए भेजा राज्य औषधी परीक्षण केन्द्र रायपुर





**मनेन्द्रगढ़** 8 नवंबर (देशबन्धु)। नियंत्रक, आयुक्त खाद्य संरक्षा छत्तीसगढ़ एवं कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार दुग्गा के निर्देशानुसार जिले के समस्त मिठाई दुकानों का सतत् एवं सघन निरीक्षण किया जा रहा है। दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए नकली खोवा तथा गुणवत्ताहीन मिठाई की बिकी की संभावना बढ़ जाती है। सीमावर्ती राज्यों से मिलावटी खोवा, मावा, कुंदा इत्यादि खाद्य की आपूर्ति की आशंका होती है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। मिलावट की आशंका के मद्देनजर वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता व टीम द्वारा मेसर्स पेड़ा भण्डार, गांधी चौक, मनेन्द्रगढ़ से मिठाई पेड़ा का मेसर्स राहुल स्वीट्स, झगराखण्ड, मनेन्द्रगढ़ से रसगुल्ला और मैसर्स गणेश ट्रेडर्स, गोदरीपारा चिरमिरी से गुड़ का विधिक नमूना जब्त कर परीक्षण एवं विश्लेषण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर भेजा गया है। राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर से परीक्षण तथा विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम 2011 के सुसंगत प्रावधानों के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

# निर्वाचन ड्यूटी में तैनात मतदान दलों के लिए बनाए गए हैं सुविधा केन्द्र

## मतदान शुरू, पहले दिन बुधवार को 882 मतदाताओं ने डाकमत पत्र के माध्यम से किया अपने मताधिकार का प्रयोग



**अम्बिकापुर** 8 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत निर्वाचन ड्यूटी में तैनात मतदान दल के अधिकारी, कर्मचारियों एवं संगवारी, दिव्यांग मतदान केंद्रों के कर्मी सुरक्षाबल, सहित अन्य मतदाताओं को मतदान की सुविधा के लिए डाकमत पत्र से मतदान करने सुविधा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इन सुविधा केंद्रों में होलीक्रॉस कॉन्वेंट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ रोड अम्बिकापुर, में बुधवार को लुण्ड्रा विधानसभा के मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया। पहले दिन कुल 882 मतदाताओं ने डाकमत पत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी प्रकार 09 नवंबर को कार्मेल कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल, रिंग रोड नमनाकला में और 10 नवंबर को होलीक्रॉस सीनियर सेकेंडरी कॉन्वेंट स्कूल, अम्बिकापुर सुविधा केंद्र में मतदान किया जाना है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार जिला सरगुजा के मतदाता जो कि मतदान दिवस पर चुनाव कार्य में तैनात रहेंगे डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान करेंगे। डाकमत पत्र से मतदान करने वालों में पोलिंग पार्टी के मतदानकर्मी, पुलिस सुरक्षा कर्मी, संगवारी मतदान केंद्र के मतदानकर्मी, युवा मतदान केंद्र कर्मी, वाहन प्रभारी, माइक्रो आब्जर्वर, अन्य जिले के कर्मचारी शामिल है, इन्हें डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान कराया जा रहा है।

## अनिवार्य सेवा के कर्मियों के लिए कलेक्ट्रेट में मतदान केन्द्र स्थापित

**कोरिया** 8 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने अनिवार्य सेवाओं के रूप में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत विभाग को अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किया गया है। अधिसूचित विभाग के अनुपस्थित मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान करने के लिए रिटर्निंग ऑफिसर 3 बैकुण्ठपुर में 9 नवम्बर से 11 नवम्बर तक सुबह 9 से सायं 5 बजे तक कार्यालय कलेक्ट्रेट में स्थापित मतदान केन्द्र में पोटल बैलेट के माध्यम से मतदान करने की सुविधा दी गई है।

## मदिरा दुकान बंद रखने कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**बलरामपुर** 8 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जारी निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में 17 नवंबर 2023 को होने वाले मतदान के अवसर पर 15 नवम्बर को सायं 5 बजे से 17 नवम्बर 2023 को सम्पूर्ण दिवस तक शुष्क दिवस घोषित किया है। इस अवधि में जिले में स्थित समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा का विक्रय पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा।

## स्कूली बच्चों के साथ सायकिल चलाकर विशेष प्रेक्षकों ने दिया शत-प्रतिशत मतदान का संदेश

सभी विशेष प्रेक्षकों ने स्कूली बच्चों के साथ सायकिल चलाकर रैली के माध्यम से मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया। मतदाताओं को जागरूक करने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित यह स्वीप सायकिल रैली मल्टीपरपज स्कूल से शुरू होकर महामाया चौक, जयस्तंभ चौक, राम मंदिर, ब्रम्ह चौक, संगम चौक से गुदरी चौक होते हुए पुन: मल्टीपरपज स्कूल ग्राउंड में समाप्त हुई। सरगुजा संभागायुक्त श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी विशेष प्रेक्षकों, प्रेक्षकों, सहित आईजी, कलेक्टर, एसपी ने सायकिल चलाई और लोगों को मतदान करने प्रेरित किया। इसके साथ ही हजारों की संख्या में स्कूली बच्चों ने सायकिल रैली में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।



## विशेष प्रेक्षक संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ पहुंचे अम्बिकापुर

**अम्बिकापुर** 8 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए नियुक्त किए गए विशेष प्रेक्षक निर्वाचन की तैयारियों का जायजा लेने बुधवार को सरगुजा जिला पहुंचे। आयोग द्वारा नियुक्त विशेष सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री धर्मेन्द्र एस. गंगवार, विशेष पुलिस प्रेक्षक आईपीएस श्री अनिल कुमार शर्मा, विशेष व्यय प्रेक्षक आईआरएस श्री राजेश टूटेजा हैं। इनके साथ संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर भी उपस्थित रहे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री बी सी सतीशा, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री रूपवंत सिंह, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री पी कोटेश्वर राव हैं, पुलिस प्रेक्षक आईपीएस श्री अमित बरदार, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर के व्यय प्रेक्षक आईआरएस श्री विजय बहादुर वर्मा, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर के व्यय प्रेक्षक आईआरएस श्री मंजूनाथ ए.एन., संभागायुक्त शिखा राजपूत तिवारी,आईजी अंकित गर्ग, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार तथा पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने सर्किट हाउस में सभी विशेष प्रेक्षको से मिलकर उनका स्वागत किया।

# ऑटो में बैठकर गांजा ला रहे दो युवक पकड़ाये, 10 किलो गांजा बरामद

## दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर भेजा गया जेल



**रायगढ़** 08 नवंबर (देशबन्धु)। चक्रधरनगर पुलिस को गांजा रेड कार्रवाई में 2 अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। तस्करों के कब्जे से 10 किलो गांजा बरामद हुआ है, जिसकी कीमत लगभग 1 लाख रुपए बताई जा रही है। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

**मुखबिर से मिली थी सूचना**

थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार के निर्देशन पर मादक पदार्थों पर कार्रवाई के लिए मुखबिर सक्रिय कर रखा गया है। थाना प्रभारी चक्रधरनगर को कल सुबह मुखबीर से सूचना मिली कि कनकतोरा (ओडिसा)- एकताल रोड़ की ओर से दो व्यक्ति जिसमें से एक व्यक्ति एक विमल पान मसाला का थैला के अंदर एवं दूसरा व्यक्ति एक काला रंग का बैग में मादक पदार्थ गांजा लेकर सवारी ऑटो से रायगढ़ की ओर निकले हैं।

थाना प्रभारी द्वारा एकताल बैरियर पर लगे एसएसटी टीम को अलर्ट कर गांजा रेड के लिए टीम एकताल रवाना किया गया। चक्रधरनगर पुलिस टीम द्वारा एकताल बेरियर के पास ओड़िसा की ओर से आ रही ऑटो क्रमांक सीजी 13 वाई 6493 को रूकवाया गया। सवारी ऑटो में चालक सहित पांच सवारी बैठे थे। पूछने पर चालक अपना नाम शहबाज खान निवासी मौदहापारा रायगढ़ और सवारी नवरतन मेहर निवासी बजरंगडीपा रायगढ़, मदन यादव निवासी बजरंग पारा रायगढ तथा मुखबीर के बताये अनुसार हुलिया वाले दो संदेही सवारी मिले जिन्होंने अपना नाम पता देवीलाल मीणा पिता कन्हैया लाल मीणा उम्र 55 वर्ष साकिन आम्बेह लबाचक्र थाना फतेगढ जिला गुना मप्र, दौलत बंजारा पिता प्रेमसिंह बंजारा उम्र 32 वर्ष साकिन अम्बे थाना कुम्हराज जिला गुना मप्र का होना बताये। दोनों संदेहियों के संबंध में ऑटो चालक से पूछने पर दोनों को कनकतोरा (ओडिसा) से रायगढ के लिए 200 रूपये में सवारी बैठाना बताया। दोनों के पास रखे थैला और बैग की तलाशी में पुलिस को 10 किलो गांजा, कीमती 1 लाख रूपये का मिला जिसके संबंध में दोनों संदेहियों ने अवैध बिक्री के लिए लेकर जाना बताये। आरोपी - देवीलाल मीणा और दौलत बंजारा पर थाना चक्रधरनगर में धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## एसएसपी के दिये निर्देश पर एडिशनल एसपी ने किया चेक पोस्ट का निरीक्षण

**रायगढ़** 08 नवंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर कल दोपहर एडिशनल एसपी संजय महादेवा के साथ एसडीओपी धरमजयगढ़, एसडीओपी खरसिया, ट्रैफिक डीएसपी, प्रशिक्षु डीएसपी एवं नगर कोतवाल ने जिले के रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले चेक पोस्ट कठली, लारा, बडमाल, एकताल का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान ग्राम कठली पर तैनात टीम के साथ अधिकारियों ने वाहनों की जांच में शामिल होकर आने-जाने वाले वाहनों को चेक कर रिकॉर्ड हेतु संधारित रजिस्टर को चेक किया गया। एडिशनल एसपी तथा अधिकारियों ने स्थैतिक निगरानी दल के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देशित करते हुए चेक पोस्ट पर वाहनों की बारीकी से जांच करने और आदर्श आचरण संहिता के अनुसार किसी भी चुनाव प्रभावित सामग्रियों के मिलने पर तत्काल अधिकारियों को सूचना देने के निर्देश दिए गए। गौरतलब है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन पर



जिले के तीनों विधानसभा में स्थैतिक निगरानी दल सभी 20 चेक पोस्ट पर निगरानी पर चैबीसों घंटे तैनात हैं। एसएसटी टीम द्वारा चेक पोस्ट से गुजरने वाले वाहनों की जांच के साथ जिले में उड़नदस्ता निर्वाचन व्यय, नगदी, अवैध शराब अथवा चुनाव प्रभावित सामग्रियां के आवाजाही पर कड़ी नजर रखे हुए है। जिले में प्रशासन व पुलिस द्वारा आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है। एडिशनल एसपी संजय महादेवा के साथ चेक पोस्ट के निरीक्षण दौरान पुलिस एसडीओपी धरमजयगढ़ श्री दीपक मिश्रा, एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल, ट्रैफिक डीएसपी रमेश कुमार चंद्रा, प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखीसरानी, थाना प्रभारी कोतवाली शनिप रात्रे एवं थाना प्रभारी चक्रधरनगर प्रशांत राव अहेर द्वारा वाहनों की जांच करते हुए सुरक्षा का

# निष्पक्षता, गोपनीयता और पारदर्शिता के साथ कार्य करें-कलेक्टर

## जिम्मेदारी को समझें, निर्वाचन तक कोई अवकाश नहीं निर्वाचन कार्य के नोडल अधिकारियों से ली फीडबैक

**कोरिया** 8 नवंबर (देशबन्धु)। मुझे विश्वास है कि आप लोगों को बताए गए या सौंपे गए जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहे होंगे। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों पर आप लोग कार्य कर रहे होंगे। यह बात आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, बैकुण्ठपुर में निर्वाचन कार्य में लगे नोडल अधिकारियों को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने कही। श्री लंगेह ने एक-एक नोडल अधिकारियों को सौंपे गए जिम्मेदारियों के बारे में फीडबैक भी ली। श्री लंगेह ने कहा कि मतदान तिथि महज 8-9 दिन बचे हैं। ऐसे में सभी नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी है कि मतदान तिथि के पहले सभी आवश्यक कार्य पूरा कर लें।



उन्होंने आबकारी अधिकारी से कहा कि जिले में अवैध शराब या नशे के खिलाफ कार्यवाही करें। अवैध रूप से शराब बेचने वाले कोचियों की धरपकड़ कर उनके खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने मतदान तिथि के पहले मतदान केन्द्रों में सभी तरह की सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित नोडल अधिकारियों को दिए। दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था समय पूर्व करने के निर्देश देते हुए कहा कि स्वयं जाकर इसकी पड़ताल भी करें। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अस्पताल में सभी प्रकार की जांच, इलाज, दवाई सहित पर्याप्त संख्या में एम्बुलेंस व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारियों, कर्मचारियों से कहा कि निष्पक्षता, गोपनीयता और पारदर्शिता के साथ निर्वाचन कार्य को सम्पन्न करें। किसी भी हालत में कोताही नहीं बरती जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों से कहा कि अपनी जिम्मेदारियों को बेहतर समझे और निर्वाचन कार्य तक अवकाश न लें।

## सार-संक्षेप

### प्रेक्षक ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



जांजगीर, 08 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 33 अकलतरा एवं 34 जांजगीर-चांपा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आईएएस सुश्री प्रीति ने मतदान केन्द्रों एवं दिव्यांग एवं वयोवृद्ध मतदाताओं के घर जाकर डाक मत पत्र के द्वारा कराये जा रहे मतदान का निरीक्षण किया। इस दौरान मतदान केन्द्र क्रमांक 118 के 80 से अधिक आयु वर्ग के मतदाता आनंद कुंवर पति जीवनलाल साहू को घर में मतदान कराए जाने के कार्यवाही का निरीक्षण गया। प्रेक्षक द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 34 जांजगीर-चांपा के मतदान केन्द्र क्रमांक 109, 110, 111, 106, 107, 108 ग्राम खोखरा, 118, 119 ग्राम मेंहदा एवं 120 ग्राम सेवई का निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत मतदान केन्द्र क्रमांक 121, 122 ग्राम कुटरा का निरीक्षण किया गया। उन्होंने मतदान के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केन्द्रों में पेयजल, रैम्प, बिजली, शौचालय सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का अवलोकन किया एव आवश्यक निर्देश दिए गए।

### दिव्यांशु को मिला गोल्ड पुरस्कार



सारंगढ 8 नवंबर (देशबन्धु)। नगर के शैलेंद्र देवागंन जो कि पोस्ट विभाग रायगढ में पदस्थ हैं के पूत्र दिव्यांशु को केन्द्रीय विद्यालयों के लिए आयोजित राष्टीय प्रतियोगिता में दस मीटर एयर राइफल पीप निशानेबाजी में गोल्ड मेडल मिला है जिससे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है तथा शैलेंद्र को दिव्यांशु की इस उपलब्धि के लिए उनके मित्रों दीपक थवाईत शौरभ कदम संजू बानी मनमोहन देवागंन नवीन बानी नवीन श्रीवास्तव नरेन्द्र मेहर प्रमोद मिश्रा देव देवागंन अविनाश वाल्टर इत्यादि ने बधाई दिया है।

### कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने निर्वाचन कार्यो के संबंध में ली समीक्षा बैठक

**सारंगढ़** 8 नवंबर (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने सभाकक्ष ने आगामी विधानसभा निर्वाचन कार्यों की व्यवस्था के संबंध में बैठक ली। कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारियों की बैठक व्यवस्था, ईवीएम मशीनों के स्टोरेज एवं साफ-सफाई, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था आदि के संबंध में तैयारियों की समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा संगवारी मतदान केन्द्रों को विशेष थीम के आधार पर सजावट करने एवं सभी आदर्श मतदान केन्द्रों में सेल्फी जोन स्थापित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा द्वय स्निग्धा तिवारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### अवैध परिवहन पर हुई कार्रवाई, 7 वाहन जब्त

**जांजगीर,** 08 नवम्बर (देशबन्धु)। खनिज उड़नदस्ता टीम द्वारा जिला जॉजगीर-चॉपा के पीथमपुर एवं पामगढ़ क्षेत्र में खनिजो के अवैध परिवहन वाहनो व अवैध भण्डारण करने वाले स्थलो का औचक जाँच किया गया। खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि जॉच के दौरान जिले में अवैध परिवहन करने वाले खनिज रेत के 05 प्रकरण (3 ट्रैक्टर, 02 हाईवा), खनिज पत्थर के 02 प्रकरण (02 हाईवा) दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में खनिजों के अवैध परिवहन करने वाले 07 वाहनों को जप्त कर अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमो के तहत कार्रवाई की जावेगी समस्त वाहनो को पुलिस अभिरक्षा मे रखा गया है। जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरन्तर जॉच किया जा रहा है। अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्रवाई की जावेगी।

### फ्रेशर पार्टी में जमकर थिरके छात्र छात्राएं

**मनेन्द्रगढ़** 08 नवम्बर (देशबन्धु)। आदर्श पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट मनेन्द्रगढ़ में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें फाइनल के विद्यार्थियों ने फर्स्ट ईयर के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को फ्रेशर पार्टी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संकल्प एजुकेशन फाउंडेशन एवं वेलफेयर सोसायटी अनूपपुर के चैयरमेन अंकित शुक्ला रहे। बुधवार को आमाखेरवा रोड स्थित इंस्टीट्यूट परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में कॉलेज के स्टूडेंट्स ने लोकगीतों और देशभक्ति गीतों पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्था के विद्यार्थियों और द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राओं ने अपना भरपूर योगदान दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संकल्प ग्रुप के चैयरमैन अंकित शुक्ला द्वारा दीप प्रज्वलित करके सरस्वती वंदना के साथ किया गया। उन्होंने अपने विचार रखते हुए कहा की पार्टी का मुख्य उद्देश्य नवागत विद्यार्थियों को संस्था के शैक्षिक वातावरण एवं अन्य सभी गतिविधियों से अवगत कराने के साथ विद्यार्थियों को एक मनोरंजक एवं सुलभ माहौल प्रदान करना है जिससे सभी विद्यार्थी आपस में घुल-मिलकर अवसाद से मुक्त होकर अपनी शैक्षणिक गतिविधियों को पूरा कर सकें। फ्रेशर्स पार्टी के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस मौके पर संस्था के संचालक रमेश सोनी, सह संचालक संजू सोनी, शिक्षक सोहन यादव,संजय मिश्रा, प्रिया,मनीषा सिंह के साथ साक्षी, दिव्या, दीप,पूजा सिंह,सुनीता,नेहा,अल्पा सिंह,मीनाक्षी, सविता,चंदा, प्रिंसेस,रिंकी,रिया,मनीषा,सोनू,हिरमतिया, किरण, सुजीत,प्रीति,नंदिनी, विनोद,आरजू, नीरा, तन्वी, विवेक, दीपक, देवेन्द्र, रोहन, पूजा, मानमती, सुमन, मोनिका, समीक्षा, नैन्सी, नेहा सिंह, रीता, सचिन, यशवंत, नाजिया, दिव्या, नम्रता, पार्वती सहित कॉलेज का सारा स्टाफ उपस्थित रहा।

# मतदान जागरूकता के दीपों से जगमगाया शिवरीनारायण का महानदी घाट

## नागरिकों, छात्र-छात्राओं ने रंगोली व दीपदान कर शत-प्रतिशत मतदान करने की ली शपथ



**जांजगीर**, 08 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता एवं शिवरीनारायण में बावा घाट के तट पर महानदी में दीपदान कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि आज हम जिस तरीके से महानदी के तट पर दीपदान करने उपस्थित हुए है, इसी तरह से मतदान के दिन अपना मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने आगामी विधानसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान करने की नागरिकों, छात्र-छात्राओं को शपथ दिलायी। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व को मजबूत बनाने की हम सभी की जिम्मेदारी है और शत प्रतिशत मतदान करते हुए सार्थक होगी।

कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 18 टीमों की कुल 70 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद के कुमारी यामिनी रात्रे एवं टीम ने प्रथम, आत्मानंद स्कूल शिवरीनारायण की कुमारी साइना खान एवं टीम ने द्वितीय स्थान तथा शासकीय चंद्रकिरण शर्मा पूर्व माध्यमिक विद्यालय शिवरीनारायण की कुमारी दुर्गेश्वरी एवं टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन तीनों विजेता की टीम को कलेक्टर ने मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया साथ मे अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना, प्रशंसा पुरस्कार दिया गया। महानदी तट पर कॉलेज छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित महिलाओं और बड़ी संख्या में ग्रामीणों द्वारा दीपदान कर शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली। इस अवसर पर जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर डॉ आराध्या राहुल कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती संध्या वर्मा, खरौद सीएमओ बोधराम नायब तहसीलदार कुणाल पांडेय, सहायक जिला स्विप नोडल अधिकारी प्रोफेसर व्ही.के. पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रत्याशियों का 10 एवं 14 को किया जाएगा लेखा व्यय निरीक्षण

जांजगीर,`8 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले के तीनो विधानसभा के अभ्यर्थियों के लिए व्यय लेखा निरीक्षण कराने की तिथि व स्थान एवं समय निर्धारित किया गया है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी ईईएम श्री आर के खुंटे ने बताया कि अभ्यर्थी या अपने अधिकृत अभिकर्ता के द्वारा अपना निर्वाचन व्यय लेखा निरीक्षण हेतु प्रस्तुत करेंगे। व्यय लेखा निरीक्षण के लिए जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के सभाकक्ष में ៀ नवंबर एवं 14 नवंबर को अकलतरा विधानसभा के लिए व्यय लेखा प्रस्तुत करने के लिए सुबह 11 बजे, जांजगीर चांपा विधानसभा के लिए अभ्यर्थी दोपहर 1 बजे एवं पामगढ़ विधानसभा के लिए 3 बजे समय निर्धारित रखा गया है।

## मतदान दलों का तृतीय चरण का प्रशिक्षण आयोजित

मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों का विधानसभावार दलवार प्रशिक्षण 08 नवम्बर से 10 नवम्बर तक प्रातः 11 बजे से प्रथम पाली एवं दोपहर 2 बजे से द्वितीय पाली में तृतीय चरण प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 33 अकलतरा में दिनांक 8 नवम्बर को प्रथम एवं द्वितीय पाली में शासकीय जाज्वल्यदेव कन्या महाविद्यालय जांजगीर, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 34 जांजगीर-चांपा 08 नवम्बर को प्रथम एवं द्वितीय पाली शासकीय आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्रमांक-1 हाई स्कूल मैदान जांजगीर, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 35 सक्ती 8 नवम्बर को प्रथम एवं द्वितीय पाली शासकीय आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्रमांक- 2 खोखरा भांठा जांजगीर में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में ई.व्ही.एम. द्वारा मतदान की कार्यप्रणाली, मतदान दलों को ई.व्ही.एम. को मतदान के लिए तैयार करने, ई.व्ही.एम. के बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट की कार्यप्रणाली, मतदान के दौरान सावधानी, एवं आवश्यक कार्यवाही एवं प्रक्रिया, बैलेट यूनिट और कंटोल यूनिट की सिलिंग की प्रक्रिया तथा मतदान संपन्न होने के बाद सामग्री जमा करने की निर्धारित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी मतदान दलों को प्रदान करने के लिए प्रशिक्षकों को निर्देशित किया। प्रशिक्षण स्थलों का अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरके खुंटे सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षार्थियों से निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारू रूप से संचालन कराने को लेकर प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारी एवं दिशा निर्देशों के तहत कार्य करने के निर्देश दिए। इस प्रकार 9 नवम्बर को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 33 अकलतरा में प्रथम एवं द्वितीय पाली में शासकीय जाज्वल्यदेव कन्या महाविद्यालय जांजगीर, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 34 जांजगीर-चांपा प्रथम एवं द्वितीय पाली शासकीय आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्रमांक - 1 हाई स्कूल मैदान जांजगीर, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 38 पामगढ़ अंतर्गत प्रथम एवं द्वितीय पाली शासकीय आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्रमांक - 2 खोखरा भांठा जांजगीर में प्रशिक्षण आायोजित किया जाएगा।



## रा कु सिंह उमा शाला के रासेयो प्रकोष्ट श्रेष्ठ विद्यालय के रूप मे पुरस्कृत



**जांजगीर**, 08 नवम्बर (देशबन्धु)। अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला अकलतरा राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष एवं महिला इकाई द्वारा सत्र 2022-23 मे किये गए उल्लेखनीय कार्य हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर श्रेष्ठ विद्यालय के रूप मे पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार के रूप में 10,000 की नगद राशि एवं प्रशस्ति पत्र शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय में तृतीय कुल उत्सव के अवसर पर कुलपति डॉ ललित प्रकाश पटेरिया एवं विशिष्ट अतिथि डॉ प्रवीण कुमार पाण्डेय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग एवं कुल सचिव सौरभ शर्मा के कर कमलों से प्राचार्य आरके विश्वकर्मा तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी द्वय आरके पांडे एवं वर्षा यादव को प्रदान कर सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत 172 रासेयो इकाइयों में से एक महाविद्यालय और एक विद्यालय का चयन श्रेष्ठ संस्था के रूप में किया गया है, इस सफलता के लिए सौरभ सिंह अध्यक्ष अ.ए.ट्र. एवं क्षेत्रीय विधायक, अशोक अग्रवाल उपाध्यक्ष, ईश्वर खंडेलिया सचिव, पंकज दोषी सह सचिव, स्वप्निल जैन कोषाध्यक्ष,विकास केडिया आय व्यय निरीक्षक, एवं सदस्यों तथा डॉ सुशील कुमार एक्का कार्यक्रम समन्वयक रासेयो प्रकोष्ठ, प्रो बीके पटेल जिला संगठक जांजगीर-चांपा द्वारा शाला के प्राचार्य, व कार्यक्रम अधिकारी द्वय एवं स्वयंसेवकों को शुभ कामनायें प्रेषित की गई।

## अवैध शराब भंडारण के विरुद्ध की गई कार्रवाई



**जांजगीर**, 08 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब निर्माण एवं भंडारण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी प्रवीण वर्मा ने बताया कि कुल प्रकरण 06 में 262.960 बल्क लीटर (259 लीटर महुआ शराब, 3.960 ली. देशी मदिरा) जब्त किया गया एवं 3300 कि.ग्रा. महुआ लहान (नष्ट) किया गया। उन्होंने बताया कि ग्राम खोरसी सबरिया डेरा में नदी किनारे से 100 बल्क लीटर एवं 1300 किग्रा महुआ लहान (नष्ट) बरामद, ग्राम देवरी सबरिया डेरा में तालाब किनारे से कुल 70 बल्क लीटर महुआ शराब एवं 1200 कि.ग्रा. महुआ लहान (नष्ट ) बरामद, ग्राम रहौद सबरिया डेरा में तालाब किनारे कुल 60 बल्क लीटर महुआ मदिरा एवं 800 किग्रा महुआ लहान (नष्ट) बरामद, ग्राम कटौद में सबरिया डेरा के बांधातालाब के किनारे से 25 बल्क लीटर महुआ मदिरा बरामद किया गया। उक्त मदिरा बरामद किये जाने पर आब.अधि. की धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम किया गया। इसी प्रकार ग्राम खैरताल में संतोष के संज्ञान आधिपत्य से 04 बल्क लीटर महुआ मदिरा बरामद किये जाने पर आब. अधि. की धारा 34 (1) क के तहत प्रकरण कायम किया गया। ग्राम मिस्दा में टीकम के संज्ञान आधिपत्य से 22 पाव कुल 3.96 बल्क लीटर देशी मदिरा प्लेन बरामद किये जाने पर आब.अधि. की धारा 34(1) ख के तहत प्रकरण कायम किया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक मनोज राठौर, रमेश सिदार एवं यीवरेश कुमार एवं मुख्य आरक्षक नेतराम बंजारे, अनवर मेनन एवं आरक्षक राजेश पाण्डे, देवदत्त जायसवाल, गीताकमल एवं लक्ष्मी भगत शामिल रहे।

## एनसीसी, एनएसएस व स्काउट गाईड्स करेंगे दिव्यांग, बुजुर्ग, जरूरतमंदों की सहायता

### कलेक्टर ने ली प्रभारी अधिकारियों की बैठक





**जांजगीर**, 08 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में जिले के सभी राष्टीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारियों, भारत स्काउट एवं गाइड के प्रभारी अधिकारियों की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। बैठक में आगामी विधानसभा निर्वाचन के दौरान प्रत्येक मतदान केन्द्र में दिव्यांग एवं वृद्धजन मतदाताओं सहित जरूरतमंद मतदाताओं की सहायता करने एनसीसी व एनएसएस एवं स्काउट प्रभारियों को कहा। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर के खुंटे, जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर डॉ. आराध्या राहुल कुमार, जिला स्वीप सहायक नोडल अधिकारी प्रो. बीके पटेल, भारत स्काउट गाइड के जिला सचिव परमेश्वर स्वर्णकार, एमएल कश्यप सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं एनसीसी व एनएसएस प्रभारी उपस्थित थे।

बैठक में आगामी विधानसभा निर्वाचन में 17 नवम्बर 2023 को रासेयो तथा भारत स्काउट एवं गाइड की भूमिका पर चर्चा की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि वृद्धजन तथा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के दौरान कोई असुविधा ना हो तथा उनका शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो सके, इसके लिये इस बार भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एन.एस.एस. एवं स्काउट गाइड के स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं का सहयोग लिया जा रहा है। उन्होने कहा कि सभी प्राचार्य, रासेयो अधिकारी, स्काउट गाइड प्रभारी अपनी-अपनी संस्थाओं के स्वयं सेवकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा उन्हे मार्गदर्शन करने में मदद करें। जिन स्वयंसेवकों की ड्यूटी नहीं लगी है, वे भी अपना परिचय पत्र एवं बैज तथा यूनीफार्म के साथ उपस्थित हो सकते हैं परन्तु इसके लिये उचित माध्यम से पूर्व सूचना जिला निर्वाचन कार्यालय के स्वीप शाखा में जमा करनी होगी। नये स्वयं सेवकों की सेवा कार्य हेतु ड्यूटी लगाने के लिये जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री भारती वर्मा तथा रा.से.यो. के जिला संगठक प्रो. बीके पटेल को अधिकृत किया गया है।


## नाबालिग से दुष्कर्म, युवक को दस साल कठोर कारावास

**जांजगीर**, 08 नवम्बर (देशबन्धु)। नाबालिग को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर उससे दुष्कर्म करने वाले आरोपी को प्रथम सत्र न्यायाधीश सुरेश जून ने दस वर्ष कठोर कारावास और 1 लाख 30 हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

अभियोजन के अनुसार नैला चौकी क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कमाने खाने महाराष्ट्र अपनी पत्नी के साथ गया था। 9 अप्रैल 2018 को रात 8 बजे उसके भाई ने मोबाइल से सूचना दी कि शाम 6.30 बजे से उसकी 16 साल की बेटी का पता नहीं चल रहा है। वह कहीं चली गई है। उसके पिता 11 अप्रैल को गांव आया और अपनी बेटी की पतासाजी की। मगर कोई पता नहीं चला। किसी के द्वारा बहला फुसलाकर ले जाए जाने की आशंका जताई। पुलिस ने अज्ञात आरोपित के विरूद्ध अपराध दर्ज किया। विवेचना से यह ज्ञात हुआ कि ग्राम कापन निवासी विजय कुमार मोहले के पास नाबालिग है। पुलिस ने उसके कब्जे से नाबालिग लड़की को बरामद किया । पूछताछ में उसने ताया कि शादी का झांसा देकर विजय उसे बहला फुसलाकर घर से ले गया और उससे शारीरिक संबंध बनाया। पुलिस ने आरोपी विजय कुमार मोहले को गिरफ्तार कर जेल भेजा और उसके विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया।

मामले की सुनवाई कर प्रथम सत्र न्यायाधीश सुरेश जून ने आरोपी विजय कुमार मोहले (20) को भादवि की धारा 363 के लिए तीन वर्ष कठोर कारावास और दस हजार रूपये अर्थदंड, धारा 366 के लिए पांच वर्ष कठोर कारावास और 20 हजार रूपये अर्थदंड तथा 376, 2 एन के लिए दस वर्ष कठोर कारावास और एक लाख रूपये का अर्थदंड से दंडित किया।

## प्रथम रेन्डमाइजेशन में शामिल हुए सामान्य प्रेक्षक



**सारंगढ़** 8 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत सारंगढ़ विधानसभा-17 के सामान्य प्रेक्षक श्री तापस राय, कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी तथा राजनीतिक दलों के अभ्यर्थी और उनके प्रतिनिधियों के सामने कलेक्टोरेट सभाकक्ष सारंगढ़ में प्रथम रेन्डमाइजेशन (पूरक) किया गया। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने राजनीतिक दलों को जानकारी दी कि प्रथम रेन्डमाइजेशन में मेरे (जिला निर्वाचन अधिकारी) के आधिपत्य से वोटिंग मशीनों को 40-40 के हिसाब से दोनों विधानसभा को आबंटित किया गया था, जिसका 20 मेरे आधिपत्य में शेष है। प्रथम रेन्डमाइजेशन में एलाट मशीनों का द्वितीय रेन्डमाइजेशन में मतदान केन्द्रवार आबंटित किया गया। कमिशनिंग के दौरान इन मशीनों में चुनाव चिन्ह इंस्टाल के दौरान कुछ मशीनों (बीयू, सीयू, व्हीव्हीपैट) में तकनीकी कारण (एरर) से रिजेक्ट किया गया। इनके स्थान पर रिजर्व में रखे गए मशीनों में चुनाव चिन्ह इंस्टाल किया गया है। अब इन रिजर्व में रखे मशीनों का स्थान रिक्त है, जिसके लिए यह प्रथम रेन्डमाइजेशन (पूरक) का आयोजन आपके समक्ष किया गया।

जनरल आब्जर्वर तापस राय ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को कहा कि यदि उन मशीन, जिसमें टाइम सेट नहीं हो पाया, उससे वोटिंग करेंगे तो वोटिंग का समय और मशीन का समय सेट नहीं होने से मतदान कार्य बाधित होगा, इसलिए उन मशीनों को बदला गया है। इस अवसर पर राजनीतिक दलों के प्रश्न करने पर जवाब में रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा ने कहा कि जो मशीन, निर्वाचन नियमों के तहत तकनीकी रूप से सही नही पाए गए, उनको हटाया गया है, रिजर्व में रखे अन्य मशीनों को उन मशीनों के बदले में चेक कर रखा गया। अब रिजर्व में खाली हुए मशीनों के स्थान को जिला निर्वाचन अधिकारी के आधिपत्य में रखे हुए मशीनों से भरने के लिए यह प्रथम रेन्डमाइजेशन (पूरक) किया गया है।

जनरल आब्जर्वर तापस राय, कलेक्टर एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष स्ट्रांग रूम को खोला गया और मशीनों का एंट्री कर दोनों रिटर्निंग अधिकारी को सौंपा गया। इसके बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष स्ट्रांग रूम को बंद किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा, डॉ. स्निग्धा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर टी.आर. महेश्वरी, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान उपस्थित थे।

# देश विदेश

## दक्षिणी म्यांमार में बम विस्फोट, चार की मौत, छह घायल

**यांगून।** दक्षिणी म्यांमार के बागो क्षेत्र में एक खेत में गिराए गए बम की चपेट में आने के कारण चार लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। सरकारी दैनिक अखबार द मिरर ने बुधवार को यह खबर दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह हमला पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) द्वारा मंगलवार को स्थानीय समय अपराह्न में करीब 2:15 बजे बागो क्षेत्र के वाव टाउनशिप में तनावक्युन गांव के पास सिताउंग नदी के तट पर एक मैदान में किया गया।

### आईडीएफ के प्रवक्ता जोनाथन कॉनरिकस बोले

# हमारा मिशन हमास के प्रत्येक गढ़ को ध्वस्त करना

**नई दिल्ली**, 8 नवम्बर (एजेंसियां)। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के कार्यवाहक प्रवक्ता जोनाथन कॉनरिकस ने बुधवार को कहा कि उनका मिशन गाजा में हमास के प्रत्येक गढ़ को नष्ट करना है। यह जानकारी मीडिया की खबरों में दी गई।

मिशन हमास के साथ जुड़ना है और बंकरों में भूमिगत दबे हमास के प्रत्येक गढ़ को नष्ट करना है। हम इसे योजना के अनुसार धीमे और सावधानीपूर्वक क्रम में कर रहे हैं। हमारी प्रगति अच्छी और ठोस है। यह एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण युद्धक्षेत्र है। दुर्भाग्यवश, हमास ने युद्धक्षेत्र बहुत अच्छी तरह से तैयार किया है। यह पूरी तरह से सुरंगों से घिरा हुआ है,%% द गार्जियन ने



बताया।

उन्होंने कहा कि उनमें से कई छोटी सामरिक सुरंगें हैं जो मूल रूप से युद्ध की स्थिति हैं जो हमास को एक सहयोगी से दूसरे सहयोगी के पास जाने की अनुमति देती हैं।

उभरना और फिर डूब जाना और कुछ लंबे, गहरे और चौड़े हैं। लेकिन हम धीरे-धीरे उन सभी तक पहुंच रहे हैं और लड़ाई के प्रत्येक दिन लाभ हासिल हो रहा है, उन्होंने कहा। उन्होंने कहा कि निर्देश निश्चित रूप से हमास के सभी नेताओं को मारने या पकड़ने का है.

जिन्होंने इज़राइल में 7 अक्टूबर के जानलेवा नरसंहार की योजना बनाई, उसे बढ़ावा दिया और उसे अंजाम दिया। हमने स्पष्ट रूप से कहा है. वे सभी मरे हुए आदमी हैं जो चल रहे हैं, उन्होंने कहा। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि यह गाजा के अंदर और गाजा के बाहर केवल समय की बात है, जब तक कि हमास के इन नेताओं को या तो इजरायल द्वारा पकड़ नहीं लिया जाएगा या मार नहीं दिया जाएगा।

## रक्षा मंत्री का दावा, गजा शहर के केंद्र तक पहुंची सेना



**यरूशलम।** इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने दावा किया है कि देश की थल सेना गाजा शहर के केंद्र तक पहुंच चुकी है। गैलेंट ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम गाजा शहर के केंद्र में हैं। उन्होंने कहा कि जब तक गाजा के हमास शासकों को खत्म नहीं कर दिया जाता तब तक संघर्ष को रोका नहीं जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि संघर्ष समाप्त होने के बाद भी इज़रायल गाजा पर सुरक्षा नियंत्रण बनाए रखेगा ताकि सुरक्षा खतरों की निगरानी तथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके, और हमें नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को विफल किया जा सके।

## गजा संघर्ष में संरा के 89 कर्मचारी मारे गए

**जिनेवा।** हमास-इजरायल के बीच जारी संघर्ष में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) 89 सहायता कर्मी मारे गए हैं, जो इतिहास में किसी संघर्ष में मारे गए संरा कर्मचारियों की सबसे अधिक संख्या है। फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संरा एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यूएनआरडब्ल्यूए ने हमास और इजरायल के बीच जारी संघर्ष को लेकर अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि सात अक्टूबर से गाजा पट्टी में लगभग 10.50 लाख लोग विस्थापित हुए हैं, लगभग 7,25,000 लोग गाजा के सभी पांच गवर्नरेट में 149 यूएनआरडब्ल्यूए प्रतिष्ठानों में शरण ले रहे हैं। संरा की रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 24 घंटों में गाजा के उत्तर में स्थित यूएनआरडब्ल्यूए का एक विद्यालय हमलों की चपेट में आ गया, जिसके परिणामस्वरूप विद्यालय में शरण लिए हुए आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों (आईडीपी) में से एक व्यक्ति की मौत हो गई और नौ घायल हो गए। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संरा कार्यालय के अनुसार, गाजा में संरा सुविधाओं में भीड़भाड़ अब बड़ी चिंता बनी हुई है। खान यूनिस प्रशिक्षण केंद्र में, जहां 22,000 विस्थापित लोगों ने आश्रय ले रहे हैं। यहां प्रति व्यक्ति जगह दो वर्ग मीटर से भी कम है और प्रत्येक 600 लोगों के लिए एक शौचालय है।



■ 10.50 लाख लोग अब तक विस्थापित हुए

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 9 नवम्बर , 2023 कार्तिक कृष्ण पक्ष 11**

### राशिफल

मेष - दीर्घकालिक आयोजन करने के लिए अनुकूल दिन है। आज का दिन आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से लाभदायक होगा। तन-मन से स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव करेंगे। मित्रों तथा स्वजनों की तरफ से भेंट या सौगात मिलेगी।

वृषभ - आप वाणी से आप लोगों को आकर्षित और प्रभावित कर सकेंगे। लोगों के साथ मेल-जोल बढ़ेगा। चर्चा या विवाद में आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे। लेखन कार्य या पठन कार्य में भी आपकी रुचि बढ़ेगी।

मिथुन - महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कठिनाई महसूस करेंगे। घर में माता और स्त्री वर्ग के लिए आप अधिक भावनाशील बन जाएंगे। अत्यधिक विचारों में डूबे रहने के कारण तनाव महसूस कर सकते हैं।

कर्क - तन-मन की ताज़गी के अनुभव के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। मित्रों तथा स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। लाभ तथा शुभ काम को शुरू करने के लिए आज का दिन अनुकूल है।

सिंह - परिवार के सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। महिला मित्रों की विशेष मदद मिलेगी। दूर बसनेवाले मित्रों और स्नेहीजनों के साथ संपर्क या संदेश व्यवहार आपके लिए लाभदायक साबित होंगे।

कन्या - आज के लाभदायक दिन आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। वाक्चातुर्य और मीठी वाणी से आप अच्छे और लाभप्रद संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट, उपहार और वस्त्रों की प्राप्ति होगी।

तुला - आज आपको स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना पड़ेगा। आपका मन बैचेन रहेगा। आपकी लापरवाही के कारण आप कठिनाई में पड़ सकते हैं। आप मनोरंजन और मौज मस्ती में पैसे खर्च करेंगे।

वृश्चिक - घर-परिवार के साथ आपको आनंद और संतोष की अनुभूति होगी। पत्नी और पुत्र की तरफ से अच्छे समाचार मिलेंगे। शुभ कार्य में भाग ले सकेंगे। विवाहोत्सुक जातकों के विवाह होने की संभावना है।

धनु - आज के दिन आपका काम सफल होगा। नए काम का आरंभ कर सकेंगे। व्यापार के लिए बेहतरीन योजना बना सकेंगे। नौकरी में उच्च अधिकारी से सार्थक चर्चा होगी। पदोन्नति हो सकती है।

मकर - आप अपने व्यापार के लिए नई शैली से काम करेंगे। लेखन और साहित्य संबंधी काम को आगे बढ़ा सकते हैं। शारीरिक थकावट और भय की अनुभूति होगी। संतान संबंधी चिंता आपको हो सकती है।

कुंभ - आपको गलत काम और नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह दी जाती है। ज्यादा सोच-विचार करने से मानसिक रूप से परेशान रह सकते हैं। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। परिवार में झगड़ा या विवाद हो सकता है।

मीन - भाग्य का साथ होने के आज का दिन अच्छी तरह व्यतीत होगा। बिजनेस में भागीदारी करनी हो तो समय अनुकूल है। जीवनसाथी के साथ निकटता का अनुभव होगा। मित्रों और स्नेहीजनों से भी मुलाकात हो सकती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1236 - सुल्तान रुकनुद्दीन फिरोज शाह को फांसी दी गई।
1270 - महान संत नामदेव का जन्म।
1580 - स्पेन की सेना ने आयरलैंड पर हमला किया।
1729 - ब्रिटेन, फ्रांस और स्पेन ने सेवाइल की सन्धि पर हस्ताक्षर कर दो वर्षों से चल रहे ब्रिटिश-स्पेनी युद्ध को समाप्त किया।
1794 - रुसी सेना ने पोलैंड की राजधानी वारसा पर कब्जा किया।
1877 - उर्दू के मशहूर कवि मोहम्मद इकबाल का जन्म।
1887 -अमेरिका को पर्ल हार्बर हवाई के अधिकार मिले।
1904 - देश के प्रसिद्ध वनस्पति विज्ञानी पंचानन माहेश्वरी का जन्म।
1906 - थिओडोर रूजवेल्ट अमेरिका के पहले राष्ट्रपति बने जिन्होंने पद पर रहते हुए देश के बाहर आधिकारिक यात्रा पर पनामा नहर निर्माण की प्रगति देखने गए थे।
1918 - जर्मनी एवं बोल्शेविक रूस के बीच ब्रेस्ट-लितोस्क की संधि,येरुशलम पर ब्रिटेन का अधिकार, एकेटरिंगबर्ग में जार, जारीना एवं उनके बच्चों को फांसी, जर्मन क्रांति,सम्राट विलियम द्वितीय द्वारा देश-त्याग,जर्मन गणतंत्र की उद्घोषणा।
1937 - जापानी सेना ने चीन के शंघाई शहर पर कब्जा किया।
1948 - जूनागढ़ रियासत का भारत में विलय।
1949 - कोस्टारिका में संविधान अपनाया गया।1953 - कंबोडिया को फ्रांस से आजादी मिली।
1960 - भारत के पहले एयर चीफ मार्शल सुब्रत मुखर्जी का निधन।
1962 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
1985 - एंटोली कारपोव को हरा कर तत्कालीन सोवियत रूस के 22 वर्षीय गैरी कास्पारोव दुनिया के सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैम्पियन बने।
1985 - ब्रिटेन के राजकुमार चार्ल्स और राजकुमारी डायना अमेरिका यात्रा पर गये।

## बांग्लादेश में इस साल डेंगू से 1,400 से अधिक मौतें

**ढाका**, 8 नवम्बर (एजेंसियां)। बांग्लादेश में इस साल अब तक डेंगू से 1,400 से अधिक मौतें हुई हैं, जबकि लगभग 300,000 लोग मच्छर जनित बीमारी से संक्रमित हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के नवीनतम आंकड़ों के आधार पर, इस साल डेंगू का प्रसार चिंताजनक स्थिति में पहुंच गया है। बुधवार तक कुल 283,593 मामले और 1,425 मौतें दर्ज की गईं। स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत डीजीएचएस द्वारा बताए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, इस साल डेंगू से हुई मौतों में नवंबर में 77, अक्टूबर में 359, सितंबर में 396, अगस्त में 342 और जुलाई में 204 मौतें शामिल हैं। डीजीएचएस के अनुसार, पिछले महीने 67,769 लोगों के मच्छर जनित बीमारी से संक्रमित होने की सूचना के बाद 1 से 7 नवंबर तक डेंगू के 12,418 नए मामले दर्ज किए गए। दक्षिण एशियाई देश में 24 घंटों में आठ और मौतें और 1,895 डेंगू संक्रमण दर्ज किए गए हैं। देश में सितंबर में डेंगू के मामलों में सबसे ज्यादा वृद्धि देखी गई, जिसमें 79,598 नए संक्रमण और 396 मौतें हुईं।

## भारत-अमरीका में टू प्लस टू वार्ता शुक्रवार कल

**नई दिल्ली,** 8 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत और अमरीका के बीच पांचवीं मंत्री स्तरीय टू प्लस टू वार्ता शुक्रवार को यहां होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर वार्ता में भारत का जबकि अमरीकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड आस्टिन अमरीका का प्रतिनिधित्व करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार वार्ता के दौरान दोनों देश रक्षा , सुरक्षा , प्रौद्योगिकी और लोगों के बीच परस्पर संपर्क बढ़ाने के लिए जारी सहयोग की समीक्षा करेंगे। दोनों देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच गत जून और सितम्बर में हुए विचार विमर्श के आधार पर भारत- अमरीका साझीदारी के भविष्य के रोडमैप पर बातचीत करेंगे। इसके अलावा समसामयिक क्षेत्रीय मुद्दों तथा क्वाड जैसे मंचों पर सहयोग बढाने के बारे में भी चर्चा की जाएगी।



राजनाथ सिंह व एस जयशंकर करेंगे भारत का

## भारतीय मूल के विन गोपाल तीसरी बार सीनेटर चुने गए

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के अमेरिकी विन गोपाल को लगातार तीसरी बार न्यू जर्सी राज्य के सीनेटर के रूप में चुना गया है। गोपाल ने अमेरिकी स्टेट के 11वें कांग्रेसनल जिले में अपने रिपब्लिकन चैलेंजर को हराया है। कुल 32,772 वोटों के साथ 38 वर्षीय विन गोपाल ने 58 प्रतिशत वोट हासिल कर अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी स्टीव डिनिस्ट्रियन को हरा दिया है। इस तरह उन्होंने डेमोक्रेट के नियंत्रण में एक महत्वपूर्ण स्विंग सीट बरकरार रखी।

## 15 को सैन फ्रांसिस्को में मुलाकात कर सकते हैं बाइडेन व जिनपिंग

**सैन फ्रांसिस्को,** 8 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 15 नवम्बर को सैन फ्रांसिस्को में द्विपक्षीय बैठक आयोजित करने की योजना बना रहे हैं। जापानी न्यूज एजेंसी क्योडो ने बुधवार को अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। अधिकारी ने एजेंसी को बताया कि दोनों नेता एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) के वित्त मंत्रियों की बैठक से इतर मुलाकात की योजना बना रहे हैं। चीन ने हालाँकि अभी तक शिखर सम्मेलन में शी की भागीदारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।



उल्लेखनीय है कि गत सप्ताह व्हाइट हाउस की उप प्रेस सचिव एमिली सिमंस ने कहा था कि अमेरिका और चीन सैद्धांतिक रूप से सैन फ्रांसिस्को में एपेक शिखर सम्मेलन के इतर श्री बाइडेन और श्री जिनपिंग के बीच एक बैठक आयोजित करने पर सहमत हुए हैं।

## चीन में बर्फीले तूफ़ान के लिए 'ब्लू अलर्ट' जारी

**बीजिंग**, 8 नवम्बर (एजेंसियां)। चीन के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने बुधवार को बर्फीले तूफान के लिए 'ब्लू अलर्ट' जारी किया। देश के उत्तरपूर्वी प्रांतों के कुछ हिस्सों में बर्फीले तूफान आने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि बुधवार सुबह आठ बजे से गुरुवार सुबह आठ बजे तक लियाओनिंग, जिलिन और हेइलोंगजियांग के कुछ हिस्सों में बर्फीले तूफान आयेंगे। केंद्र के अनुसार इन क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में भारी बर्फ़ीला तूफ़ान आ सकता है, जिससे कुछ स्थानों पर 10 सेंटीमीटर से अधिक गहराई तक बर्फ गिर सकती है। प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय अधिकारियों को बर्फीले तूफान और पाले से होने वाले नुकसान के लिए तैयारी करने की सलाह दी गयी है। केंद्र ने कहा है कि परिवहन, बिजली और संचार विभागों को सड़कों, रेलवे और बिजली लाइनों का निरीक्षण करना चाहिये और सड़क को साफ करने और बर्फ हटाने का काम करना चाहिये। ड्राइवरों को सावधानी बरतने और अपने वाहनों के लिए फिसलन रोधी सावधानियां बरतने की सलाह दी गयी है।

## अमेरिका संसद के पास हथियार के साथ एक गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने कहा कि बंदूक से लैस एक व्यक्ति को अमेरिकी कैपिटल (संसद भवन) के पास गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि संदिग्ध हिरासत में है और पुलिस उसके सामान की तलाशी ले रही है। अमेरिकी कैपिटल पुलिस (यूएससीपी) ने एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी।

**परेशानी** गिरफ्तार किए जाने के डर से घरेलू सामान भी बेचा

## पाकिस्तान से निष्कासन के बाद अफगानों को दुर्व्यवहार सहना पड़ा

**इस्लामाबाद,** 8 नवम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान सरकार ने अवैध अप्रवासियों को देश से बाहर निकालना जारी रखा है। सैकड़ों और हजारों अफगान नागरिकों को सीमा के दोनों ओर क्रॉसिंग पर बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कराची में रहने वाले एक अफगानी सद्दाम खान ने पाकिस्तानी अधिकारियों द्वारा गिरफ्तार किए जाने के डर के बीच अपने घरेलू सामान बेच दिया। इसके अपने 15 सदस्यीय परिवार को तोरखम सीमा पार तक लाने के लिए परिवहन ट्रक को लगभग 5 लाख पीकेआर का भुगतान किया।

लेकिन तोरखम सीमा पर पहुंचने पर, सद्दाम को बताया गया कि जिस ट्रक को उसने उसे तोरखम सीमा पार ले जाने के लिए किराए पर लिया था, उसे पार करने की अनुमति नहीं दी जाएगी क्योंकि ड्राइवर के पास न तो वीजा है और न ही अफगानिस्तान में जाने की अनुमति है। इससे खान के पास अपना सामान उतारने और अपने परिवार के साथ सीमा पार पर बैठने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं बचा। खान ने कहा, हमें यहां बैठे हुए दो दिन हो गए हैं।



हम यहां परिवार, बच्चों और महिलाओं के साथ हैं। यहां सीमा पर कोई आश्रय नहीं है। न प्रार्थना करने की सुविधा, न भोजन-पानी की व्यवस्था। महिलाओं और लड़कियों के उपयोग के लिए कोई शौचालय नहीं है। यह मेरे परिवार पर अत्याचार है। मैं गिरफ्तारी के डर से यहां आया हूं। मेरा जन्म पाकिस्तान में हुआ था। मेरे बच्चे पाकिस्तान में पैदा हुए। मैं यहां कम से कम 45 वर्षों से रह रहा हूं। और अब, उन्होंने हमें जाने के लिए सिर्फ एक महीने का समय दिया... और जब हम जा रहे हैं, तो वे हमारा और हमारी गरिमा का अपमान करते हैं। पाकिस्तान से अवैध अफगान नागरिकों की गिरफ्तारी और निष्कासन की प्रक्रिया 1 नवंबर से शुरू हुई है। अब तक स्वेच्छा से अफगानिस्तान वापस लौटने वाले अफगानों की संख्या 2,03,639 हो गई है।

### अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को दी कार्रवाई की चेतावनी

**काबुल।** अफगानिस्तान के उप विदेश मंत्री मोहम्मद अब्बास स्टेनकजई ने मंगलवार को कहा कि अफगानिस्तान एक नवंबर के बाद देश में बचे बिना दस्तावेज वाले अफगानों को निर्वासित करने के पाकिस्तान के कदम के खिलाफ जवाबी कार्रवाई कर सकता है। पाकिस्तानी अखबार डॉन ने सीमा अधिकारियों के हवाले से बताया कि रविवार को 6,500 से अधिक अफगान नागरिकों ने तोरखम सीमा चौकी के माध्यम से पाकिस्तान छोड़ दिया। जिससे वापस लौटे अफगानों की कुल संख्या 170,000 से अधिक हो गई। श्री स्टेनकजई ने कहा, हमने बहुत धैर्य रखा और साहस दिखाया, हमने तीखी प्रतिक्रिया नहीं दी।

## सुडोकू 6371


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 9 | 3 | | | | | 2 |
| | 5 | | | | 4 | | | 3 |
| | 8 | 3 | 1 | 2 | 9 | | | |
| | 6 | | | | 7 | | | |
| | | 4 | | | | 3 | | |
| | | | 8 | | | | 1 | |
| | | | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | |
| 8 | | | 4 | | | | 3 | |
| 9 | | | | | 3 | 8 | | 5 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6371



**बायें से दायें:-**

१. किसी काम या सेवा के लिए स्वेच्छापूर्वक दिया जाने वाला पारिश्रमिक
३. बहुत ही मशहूर
५. पागल
६. अमृत जैसे मीठे बोल
७. लोगों की राय
९. स्वाद लेना
१०. जांचने वाला, परीक्षण करने वाला
१२. निर्ममता, धृष्टता (उर्दू)
१३. वधू, बहू
१४. अधीरता, उतावली, शीघ्रता
१६. निमंत्रण (उर्दू)
१८. योग्यता
२०. खिसकाना, सरकाना, किसी वस्तु, व्यक्ति आदि को एक स्थान से दूसरे स्थान पर करना
२१. शादी, विवाह
२३. पीड़ा से भरा

**ऊपर से नीचे:-**

१. इंसानियत
२. एक लिपि जिससे हिंदी, संस्कृत, मराठीआदि बातें लिखी जाती हैं
३. सोया हुआ आदमी, आधी रात
४. अत्याचार (उर्दू)
५. बांटने वाला
८. जांच-पड़ताल (उर्दू)
१०. लेकिन
११. शक्ति-सामर्थ्य
१२. असंगत, बेतुका, भद्दा, अशिष्ट (उर्दू)
१३. शुद्ध, पाक
१४. खुदकुशी
१५. युद्धभूमि में होने वाली आवाज
१७. जल देवता, समुद्र
१८. पोषण करना, परवरिश करना
१९. उष्णता, गर्मी
२२. अगर

### वर्ग पहेली-6370

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल्ली | क | टू | ■ | ■ | अ | र्द्धा | गि | नी |
| म | ■ | ल्प | ■ | वि | प | क्ष | ■ | र | ■ |
| घ | रा | ना | ■ | भा | ■ | रि | क्त | ह | स्त |
| ट | ■ | ती | ■ | ज | न्न | त | ■ | ■ | ब्ध |
| ■ | वै | त | नि | क | ■ | ■ | उ | त्था | न |
| ■ | ध | ■ | य | ■ | नि | मि | त | ■ | य |
| सी | ता | प | ति | ■ | पु | ■ | म | लि | न |
| धा | ■ | द | ■ | प्र | ण | त | ■ | हा | ■ |
| सा | द | र | ■ | ता | ■ | र | म | जा | न |
| दा | ■ | ज | हां | प | ना | ह | ■ | ■ | भ |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6371 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 9 | 3 | 5 | 6 | 1 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 |
| 6 | 8 | 3 | 1 | 2 | 9 | 4 | 5 | 7 |
| 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 5 | 9 | 4 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 |
| 3 | 7 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 9 |
| 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 4 | 9 | 1 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 7 | 3 | 8 | 4 | 5 |

## दुनिया को जानें

### चीन में दुनिया का पहला बड़े पैमाने पर विज्ञान संग्रहालय खुला

**बीजिंग,** 8 नवम्बर (एजेंसियां)। वुचन विश्व इंटरनेट विज्ञान और प्रौद्योगिकी संग्रहालय 7 नवंबर को दक्षिण-पूर्वी चीन के चच्यांग प्रांत के थोंगश्यांग शहर स्थित वुचन कस्बे में खुल गया। यह संग्रहालय दुनिया का पहला बड़े पैमाने पर इंटरनेट-थीम वाला विज्ञान और प्रौद्योगिकी संग्रहालय है। गौरतलब है कि वुचन कस्बा, विश्व इंटरनेट सम्मेलन के वुचन शिखर सम्मेलन का स्थायी स्थल है। इस संग्रहालय का उद्देश्य वुचन शिखर सम्मेलन को प्रदर्शित करना है, जो कहानी और प्रौद्योगिकी के संयोजन के माध्यम से 365 दिनों का कभी न खत्म होने वाला विश्व इंटरनेट सम्मेलन है। इस संग्रहालय ने 6 स्थायी प्रदर्शनी क्षेत्र स्थापित किए हैं, जिनमें इंटरनेट वैश्विक साझा मंच का नवाचार करता है, इंटरनेट डिजिटल विकास के मार्ग का समर्थन करता है, इंटरनेट मानव डिजिटल सभ्यता को आकार देता है, इंटरनेट आकाश, पृथ्वी और समुद्र में सब कुछ जोड़ता है, इंटरनेट डिजिटल प्रौद्योगिकी नवाचार को बढ़ावा देता है और इंटरनेट मानव जाति के साझा भविष्य को जोड़ता है।

# खेल जगत

## शमी ने डीआरएस हेरफेर के दावे पर पूर्व पाकिस्तानी खिलाड़ी की आलोचना की

**नई दिल्ली,** 8 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर हसन रजा की भारत के खिलाफ गेंदों के अलग-अलग सेट का उपयोग करने के उनके विचित्र दावों के लिए बुधवार को आलोचना की। रजा ने एक पाकिस्तानी चैनल पर बात करते हुए आरोप लगाया था कि भारत को आईसीसी और बीसीसीआई द्वारा गेंदों का एक अलग सेट दिया जा रहा है, जिससे उन्हें मौजूदा वनडे विश्व कप 2023 में गेंद से किसी अन्य की तुलना में बेहतर प्रभाव डालने का मौका मिले। रजा के हवाले से कहा गया, हम देख रहे हैं कि जब वे बल्लेबाजी कर रहे होते हैं, तो वे वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी करते हैं और जब भारत गेंदबाजी करता है तो अचानक गेंद हरकत करने लगती है। 7-8 करीबी डीआरएस कॉल उनके पक्ष में गए हैं। गेंद का निरीक्षण करने की जरूरत है। शमी ने इंस्टाग्राम पर हसन रजा की आलोचना करते हुए कहा कि उन्हें थोड़ी शर्म आनी चाहिए।




# यह सब सिर्फ अव्यवस्थित स्विंगिंग नहीं थी बल्कि इसके लिए कुछ योजना बनाई गई थी : मैक्सवेल

**मुंबई,** 8 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी ग्लेन मैक्सवेल ने खुलासा किया है कि मंगलवार को 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ 128 गेंदों में नाबाद 201 रन की उनकी रिकॉर्ड-ब्रेकिंग पारी अव्यवस्थित तरीके से स्विंग करने के बारे में नहीं थी, और साथ ही कहा कि पांच बार के चैंपियन को जीत दिलाने में इसमें थोड़ी योजना शामिल थी। वानखेड़े स्टेडियम में 292 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया एक समय 91/7 रन पर संकट में था, जब मैक्सवेल ने पैट कमिंस के साथ मिलकर 202 रन की अविजित साझेदारी की। कप्तान ने केवल 12 रनों का योगदान दिया, जबकि मैक्सवेल केंद्र में रहे, उन्होंने पिंडली, हैमस्ट्रिंग और पैर की उंगलियों में ऐंठन और खराब बैक से जूझते हुए अकेले अपने दम पर सर्वकालिक महान एकदिवसीय पारी खेलकर मैच जीत लिया। मैक्सवेल ने यह भी खुलासा किया कि उनके मन में रिटायर हर्ट होने का विचार आया था। यह निश्चित रूप से हमारी चर्चाओं में था। हमने बाहर आने, अपनी पीठ पर कुछ काम करने की कोशिश करने और अपने पैरों को थोड़ा ढीला करने की कोशिश करने के बारे में बात की। जोनेसी (ऑस्ट्रेलियाई फिजियो निक जोन्स) ने कहा कि उसके बाद सीढ़ियों से नीचे वापस आना वास्तव में कठिन होगा, इसलिए शायद काम को थोड़ा और सरल बना दिया और फिर हमने सोचा कि चलो जब तक हम उसी छोर पर रहेंगे। हम तब तक ऐसा कर सकते हैं जब तक आपको ऐसा महसूस न हो जाए कि आप कम से कम दूसरे छोर पर चल सकते हैं या यदि इधर-उधर कोई आसान सिंगल है। आईसीसी ने मैक्सवेल के हवाले से कहा, थोड़ी देर के लिए अगर मैं एक छोर से एक या दो चौके लगा सकता हूं तो इससे वास्तव में कोई फर्क नहीं पड़ता कि दूसरे छोर पर क्या हुआ क्योंकि हमें उस चरण में एक रन और गेंद के आसपास मिल गया था। एक निश्चित योजना थी। यह सब सिर्फ अव्यवस्थित स्विंगिंग नहीं थी, लेकिन इसके लिए कुछ योजना बनाई गई थी। मैक्सवेल, जिन्होंने क्रीज पर टिके रहकर बाउंड्री लगाईं, ने दूसरे छोर से उन्हें वांछित समर्थन देने के लिए कमिंस की सराहना की। मुझे लगता है कि जब पैटी काफी शांत थे, मुझे लगता है कि जब यह लगभग 60 या 70 (आवश्यक रन) तक पहुंच गया, तो मैंने सोचा कि दो और, शायद लगभग 15 के आधे अच्छे ओवर और यह संतुलन में सही है। हम जानते थे कि राशिद (खान) के पास लगभग 18 गेंदें बची थीं और यह आखिरी 13 ओवरों में या ऐसा ही कुछ होने वाला था। इसलिए, जब तक हम उसे खेल से बाहर रखते थे, मुझे लगता था कि मैं बाउंड्री मार सकता हूं।




मैं एक तरह से उसे नकारने के बारे में था, वह उसे बाकी टेल पर शॉट नहीं लगाने दे रहा था क्योंकि वह स्पष्ट रूप से विश्व स्तरीय है। वह आपको पैड पर मार सकता है और वह आपको बल्ले के दोनों तरफ हरा सकता है। इसलिए, मुझे बस ऐसा लगा कि अगर हम उसे नकार सकें और उसे खेल के अंतिम छोर से बाहर रख सकें, तो हम ठीक हो जायेंगे। मुंबई में, मैक्सवेल पुरुष वनडे में दोहरा शतक बनाने वाले पहले गैर-सलामी बल्लेबाज भी बने। यह एक उल्लेखनीय समय है जब मैक्सवेल गोल्फ कार्ट से गिरने के बाद चोट लगने के कारण अहमदाबाद में इंग्लैंड पर ऑस्ट्रेलिया की पिछली जीत से चूक गए थे और वह टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाने से खुश थे, उनका अंतिम लीग मैच इस सप्ताह बाद में बांग्लादेश के खिलाफ पुणे में होगा। यह कुछ सप्ताह, अजीब, अजीब रहे हैं लेकिन मैं यहां वापस आने और सेमीफाइनल में जगह बनाने में सक्षम होने के लिए बेहद आभारी हूं। मुझे लगता है कि पहले दो गेम के बाद हम ज्यादातर लोगों द्वारा खारिज किए जाने और ऐसा करने में सक्षम होने के काफी करीब थे। सही समय पर एक साथ लगातार छह जीत हासिल करें और आज रात हम एक उत्साही प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके, इसलिए सेमीफाइनल में रहना बहुत अच्छी बात है।

## किस्मत मैक्सवेल जैसे व्यक्ति की मदद की : जोनाथन ट्रॉट

मुंबई। अफगानिस्तान के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट ने कहा, मैंने सोचा, यह एक शानदार पारी थी, एक विश्व स्तरीय पारी थी। लेकिन हमने निश्चित रूप से रास्ते में उनकी मदद की। ऑस्ट्रेलिया को बुरी तरह डराने के बाद मैच खत्म करने के मामले में अपेक्षाकृत युवा अफगानिस्तान टीम के लिए यह सीखने का अनुभव है। यह वास्तव में एक अच्छी पारी थी। मैं हमेशा सोचता हूं कि क्या हम कुछ चीजें थोड़ा अलग कर सकते थे, कुछ निश्चित क्षेत्रों में गेंदबाजी कर सकते थे, यहां या वहां अलग गेंदबाज कर सकते थे। जाहिर है, कुछ चीजें हैं जिन्हें आप अब अलग करना चाहेंगे, लेकिन दूरदर्शिता बहुत अच्छी बात है। इसलिए, मुझे लगता है कि यह हमारे खिलाड़ियों के लिए भी एक अच्छा सबक है, क्योंकि इस खेल में, यदि आप गेंद से थोड़ा सा भी अपनी नजर हटाते हैं और आप बहुत आगे की सोचते हैं और आप कोशिश करते हैं और सिर्फ सोचने के बजाय अन्य चीजें सोचना शुरू कर देते हैं अगला विकेट लेने की चिंता में, यह खेल आपको बहुत जल्दी परेशान कर सकता है। उन्होंने विस्तार से बताया, तो, मुझे लगता है कि जाहिर तौर पर यह एक निराशाजनक हार है, लेकिन मुझे लगता है कि यह विकासशील, युवा टीम के लिए एक अनुभव है। इस प्रकार की चीज़ें, सुनिश्चित करें कि हम इस प्रकार की चीज़ों से सीखें। कैसे कटथ्रोट क्रिकेट उच्चतम स्तर पर है और आपको अपने खेल में कैसे रहना है, 70 ओवरों के लिए नहीं, बल्कि 100 ओवरों के लिए।

## मैक्सवेल के नाबाद 201 रन अब तक की सबसे महान वनडे पारी : कमिंस

**मुंबई,** 7 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने ग्लेन मैक्सवेल की 128 गेंदों में नाबाद 201 रन की पारी को अब तक की सबसे महान वनडे पारी बताते हुए कहा कि जब अफगानिस्तान ने मंगलवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 मैच में ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 19वें ओवर में 91/7 कर दिया था और तब वह बल्लेबाजी के लिए आए तो उनके दिमाग में केवल मैदान में टिके रहने की ही बात थी।

मैक्सवेल की 21 चौकों और 10 छक्कों की पारी और कमिंस के साथ 8वें विकेट के लिए 170 गेंदों पर 202 रन की अविजित साझेदारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने 46.5 ओवर में 293/7 का स्कोर बनाया और अफगानिस्तान के 291 रन के स्कोर का पीछा करते हुए हार के जबड़े से तीन विकेट की असंभव जीत हासिल की। अफगानिस्तान ने इब्राहिम जादरान (143 रन पर नाबाद 129 रन) और राशिद खान द्वारा 18 गेंदों में 35 रन की पारी के दम पर 50 ओवर में 291/5 रन बनाए। लेकिन शुरुआत में, अगले कुछ ओवरों में टिके रहना कमिंस के दिमाग में सबसे ऊपर था क्योंकि वह बीच में मैक्सवेल के साथ शामिल हो गए थे।

कमिंस ने मंगलवार को मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, शुरुआत में जब मैं वहां गया तो हमने सोचा कि रहस्यमयी स्पिनर सबसे बड़ी परेशानी हैं। गेंद अभी भी थोड़ी घूम रही थी और वे वास्तव में अच्छी गेंदबाजी कर रहे थे। मैक्सी अभी भी काफी स्वतंत्र रूप से रन बना रहा था। हम जानते थे कि यह उस तरह का विकेट है जो आसान हो जाता है। वास्तव में ऐसा नहीं लगा कि मैक्सी के अभी भी क्रीज पर रहते हुए रन रेट कोई मुद्दा बनने वाला है। इसलिए, मेरे लिए यह मूल रूप से टिके रहने के बारे में था और बस उम्मीद है कि हमें एक मौका मिलेगा। कुछ अन्य गेंदबाजों को देखें, शायद वह विकेट उतना उपयुक्त नहीं था।

उन्होंने कहा, तो, यह एक बहुत ही सरल योजना थी। बहुत आगे की नहीं लग रही थी। मुझे लगता है कि मैक्सी थोड़ा अलग हो सकता है। मुझे लगता है कि वह हमेशा जीत के लिए अपनी योजना बना रहा है। इसलिए, मुझे लगता है कि 200 रन भी खत्म हो जाएंगे, वह एक तरह से पता लगा रहा था कि वह यह कैसे करने जा रहा है। मैं बस टिके रहने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने कहा कि मैक्सवेल की पारी उनके द्वारा देखी गई अब तक की सबसे महान वनडे पारी है। मुझे लगता है कि यह सबसे महान एकदिवसीय पारी है। मेरा मतलब है कि मैंने शायद अब तक की सबसे महान एकदिवसीय पारी देखी है। हाँ, हम बस इसके बारे में बात कर रहे हैं, सभी खिलाड़ी और हमने फैसला किया है कि यह उन दिनों में से एक है जब आप बस जाओ, मैं उस दिन स्टेडियम में था जब ग्लेन मैक्सवेल ने अकेले ही उस लक्ष्य का पीछा किया था। हाँ, मुझे यकीन है कि वह ठीक हो जाएगा।

## बेन स्टोक्स के शतक से इंग्लैंड ने नीदरलैंड्स को दिया 34 रन का लक्ष्य




**पुणे** 8 नवंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड ने बुधवार को आईसीसी विश्वकप के 40वें मुकाबले में बेन स्टोक्स की 108 रन की शतकीय और डेविड मलान 87 तथा डेविड विली 51 रन की अर्धशतकीय पारी बदौलत नीदरलैंड्स को 340 रनों का लक्ष्य दिया है।

आज यहां महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जॉनी बेयरस्टो और डेविड मलान की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े। सातवें ओवर की आखिरी गेंद पर जॉनी बेयरस्टो 15 रन दत्त की गेंद पर मीकरेन के हाथों लपके गये। इसके बाद मलान ने जो रूट के साथ पारी को संभाला। 20 ओवर की दूसरी गेंद पर जो रूट 28 रन को वैन बीक ने बोल्ड कर चलता कर दिया।

22वें ओवर में एडवर्ड्स/वैन बीक ने सलामी बल्लेबाज डेविड मलान 87 रन पर रन आउट कर दिया। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और दो छक्के लगाए। उसके बाद हैरी ब्रूक 11 और कप्तान जोस बटलर पांच रन बनाकर पवेलियन लौट गए हैं। मोईन अली चार को दत्त ने डलीडे के हाथों कैच आउट कराया। आठवें विकेट के रूप में क्रिस वोक्स 51 रन को डलीडे ने एडवड्र्स के हाथों कैच आउट कराया। डेविड विली छह रन का कैच डलीडे की गेंद पर एंगलब्रेक्ट ने लपका। इंग्लैंड ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट 339 रन बनाये। नीदरलैंड की ओर से डलीडे ने तीन विकेट लिए। आर्यन दत्त और लोगन वैन बीक ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। पॉल वैन मीकरेन को एक विकेट मिला।

## बाबर आजम की जगह शुभमन गिल बने नए नंबर एक पुरुष वनडे बल्लेबाज

**नई दिल्ली,** 8 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी पुरुष बल्लेबाजी रैंकिंग में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम की जगह नए शीर्ष रैंकिंग वाले पुरुष वनडे बल्लेबाज बन गए हैं।

वह अब सचिन तेंदुलकर, एमएस धोनी और विराट कोहली के बाद वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले भारत के चौथे खिलाड़ी बन गए हैं। भारत के पास अब पुरुषों की वनडे बल्लेबाजी और गेंदबाजी रैंकिंग में गिल और मोहम्मद सिराज के रूप में शीर्ष क्रम के खिलाड़ी हैं। डेंगू के कारण विश्व कप के पहले दो मैच न खेलने के बाद, गिल ने छह पारियों में 219 रन बनाए हैं, जिसमें उनका हालिया स्कोर मुंबई में श्रीलंका के खिलाफ 92 और कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 23 रन है।

बाबर ने विश्व कप में आठ पारियों में 282 रन बनाए हैं और वह गिल से छह रेटिंग अंक नीचे दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं, क्योंकि दुनिया में शीर्ष क्रम के पुरुष एकदिवसीय बल्लेबाज का दो साल से अधिक का शासन समाप्त हो गया है।




करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली, जिन्होंने हाल ही में कोलकाता में पुरुषों के एकदिवसीय मैचों में सर्वाधिक शतकों के मामले में सचिन तेंदुलकर की बराबरी की, तीन स्थान की छलांग लगाकर चौथे स्थान पर पहुंच गए और तीसरे स्थान पर मौजूद दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक से एक रेटिंग अंक के भीतर हैं, जिन्होंने विश्व कप में अब तक 543 रन बनाए हैं। मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर भी एकदिवसीय बल्लेबाजों की सूची में प्रभावशाली 17 पायदान की छलांग लगाकर 18वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज फखर जमान (तीन पायदान ऊपर 11वें) और अफगानिस्तान के समकक्ष इब्राहिम जादरान (छह पायदान ऊपर 12वें) भी प्रगति कर रहे हैं।

वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में, कुलदीप यादव (तीन पायदान ऊपर चौथे), जसप्रीत बुमराह (तीन पायदान ऊपर आठवें) और मोहम्मद शमी (सात पायदान ऊपर 10वें) सिराज के साथ शीर्ष दस रैंकिंग में शामिल हो रहे हैं।

दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज (दो स्थान ऊपर दूसरे स्थान पर) और ऑस्ट्रेलिया के समकक्ष एडम ज़म्पा (छह स्थान ऊपर तीसरे स्थान पर) शीर्ष 10 में अन्य बड़े मूवर्स हैं, जबकि पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी चार स्थान गिरकर तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के जोश हेज़लवुड के साथ पांचवें स्थान पर हैं। विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका 31 पायदान ऊपर 45वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि भारत के स्पिनर रवींद्र जड़ेजा आठ पायदान ऊपर 19वें और दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के बल्लेबाज मार्को जानसन नौ पायदान ऊपर 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं, वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में अन्य बड़े मूवर्स हैं।

बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन चोट के कारण विश्व कप समाप्त होने के बावजूद शीर्ष क्रम के ऑलराउंडर बने हुए हैं, ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल मुंबई में अफगानिस्तान के खिलाफ मंगलवार को नाबाद 201 रनों की मैच विजयी पारी के बाद दो स्थान के सुधार के साथ छठे स्थान पर पहुंच गए हैं।

### आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पाइंट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 8 | 8 | ` | ` | 16 |
| दक्षिण अफ्रीका | 8 | 6 | 2 | ` | 12 |
| ऑस्ट्रेलिया | 8 | 6 | 2 | ` | 12 |
| न्यूजीलैंड | 8 | 4 | 4 | ` | 8 |
| पाकिस्तान | 8 | 4 | 4 | ` | 8 |
| अफगानिस्तान | 8 | 4 | 4 | ` | 8 |
| बांग्लादेश | 8 | 2 | 6 | ` | 4 |
| श्रीलंका | 8 | 2 | 6 | ` | 4 |
| नीदरलैंड | 7 | 2 | 5 | ` | 4 |
| इंग्लैंड | 7 | 1 | 6 | ` | 2 |

## एडम गिलक्रिस्ट ने फॉर्म में वापसी के लिए जोश इंगलिस का समर्थन किया

- एलेक्स कैरी की जगह इंगलिस को अंतिम एकादश में शामिल किया गया
- 28 वर्षीय इंगलिस ने अभी तक टूर्नामेंट में नहीं खेल पाए थे बड़ी पारी




**मुंबई,** 8 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट भारत में चल रहे पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में जोश इंगलिस के फॉर्म में वापस आने का समर्थन कर रहे हैं, जिन्होंने प्रतियोगिता की अपनी आखिरी दो पारियों में सिर्फ 3 और 0 रन बनाए हैं।

चेन्नई में भारत के हाथों ऑस्ट्रेलिया की शुरुआती गेम में हार के बाद एलेक्स कैरी की जगह इंगलिस को अंतिम एकादश में शामिल किया गया। हालांकि उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ जीत में महत्वपूर्ण 58 रन बनाए, लेकिन 28 वर्षीय इंगलिस ने अभी तक टूर्नामेंट में उल्लेखनीय पारी नहीं खेली है, उनका औसत अब तक केवल 18.71 है।

दूसरे रास्ते से वापस जाना एक बड़ी चुनौती होगी, है ना? कैरी को एक गेम के बाद बाहर करना एक बड़ा फैसला था। टेंट के अंदर रहे बिना और यह जाने बिना कि जोश की सोच क्या है और वह किस प्रकार सोच रहा है... मैं सही समय पर कुछ महत्वपूर्ण रन बनाने के लिए उसका समर्थन करूंगा। एसईएन रेडियो पर गिलक्रिस्ट ने कहा, हमने उसे स्कॉर्चर्स और डब्लूए के लिए नियमित अवसरों पर ऐसा करते देखा है। मुझे लगता है कि आपको उसके साथ जाना होगा।

गिलक्रिस्ट भी इंगलिस को पांचवें नंबर से छठे या सातवें नंबर पर जाते हुए देख रहे हैं, खासकर स्टीव स्मिथ के लाइन-अप में लौटने के कारण, जो फिटनेस समस्याओं के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ मैच नहीं खेल सके।

हो सकता है कि वह बल्लेबाजी क्रम में एक स्थान नीचे खिसक जाए, हो सकता है कि वह पांचवें स्थान पर न आए। स्टीव स्मिथ को वहां वापस आना होगा, इसलिए यह स्वाभाविक रूप से उन्हें नीचे भी धकेल सकता है। हम इंतजार करेंगे और देखेंगे।

लेकिन मुझे लगता है कि अब केज़ (कैरी) को अचानक वापस वहां फेंकना एक बड़ी चुनौती होगी। मैं किसी भी तरह से नहीं सोचता कि जो भी खेल रहा है उससे हम बहुत अधिक हारते हैं। वह (इंग्लिस) बस चूक गया।

अफगानिस्तान पर ऑस्ट्रेलिया की तीन विकेट की चमत्कारी जीत के बाद, पांच बार के चैंपियन को शनिवार को पुणे के एमसीए स्टेडियम में बांग्लादेश का सामना करने पर लीग चरण से जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश करने की उम्मीद होगी।

## ऑस्ट्रेलियाई टीम पर अब भी संदेह है : इयान हीली

**मुंबई,** 8 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान पर तीन विकेट से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है, लेकिन महान विकेटकीपर-बल्लेबाज इयान हीली को अभी भी पैट कमिंस एंड कंपनी पर संदेह है। वानखेड़े स्टेडियम में 292 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम एक समय 91/7 पर मुश्किल में थी।लेकिन मैक्सवेल ने 128 गेंदों पर नाबाद 201 रन की तूफानी पारी खेली और कप्तान पैट कमिंस के साथ 202 रन की अविजित साझेदारी करके लगातार छठी जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। एसईएन रेडियो पर हीली ने कहा, मैं इस ऑस्ट्रेलियाई टीम से अब भी पूरी तरह संतुष्ट नहीं हूं। मैं नहीं जानता कि वे कैसा प्रदर्शन कर रहे हैं क्योंकि वे अपना काम पूरा कर रहे हैं और पहली दो हार के बाद से अजेय हैं। सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान ने अफगानिस्तान के लिए विश्व कप में पहला शतक जमाया, जिससे टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों में 291/5 रन बनाए। लेकिन हीली ने सवाल किया कि क्या टॉस के समय अफगानिस्तान का पहले बल्लेबाजी करना एक सही निर्णय था। हीली ने कहा, किसने कभी सोचा होगा कि अफगानिस्तान इतना करीब पहुंच जाएगा? अफगानिस्तान ने वास्तव में बहुत अच्छी बल्लेबाजी की और फिर उनकी गेंदबाजी मजबूत थी। वे शीर्ष क्रम पर शानदार गेंदबाजी कर रहे थे। अफगानिस्तान का अगला मैच शुक्रवार को अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ है जबकि ऑस्ट्रेलिया को शनिवार को पुणे में बांग्लादेश का सामना करना है।

## सार संक्षेप

### इयोन मोर्गन ने इंग्लैंड की टीम और मुख्य कोच की तीखी आलोचना की

**पुणे।** इंग्लैंड के 219 विश्व कप विजेता कप्तान इयोन मोर्गन ने कहा कि वरिष्ठ खिलाड़ियों और मुख्य कोच मैथ्यू मॉट ने नीदरलैंड के खिलाफ मैच से पहले मीडिया का सामना न करके गलत किया। ऑस्ट्रेलिया से 33 रनों की हार के साथ मौजूदा टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने की उनकी उम्मीदें खत्म हो गईं। इंग्लैंड ने मंगलवार को प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए सहायक कोच कार्ल हॉपकिंसन को मैदान में उतारा, जिसकी मॉर्गन ने तीखी आलोचना की। पूर्व इंग्लिश कप्तान ने कहा, मैं इससे आश्चर्यचकित और स्तब्ध था। जब आप एक कप्तान या मुख्य कोच के रूप में एक बैठक में बैठते हैं तो आप टीम में निर्णय लेते हैं और जब चीजें गलत हो रही होती हैं, तो आपको पूर्ण स्पष्टता की आवश्यकता होती है । जब आप साक्षात्कार प्रक्रिया में संदेश देने के बारे में बात करते हैं, तो आप स्वाभाविक रूप से सामने आने के लिए वरिष्ठ खिलाड़ियों या अपने मुख्य कोच की ओर रुख करते हैं। 223 विश्व कप नॉकआउट उनकी पकड़ से बाहर होने के कारण, इंग्लैंड को अब 225 चैंपियंस ट्रॉफी योग्यता को जीवित रखने के लिए नीदरलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ जीत की जरूरत है।

### विश्व कप 223 टिकट कालाबाजारी मामले में बीसीसीआई ने एफआईआर की कॉपी मांगी

**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शहर में क्रिकेट विश्व कप 223 मैच के टिकट कालाबाजारी मामले में कोलकाता पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर की प्रति मांगी है। बीसीसीआई ने 5 नवंबर को बोर्ड को कोलकाता पुलिस के नोटिस के जवाब में एफआईआर की प्रति मांगी है, जिसमें टिकटों की ऑनलाइन मार्केटिंग में अपनाई गई प्रक्रिया की जानकारी मांगी गई थी। उन्होंने कहा, बीसीसीआई ने मंगलवार शाम को हमारे नोटिस का जवाब दिया और मामले में दर्ज एफआईआर की प्रति मांगी। बोर्ड अधिकारियों ने दावा किया है कि एफआईआर की सामग्री को पढ़ने से उनके लिए इस मामले में हमारे द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देना आसान हो जाएगा। हमने उन्हें बुधवार सुबह मामले में एफआईआर की एक प्रति भेजी है। बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन (सीएबी), जिसके अधिकारियों से पिछले हफ्ते मैदान पुलिस स्टेशन में अधिकारियों ने पूछताछ की थी, ने इस मामले में किसी भी तरह की जिम्मेदारी से इनकार कर दिया, क्योंकि एसोसिएशन किसी भी तरह से टिकटों के विपणन में शामिल नहीं है। शहर पुलिस ने ऑनलाइन टिकट विपणन इकाई के अधिकारियों से भी पूछताछ की और उन्होंने कहा कि इस संबंध में प्रश्नों का विस्तार से जवाब देने के लिए उन्हें और समय की आवश्यकता होगी।

| सर्वाधिक बढने वाले शेयर | |
|---|---|
| टाइटन | 2.23 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 1.75 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.73 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.54 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.53 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| बजाज फिनसर्व | 2.37 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.78 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 0.72 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.53 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.44 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली,** 8 नवंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में घटबढ़ के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



## जैविक खेती को मिलेगा बढ़ावा, अमित शाह ने लाँच किया भारत आर्गेनिक ब्रांड

**नई दिल्ली** 8 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नवगठित नेशनल कोऑपरेटिव ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल) के भारत ऑर्गेनिक्स ब्रांड को लॉन्च करते हुये कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कई मापदंड निर्धारित किए हैं, जिनमें से एक जैविक खेती है।



श्री शाह ने एनसीओएल द्वारा आयोजित सहकारी समितियों के माध्यम से जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने से जुड़ी राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा यह सभी भारतीयों के लिए संतोष की बात है कि हम कृषि उत्पादन में आत्मनिर्भर हैं। अधिशेष उत्पादन की यात्रा में कुछ गलतियां भी की गई हैं। हमें कमजोरियों की पहचान करनी होगी। उत्पादन बढ़ाने के लिए, उर्वरक और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग ने हमारे भविष्य के लिए बुरे परिणाम दिए हैं। इसने भूमि की उर्वरता को कम कर दिया, भूमि और पानी को प्रदूषित कर दिया है।

उन्होंने कहा, आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमने कई मापदंड निर्धारित किए हैं, जिनमें से एक जैविक खेती है। जैविक खेती को सफल बनाने के लिए हमें कई कारकों पर काम करना होगा और उन्हें एक साथ लाकर आगे बढ़ना होगा। जैविक खेती को 50 प्रतिशत से ऊपर ले जाने का लक्ष्य बहुआयामी दृष्टिकोण के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि अनाज के मामले में भारत अभी आत्मनिर्भर है लेकिन अब समय आ गया है कि जैविक उत्पादों को देश दुनिया तक पहुंचाया जाये।

उन्होंने भारत आर्गेनिक ब्रांड के भारत और विदेशों में सबसे 'भरोसेमंद' ब्रांड के रूप में उभरने की उम्मीद जताते हुये कहा कि एनसीओएल जैविक उत्पादकों के लिए एक मंच है। आज 'भारत ऑर्गेनिक्स' ब्रांड के तहत छह उत्पाद जारी किये जा रहे हैं और दिसंबर तक ऐसे 20 उत्पाद जारी होंगे। उन्होंने कहा कि छह जैविक उत्पाद अरहर दाल, चना दाल, चीनी, राजमा, बासमती चावल और सोना मसूरी चावल होंगे। मदर डेयरी के सफल आउटलेट और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए इनकी बिक्री की जाएगी। उन्होंने कहा कि खुदरा दुकानों का एक नेटवर्क तैयार किया जा रहा है तथा एनसीओएल शुरुआत में भारत में जैविक उत्पाद बेचेगा और बाद में अन्य देशों में विपणन करेगा।

श्री शाह ने एनसीओएल का लोगो, वेबसाइट और ब्रोशर भी लॉन्च किया। उन्होंने पांच सहकारी समितियों को एनसीओएल सदस्यता प्रमाण पत्र प्रदान किए। एनओसीएन के अध्यक्ष डा मीनेश शाह ने कहा कि भारत आर्गेनिक ब्रांड के तहत प्रमाणित आर्गेनिक उत्पाद भी बिकेगें और इसके लिए जिला स्तर पर व्यवस्था की गयी है। बाजार में उपलब्ध आर्गेनिक उत्पादों की अभी कीमतें सामान्य उत्पादों की तुलना में बहुत अधिक है लेकिन भारत आर्गेनिक के उत्पादों की कीमतें बहुत ही प्रतिस्पर्धी होगी। अभी सभी छह उत्पाद सफल बूथ पर उपलब्ध है और अमूल भी आर्गेनिक उत्पादों की बिक्री कर रहा है। नेफेड के माध्यम से भारत आर्गेनिक के उत्पाद बेचे जायेंगे।

## वीडियो गेम कंपनी यूबीसॉफ्ट ने की 100 से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी




**सैन फ्रांसिस्को,** 8 नवंबर (एजेंसियां)। फ्रांसीसी वीडियो गेम कंपनी यूबीसॉफ्ट, जिसने असैसिन्स क्रीड और फार क्राई जैसी लोकप्रिय फेंचाइजी प्रकाशित की है, ने कॉर्पोरेट रिस्ट्रक्चरिंग और रीऑर्गेनाइजेशन प्रयास के तहत लगभग 124 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार, नौकरी में कटौती का असर मुख्य रूप से विजुअल इफेक्ट्स स्टूडियो और ग्लोबल आईटी टीम के कर्मचारियों पर पड़ा। यूबीसॉफ्ट के प्रवक्ता एंटोनी लेडुक-लेबेले के अनुसार, नौकरी से निकाले गए 98 लोग कनाडा में हैं, जो देश में कंपनी के कार्यबल का 2 प्रतिशत से भी कम है।

लेडुक-लेबेले ने कहा, %%पिछले कुछ महीनों में, यूबीसॉफ्ट की प्रत्येक टीम हमारे संचालन को सुव्यवस्थित करने और हमारी सामूहिक दक्षता को बढ़ाने के तरीके तलाश रही है ताकि हम लंबी अवधि में सफलता के लिए बेहतर स्थिति में हों। ये हल्के में लिए गए फैसले नहीं हैं।%% रिपोर्ट में कहा गया है कि कनाडा में प्रभावित कर्मचारियों को विच्छेद पैकेज, विस्तारित लाभ और कैरियर सहायता मिलेगी। अपनी नई आय रिपोर्ट के अनुसार, यूबीसॉफ्ट ने पिछले साल भर में तेजी से नियुक्ति की है और अपने कई ग्लोबल डिवीजन से 1,000 से अधिक व्यक्तियों की छंटनी की है। इसके चलते एरेना बैटलर प्रोजेक्ट क्यू जैसे कई गेम रद्द हो गए हैं।

छंटनी के बावजूद, कंपनी वैश्विक स्तर पर 19,000 से ज्यादा कर्मचारियों को रोजगार देती है। सितंबर में, फोर्टनाइट गेम डेवलपर एपिक गेम्स ने अपने 16 प्रतिशत कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की घोषणा की, जिससे लगभग 870 लोग प्रभावित हुए। एपिक के सीईओ टिम स्वीनी ने एपिक कर्मचारियों को एक ईमेल भेजा, जिसमें कहा गया कि कंपनी एपिक के लगभग 16 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी कर रही है।

## जियोफोन प्राइमा 4जी कीपैड फोन अब 2,599 रुपये में उपलब्ध

**नई दिल्ली,** 8 नवंबर (एजेंसियां)। रिलायंस जियो का 4जी कीपैड स्मार्टफोन जियोफोन प्राइमा अब देश में 2,599 रुपये में खरीदने के लिए उपलब्ध है। यूजर्स फोन को प्रमुख रिटेल स्टोर और रिलायंस डिजिटल, जियोमार्ट और अमेजन जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर खरीद सकते हैं। जियोफोन प्राइमा काई-ओएस प्लेटफॉर्म पर आधारित है, जो एक ओपन-सोर्स प्रोजेक्ट-बेस्ड मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम है, जो यूट्यूब, फेसबुक, व्हाट्सएप और गूगल वॉयस असिस्टेंट तक पहुंच प्रदान करता है। यह वीडियो कॉलिंग और फोटोग्राफी के लिए डिजिटल कैमरों के साथ आता है और जियो डिजिटल सर्विस जैसे जियोटीवी, जियोसिनेमा, जियो सावन और जियोपे के माध्यम से यूपीआई पेमेंट जैसे जियो डिजिटल सर्विस के साथ आता है, जो सभी प्रीमियम स्पेस डिजाइन में पैक किए गए हैं।

फोन में 2.4 इंच की डिस्प्ले स्क्रीन, 1800एमएएच की बैटरी है और यह 23 भाषाओं के सपोर्ट के साथ आता है। इस बीच, रिलायंस जियो ने देश भर के दुर्गम क्षेत्रों में हाई-स्पीड, किफायती इंटरनेट सर्विस प्रदान करने के लिए भारत की पहली सैटेलाइट-बेस्ड गीगा-फाइबर सर्विस का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया है। जियोस्पेस फाइबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2023 के पहले दिन प्रदर्शित किया गया था।

## आरबीआई ने आईटी गवर्नेंस और साइबर सिक्योरिटी को लेकर बैंकों, एनबीएफसी को जारी किए दिशानिर्देश

**मुंबई,** 8 नवंबर (एजेंसियां)। आरबीआई ने आईटी गवर्नेंस, जोखिम, नियंत्रण पर बैंकों और एनबीएफसी को एक नया व्यापक मास्टर दिशानिर्देश जारी किया है। यह दिशानिर्देश डायरेक्टरों के लिए है जिनको ग्राहकों के हित में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना है। ये निर्देश आईटी गवर्नेंस पर पहले जारी किए गए दिशानिर्देशों और परिपत्रों को शामिल करते हैं और 1 अप्रैल, 2024 से लागू होंगे।

**दिशानिर्देशों में सभी विनियमित संस्थाओं को इन सभी चीजों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया गया है**

साइबर इवेंट्स को सूचना प्रणाली में किसी घटना के रूप में परिभाषित किया गया है। साइबर इवेंट्स कभी-कभी संकेत देती हैं कि घटना घटित होने वाली है।




**साइबर सिक्योरिटी :** साइबर माध्यम से गोपनीयता और सूचना की उपलब्धता का संरक्षण। इसके अलावा, प्रामाणिकता, जवाबदेही, गैर-अस्वीकरण और विश्वसनीयता भी शामिल हो सकते हैं।

**साइबर इंसीटेंड:** यह ऐसी साइबर इवेंट है जो साइबर सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है, चाहे वह दुर्भावनापूर्ण गतिविधि से उत्पन्न हुई हो या नहीं।

**साइबर-अटैक :** संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, बाधित करने या अनधिकृत पहुंच प्राप्त करने के लिए साइबर माध्यम से कमजोरियों का फायदा उठाने का दुर्भावनापूर्ण प्रयास।

डी-मिलिटराइज्ड जोन या डीएमजेड एक नेटवर्क खंड है जो आंतरिक और बाहरी नेटवर्क के बीच है।

**सूचना असेट :** कोई भी डेटा, उपकरण या जो सूचना-संबंधी गतिविधियों का समर्थन करता है। सूचना संपत्तियों में सूचना प्रणाली, डेटा, हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर शामिल हैं।

भारत में कार्यरत विदेशी बैंकों को भी दिशानिर्देशों का पालन करने और किसी विशेष मानदंड के मामले में छूट लेने की स्थिति में आरबीआई के साथ चर्चा करने के लिए कहा गया है।

## सार संक्षेप

### सेल के पहले दिन ही सबसे ज्यादा बिकने वाला फोल्डेबल स्मार्टफोन बना वनप्लस ओपन

**नई दिल्ली।** वैश्विक उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड वनप्लस का प्रमुख फोल्डेबल डिवाइस वनप्लस ओपन ने अपने ओपन सेल के दिन कई चैनलों पर मजबूत बिक्री हासिल की, जो अपने सेल के पहले दिन सबसे ज्यादा बिकने वाला फोल्डेबल स्मार्टफोन बनकर उभरा है। रिलायंस डिजिटल पर सेल के पहले दिन वनप्लस ओपन सबसे ज्यादा बिकने वाला फोल्डेबल स्मार्टफोन डिवाइस बन गया। इसके अलावा, वनप्लस ओपन 223 में 1 लाख रुपये से ज्यादा प्राइस सेगमेंट में अपने ओपन सेल डे अमेजन डॉट इन पर सबसे ज्यादा बिकने वाला फोल्डेबल स्मार्टफोन बनकर उभरा है। कंपनी के एक प्रवक्ता ने बताया, वनप्लस ओपन के लॉन्च के साथ, हमने इंडस्ट्री कन्वेंशन्स को चुनौती देते हुए एक बार फिर %नेवर सेटल% स्पिरिट को अपनाया। एक फ्रेश फोल्डेबल फॉर्म फैक्टर लाते हुए, वनप्लस ओपन में स्टैंडआउट डिजाइन, डुअल प्रोएक्सडीआर डिस्प्ले, ओपन कैनवास के साथ मल्टी-विंडो एफिशिएंसी और बहुत कुछ है। प्रवक्ता ने कहा, हमें विश्वास है कि वनप्लस ओपन हमारे भारतीय कम्युनिटी के प्रीमियम अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास जारी रखेगा और टॉप यूजर एक्सपीरियंस के साथ यूनिक हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर फीचर लाएगा।

### ब्लोटवेयर-फ्री एक्सपीरियंस के साथ स्मार्ट लाइफ को बेहतर बनाने के लिए समर्पित ऑनर 9 यूआई


**नई दिल्ली।** ऑनर 9 मैजिक ओएस 7.1 पर चलता है, जो ऑनर के यूआई का लेटेस्ट वर्जन है। ऑनर 9 का मैजिकओएस 7.1 यूजर इंटरफेस प्रदान करता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि यूजर अपने स्मार्टफोन को अनावश्यक प्री-इंस्टॉल ऐप्स या ब्लोटवेयर के बिना नेविगेट कर सकते हैं, जिसके चलते यूजर-फ्रेंडली एक्सपीरियंस मिलता है। ब्लोटवेयर-फ्री एक्सपीरियंस के लिए ऑनर की प्रतिबद्धता एक महत्वपूर्ण लाभ है, जो यह सुनिश्चित करती है कि यूजर्स को अनवांटेड या पहले से इंस्टॉल किए गए ऐप्स से नहीं जूझना पड़े, जो उनके डिवाइस को धीमा कर सकते हैं और यूजर इंटरफेस को अव्यवस्थित कर सकते हैं। ऑनर 9 5जी एंड्रॉइड 13 द्वारा संचालित है, जो एक नया ऑपरेटिंग सिस्टम है जिसे क्रॉस-प्लेटफॉर्म, क्रॉस-डिवाइस एक्सपीरियंस में सहज अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसका मतलब है कि यूजर्स लेटेस्ट फीचर्स, सिक्योरिटी एनहांसमेंट्स और एंड्रॉइड इको सिस्टम में सुधार का आनंद ले सकते हैं। मैजिकओएस एक बेजोड़ यूजर एक्सपीरियंस के लिए पूरी तरह से अपग्रेडेड सॉफ्टवेयर आर्किटेक्चर लाता है, जो प्रोडक्टिविटी बढ़ाने और स्मार्ट लाइफ एक्सपीरियंस आगे बढ़ाने के लिए समर्पित है। यह नेक्स्ट जनरेशन ऑपरेटिंग सिस्टम सभी डिवाइसों और इकोसिस्टम में कोलेबोरेशन को सक्षम बनाता है, जो कंज्यूमर्स के लिए वास्तव में शानदार एक्सपीरियंस प्रदान करता है। यह एंड्रॉइड पीसी और आईओटी ऑपरेटिंग सिस्टम पर आधारित है, इसलिए अलग-अलग ओएस चलाने वाले डिवाइस सिस्टम लेवल पर मैजिकओएस डिवाइस से कनेक्ट हो सकते हैं।

## सेंसेक्स-निफ्टी में मामूली बढ़त

**मुंबई** 8 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के नीतिगत दरों को लेकर होने वाले वक्तव्य के इंतजार में निवेशकों की सतर्कता से विश्व बाजार की गिरावट ने स्थानीय स्तर पर पंद्रह समूहों की तेजी के बावजूद आज घरेलू शेयर बाजार की रफ्तार को धीमा कर दिया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी मामूली बढ़त पर रहे।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 33.21 अंक बढ़कर 64975.61 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 36.80 अंक की बढ़त के साथ 19443.50 अंक पर रहा। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली की रफ्तार अधिक तेजी रही, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.78 प्रतिशत की छलांग लगाकर 32,441.89 अंक और स्मॉलकैप 0.60 प्रतिशत उछलकर 38,337.70 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3828 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2019 में लिवाली जबकि 1683 में बिकवाली हुई वहीं 126 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 29 कंपनियां हरे जबकि शेष 21 लाल निशान पर रही।

बीएसई के 15 समूहों में तेजी रही। इस दौरान कमोडिटीज 0.54, सीडी 0.84, ऊर्जा 0.77, एफएमसीजी 0.55, हेल्थकेयर 0.92, इंडस्ट्रियल्स 0.93, यूटिलिटीज 0.21, ऑटो 0.80, कैपिटल गुड्स 0.86, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.73, धातु 0.53, तेल एवं गैस 0.96, पावर 0.15, रियल्टी 1.40 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.07 प्रतिशत मजबूत रहे।




अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.01, जर्मनी का डैक्स 0.31, जापान का निक्केई 0.33, हांगकांग का हैंगसेंग 0.58 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.16 प्रतिशत गिर गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 160 अंक की तेजी लेकर 65,101.95 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली के दबाव में दोपहर से पहले 64,851.06 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली की बदौलत दोपहर बाद यह 65,124.00 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 64,942.40 अंक के मुकाबले 0.05 प्रतिशत बढ़कर 64,975.61 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी भी 43 अंक की बढ़त के साथ 19,449.60 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,401.50 अंक के निचले जबकि 19,464.40 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,406.70 अंक की तुलना में 0.19 प्रतिशत मजबूत होकर 19,443.50 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में एशियन पेंट 1.96, टाइटन 1.24, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.16, एलटी 1.16, आईटीसी 0.95, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.68, मारुति 0.63, रिलायंस 0.53, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.45, सन फार्मा 0.38, टीसीएस 0.32, बजाज फिनसर्व 0.22, एचडीएफसी बैंक 0.17 और इंडसइंड बैंक शामिल रही। वहीं, आईसीआईसीआई बैंक 1.44, एनटीपीसी 1.05, इंफोसिस 0.87, टेक महिंद्रा 0.76, टाटा स्टील 0.58, बजाज फाइनेंस 0.53, पावरग्रिड 0.53, एचसीएल टेक 0.49, टाटा मोटर्स 0.45, विप्रो 0.40, कोटक बैंक 0.37, नेस्ले इंडिया 0.22, भारती एयरटेल 0.11, एसबीआई 0.10, अल्ट्रासिमको 0.10 और एक्सिस बैंक के शेयरों ने 0.04 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## पिछले 20 साल में सोने पर हर साल 11 फीसदी का चक्रवृद्धि रिटर्न

**नई दिल्ली,** 8 नवंबर (एजेंसियां)। एक अध्ययन से पता चलता है कि पिछले 20 साल में सोने पर औसतन 11 फीसदी का चक्रवृद्धि रिटर्न मिला है। स्मॉलकेस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी विंडमिल कैपिटल द्वारा किए गए एक अध्ययन में कहा गया है कि सोना एक ऐसा परिसंपत्ति वर्ग है जो मुद्रास्फीति के खिलाफ कुशल बचाव के रूप में कार्य करता है और सुरक्षा प्रदान करता है। इसलिए ऐसे पोर्टफोलियो में निवेश करना बेहतर है जिसमें सोना शामिल हो। अध्ययन से संकेत मिलता है कि त्योहारी सीजन, खासकर दिवाली के दौरान सोने की मांग मजबूत रहने की संभावना है। विंडमिल कैपिटल के हालिया अध्ययन से पता चलता है कि भू-राजनीतिक अनिश्चितता के समय में सोने में तेजी की उम्मीद है। अध्ययन के अनुसार, सोना एक कुशल एसेट क्लास है जो सुरक्षा प्रदान करता है। ऐतिहासिक रूप से, जब भी बाजार में उथल-पुथल होती है, निवेशकों की स्वाभाविक प्रवृत्ति सोने की ओर भागने की होती है। एसेट क्लास के रूप में सोना संकट के दौरान अच्छा प्रदर्शन करता है। उदाहरण के लिए, जहां कोविड संकट या रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान निफ्टी का रिटर्न कम रहा, वहीं सोने का रिटर्न पॉजिटिव रहा। इसलिए सोना इक्विटी के खिलाफ एक प्रभावी बचाव है।



## खाद्य तेलों में टिकाव



**नई दिल्ली,** 8 नवंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा 38 रिंगिट चढ़कर 3641 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.14 सेंट की बढ़त के साथ 49.62 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :**मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6150-6250, दाल चना 7150-7250, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10400-10500, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2700-2800 रुपये और चावल = 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

## आसान लेनदेन और डिलीवरी से ऑनलाइन किराना खरीद में वृद्धि : आईआईएम

**नई दिल्ली,** 8 नवंबर (एजेंसियां)। आईआईएम के शोधकर्ताओं ने खुलासा किया है कि ऑनलाइन भुगतान प्रणाली की सुविधा और डिलीवरी के कारण युवा उपभोक्ता तेजी से ऑनलाइन ग्रॉसरी शॉपिंग (ओजीएस) का विकल्प चुन रहे हैं। इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए आईआईएम के शोधकर्ताओं ने वर्ष 2000 और 2023 के बीच 27 देशों में प्रकाशित 145 शोध लेखों का विश्लेषण किया है।

आईआईएम लखनऊ व नागपुर के मुताबिक पिछले दशक में, ऑनलाइन किराने की खरीदारी इसकी उपलब्धता और त्वरित डिलीवरी के कारण बढ़ी है। यह प्रणाली विशेष रूप से महानगरीय क्षेत्रों में स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं को पसंद आई है। इस अध्ययन के अनुसार, 21-40 वर्ष की आयु के युवा उपभोक्ता ओजीएस के प्राथमिक उपयोगकर्ता हैं, जो कि बुजुर्ग उपभोक्ताओं की तुलना में एक बदलाव का प्रतीक है।




आईआईएम लखनऊ व नागपुर ने अमृता स्कूल ऑफ बिजनेस, कोयंबटूर, और आईपीएएम लिस्बोआ - मार्केटिंग बिजनेस स्कूल, की एक शोध टीम के साथ मिलकर पिछले दो दशकों में ऑनलाइन किराना खरीदारी (ओजीएस) की आदतों पर यह समीक्षा अध्ययन किया है।

आईआईएम लखनऊ के सहायक प्रोफेसर डॉ. अरविंद श्रॉफ ने कहा, ओजीएस का विकास मुख्य रूप से स्मार्टफोन और इंटरनेट पहुंच जैसी तकनीकी प्रगति से प्रेरित है। यह उपभोक्ताओं की पसंद और सुविधा की मांग को पूरा करता है। यह अध्ययन के निष्कर्षों में ऑनलाइन और ऑफलाइन व्यवसायों को एकीकृत करते हुए दोहरे चैनल दृष्टिकोण अपनाने वाले सुपरमार्केट के लिए वित्तीय और परिचालन संबंधी निहितार्थ हैं। अध्ययन में यह भी पाया गया है कि ओजीएस व्यवहार को प्रभावित करने वाले कारकों में उम्र, लिंग, आय, मूल्य निर्धारण, छूट, वितरण शुल्क, लेनदेन लागत, विज्ञापन, प्रचार, सूचना गुणवत्ता और स्थिरता जैसे उपाय शामिल हैं। परेशानी मुक्त ऑनलाइन भुगतान और सहकर्मी रेटिंग ऑनलाइन किराने की खरीदारी के लिए उपभोक्ता की प्राथमिकताओं को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कुल मिलाकर, पसंद और सुविधा, किराने के सामान की खरीदारी के लिए इन ऑनलाइन प्लेटफार्मों द्वारा सक्षम किए जाने से उपभोक्ताओं की खरीदारी के इरादों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। शोधकर्ता ऑनलाइन शॉपिंग को बेहतर ढंग से समझने के लिए और अधिक गुणात्मक शोध की सलाह देते हैं और ओजीएस व्यवहार को प्रभावित करने वाले अंतर्निहित कारकों का पता लगाने के लिए मिश्रित-विधि दृष्टिकोण का सुझाव देते हैं।

अनूठा विरोध

# बिलासपुर-दिल्ली सीधी उड़ान बंद करने के विरोध में हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने किया सदबुद्धि यज्ञ

## महानगरों तक सीधी उड़ान की मांग दोहराई

**बिलासपुर**, 8 नवंबर (देशबन्धु)। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने केंद्र सरकार द्वारा बिलासपुर दिल्ली उड़ान के लिए सीधे रूट को मंजूरी ना देने के फैसले का एक दम अनूठा विरोध कार्यक्रम आयोजित किया। इसके तहत समिति के द्वारा पूरी तरह सनातनी रीति रिवाज के साथ एक यज्ञ का आयोजन किया गया और इस केंद्र सरकार को सदबुद्धि देने के लिए सद्बुद्धि यज्ञ का नाम दिया गया। समिति ने बाकायदा इसके लिए पंडितो की एक टीम की व्यवस्था की और राघवेंद्र राव भवन स्थल स्तिथ महाधरना स्थल पर ही एक यज्ञ वेदी तैयार की गई और पुरे विधि विधान से यह यज्ञ सम्पादित किया गया। समिति ने कहा कि केंद्र की सरकार में बैठे लोग अपने आप को सनातनी कहते है इसलिए समिति ने विरोध का सनातनी रास्ता अपनाया है जिससे उन्हें जल्दी बात समझ में आये।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने अलायन्स एयर जो कि केंद्र सरकार के अधीन काम करने वाली कंपनी है के द्वारा 31 अक्टूबर को बिलासपुर दिल्ली सेक्टर में सीधी उड़ान चालु करने का स्वागत भी किया था परन्तु एक सप्ताह बाद ही इस उड़ान को रद्द करने का निर्णय पूरी तरह समझ के परे है। समिति ने केंद्र सरकार के द्वारा इस उड़ान के लिए अलायन्स एयर द्वारा मांगे गए एयर रूट को स्वीकृति



ना देने पर भी अफ़सोस जताया और काया की यह बिलासपुर सेक्टर के साथ अन्याय है।गौरतलब है कि बिलासपुर दिल्ली सीधी उड़ान का शुरूआती किराया 7000 रुपये रखा गया है जो कि टैक्स आदि मिलकर 7300 पहुंच जाता है। उसके बाद भी फ्लाइट को पहले सप्ताह में मिला रिस्पांस बहुत अच्छा था. इस किराये पर मात्रा 25 यात्री पर ब्रेक इवन पाने वाले उड़ान में 40 से 50 यात्री यात्रा कर रहे थे. और आगे के दिनों में भी अच्छी बुकिंग होरही थी परन्तु फिर भी फ्लाइट बंद की गई है।

आज के यज्ञ का कार्यक्रम शाम 5.30 बजे शुरू होकर शाम 6.30 तक चला, इस बीच तीन अलग अलग देवी देवताओं की का आव्हान कर यज्ञ में हविष्य की मात्रा डाली गई। समिति की और से सुदीप श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास और ओमप्रकाश शर्मा मुख्य यजमान बन कर बैठे। मुख्या पंडित धनञ्जय शर्मा के अलावा अनीश पांडेय, लोमश पांडेय और राम वल्लभ शर्मा ने यज्ञ को संचालित किया। वही रवि बनर्जी, शिवा मुदलियार, रणजीत खनूजा, अशोक भंडारी, राकेश शर्मा आदि वरिष्ठ जन ने साथ देते यज्ञ हुए यज्ञ में भाग किया। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति द्वारा आयोजित सदबिधि बद्री यादव, संतोष पीपलवा, दीपक कश्यप, केशव गोरख, चंद्र प्रकाश जायसवाल, शोभा श्रीमती काजल, हिरा यादव, सुनील यादव, पवन पांडेय शाबाज़ अली, मोहसिन अली, अक़ील अली भी शामिल थे।


# इलाज के दौरान कैदी सिम्स से फरार, प्रहरी निलंबित

**बिलासपुर**, 8 नवंबर (देशबन्धु)। सिम्स में उपचार के लिए भर्ती कैदी बुधवार को चकमा देकर फरार हो गया। सूचना से जेल महकमे में हड़कंप मच गया है।जानकारी के अनुसार, रायपुर निवासी सरफराज अहमद उर्फ़ लवी केंद्रीय जेल बिलासपुर में चोरी के मामले में निरुद्ध है।





सोमवार को विचाराधीन बंदी सरफराज अहमद उर्फ़ लवी की तबियत ख़राब होने पर उसे सिम्स मे भर्ती कराया गया था। जो बुधवार सुबह मौका पाकर फरार जो गया.सिविल लाइन पुलिस ने जेल प्रशासन की रिपोर्ट पर अभिरक्षा से फरार कैदी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।जानकारी के अनुसार सेंट्रल जेल का बंदी सरफराज अहमद उर्फ लवी नूरानी चौक राजा तालाब रायपुर निवासी बुधवार की सुबह जेल प्रहरी भुवनेश्वर पैकरा को चकमा देकर सिम्स हॉस्पिटल के वार्ड से हथकड़ी काट कर फरार हो गया।



जेल प्रबंधन की माने तो कैदी अहमद मानसिक रूप से बीमार था और उसके बाए हाथ की छोटी उंगली में चोट थी। जिसके कारण उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था।

इधर घटना के कुछ देर बाद ही जेल के अफसरों को इस बात की जानकारी लगी और प्रहरी पैकरा को लापरवाही बरतने के आरोप में जेल अधीक्षक सस्पेंड ने कर दिया।

## सार-संक्षेप



### तलवार लेकर लोगों को धमका रहा युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर**, 8 नवंबर (देशबन्धु)। आज सकरी पुलिस को मुखबीर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम काठाकोनी निवास ईश्वर यादव अपने कब्जे में धारदार तलवार को रखकर काठाकोनी बाजार के पास घुम रहा है, जो किसी भी किस्म का अपराध घटित कर सकता है। उक्त सूचना की तस्दीकी हमराह स्टाफ तथा गवाहो के की गई। आरोपी को ग्राम काठाकोनी बाजार के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी अपने कब्जे से एक नग धारदार तलवार रखा हुआ मिला। आरोपी को धारदार हथियार रखने के संबंध में धारा 91 जाफौ0 का नोटिस देकर धारदार हथियार रखने के संबंध में वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया। आरोपी द्वारा धारदार हथियार रखने के संबंध में वैधानिक दस्तावेज होना लिखित में दिया है।आरोपी का कृत्य धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत दंडनीय होना पाये जाने से आरोपी के कब्जे से एक धारदार तलवार को गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी के विरूध्द धारा सदर का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। आरोपी के विरुद्ध न्यायिक तैयार कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया।

### पुरानी रंजिश को लेकर प्राणघातक हमला, आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर**,8 नवंबर (देशबन्धु)। रतनपुर पुलिस ने बताया कि कि प्रार्थी गर्जन केंवट थाना रतनपुर उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम लखराम के ही महेश केवंट एवं प्रार्थी का पुत्र अश्वनी केवंट के मध्य नवरात्रि के समय हुये विवाद को लेकर महेश केवट के द्वारा अश्वनी केवंट को अश्लील गाली गलौच करते जाने से मारने की नीयत से ईट से अश्वनी केवट के चेहरे पर पत्थर से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे अश्वनी केवंट का चेहरा खून से लथपथ हो गया कि आह्त अश्वनी केवंट को ईलाज हेतु अस्पताल में भर्ती किये तथा आह्त के पिता द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराने पर धारा 307,294,506,323 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। दौरान विवेचना कार्यवाही के मामले की गंभीरता को देखते हुये थाना प्रभारी रतनपुर निरीक्षक देवेश सिंह राठौर के द्वारा त्वरित थाना स्तर में उक्त आरोपी की धरपकड हेतु टीम तैयार कर रवाना किया। आरोपी महेश केंवट को लखराम चौक के पास घेराबंदी कर तलब कर थाना लाया गया जो पूछताछ पर अपना जुर्म स्वीकार किया गिरफतार कर रिमांड पर न्यायालय में पेस किया गया।


### नाबालिग को भगाने वाला युवक पकड़ाया

**बिलासपुर**,8 नवंबर (देशबन्धु)। मस्तूरी पुलिस ने बताया कि प्रार्थी ने दिनांक 01.05.2021 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 01.05. 2021 की रात्रि करीबन 03-04 बजे इसकी नाबालिक लड़की कमरे में नही थी, आसपास तलाश किया कोई पता नही चला।इसकी नाबालिक लड़की को देवगाँव निवासी करन बंजारे पिता रमेश बंजारे के द्वारा बहला फुसला कर भगा ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना कार्यवाही में लिया जा कर पता तलास किया जा रहा था कि मुखबीर से सूचना मिली कि प्रकरण के आरोपी करन बंजारे पीड़िता को ग्राम देवगांव लेकर आये है कि सूचना पर आरोपी करन बंजारे पिता रमेश बंजारे उम्र 21 साल सा देवगांव के कब्जे से अपहृता को बरामद किया गया। अपहृत बालिका का महिला पुलिस अधिकारी से कथन कराया गया।अपने कथन में करन बंजारे द्वारा पीडिता को शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर भगा लेजाकर लगातार शारीरिक संबंध बनाया वर्तमान में वह एक 01 साल की बच्ची की माँ है। पीड़िता के कथन के आधार पर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण में धारा 376 भादवि एवं 4,6 पाक्सो एक्ट जोड़ा गया है। आरोपी के विरुध्द अपराध सबूत पाये जाने से दिनांक 07.11.23 को विधिवत गिरफतार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।आरोपी को गिरफ्तार करने में उप निरीक्षक रामनरेश यादव,सहाउप निरीक्षक धारा सिंह मरावी एवं महिला आरक्षक चंदा यादव का विशेष योगदान रहा।

# महापौर व अरूण तिवारी के वायरल आडियो से मचा बवाल

## टिकट के लिए करोड़ो के लेनदेन का लगाया आरोप

**बिलासपुर**, 8 नवंबर (देशबन्धु)। बिलासपुर कांग्रेस के पूर्व विधायक अरुण तिवारी का सनसनीखेज खुलासा सामने आया है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए अरुण तिवारी ने उनके और बिलासपुर महापौर रामशरण यादव के बीच मोबाइल फोन पर हुई बातचीत के ऑडियो के हवाले कहा है कि कांग्रेस पार्टी में टिकट वितरण में करोड़ों का खेल हुआ है। अरुण तिवारी ने पत्रकारों के बीच ऑडियो जारी करते हुए बिलासपुर महापौर रामशरण यादव के पार्टी के खिलाफ लगाए गए आरोपों को सामने लाया



ऑडियो में स्पष्ट रूप से रामशरण यादव द्वारा टिकट को लेकर बड़ा लेनदेन का आरोप लगाया गया है।ऑडियो में बिलासपुर विधायक शैलेष पांडेय के कामकाज को लेकर भी टिप्पणी की गई है। अरुण तिवारी ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा है कि उन्होंने इस बात की शिकायत बकायदा पार्टी फोरम में भी की है और कुमारी शैलजा से लेकर प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व को विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया लेकिन उनकी कहीं भी सुनी नहीं गई। अरुण तिवारी ने बताया कि मीडिया के माध्यम से वो पार्टी के इन गतिविधियों को उजागर करना चाहते हैं ताकि ये बातें ऊपर तक जाए और उनकी सुनवाई हो जारी ऑडियो में टिकट ना मिलने से नाराज कांग्रेसी नेता रामशरण यादव ने रोष जाहिर करते हुए कहा है कि वो एलआईवी रिपोर्ट में सबसे आगे थे लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिला।अरुण तिवारी ने मीडिया से कहा कि रामशरण फिलहाल डरे हुए हैं इसलिए वो खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं।

# बैगा आदिवासियों के बीच पहुंचे कलेक्टर

## पारंपरिक हुड़का-हुड़की नृत्य के जरिए मांदर की थाप पर बैगाओं ने दिया मतदाता जागरूकता संदेश

### स्थानीय बोली में दिलाई मतदाता शपथ, वोटरों का किया सम्मान

**बिलासपुर**, 8 नवंबर (देशबन्धु)। शत प्रतिशत मतदान कर बिलासपुर का अभिमान बढ़ाने में हर वर्ग की प्रभावकारी सहभागिता जिले में देखी जा रही है। शहरों में नहीं अपितु सूदूर वनांचलों में भी इस कार्यक्रम में लोगों द्वारा बढ़-चढ़कर भागीदारी निभायी जा रही है। इसी क्रम में आज कोटा ब्लॉक के वनाच्छादित गांव बहेरामुड़ा में बैगा जनजाति द्वारा पारंपरिक लोकनृत्य हुड़का-हुड़की के जरिए मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। मांदर की थाप पर सधे कदमों से द्वारा किए जा रहे नृत्य ने लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने स्थानीय बोली में सभी को मतदाता शपथ दिलाई। बैगा वोटरों का सम्मान किया और 17 नवंबर को सभी से मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम में नगर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत, सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप के नोडल अधिकारी अजय अग्रवाल भी



मौजूद थे।

कार्यक्रम में 32 पंचायतों के 43 गांवों से पहुंचे बैगा विशेष पिछड़ी जनजाति के लगभग 1500 महिला-पुरूषों द्वारा संयुक्त रूप से किए गए नृत्य ने समा बांध दिया। कॉलेज मैदान को पूरी तरह से जनजातीय परिवेश में सजाया गया था। यह नृत्य इस जनजाति द्वारा त्यौहार, जन्म, उत्सव और फसलों के मौसम में किया जाता है।

यह नृत्य लोगों की बीच एकजुटता की भावना पैदा करता है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण को अपने बीच पाकर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने अपने पारंपरिक रीति रिवाजों से बांस की टोपी एवं महुए के हार से कलेक्टर एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। कलेक्टर ने भी इस जगह से जुड़े अपने संस्मरण सुनाएं। कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि मतदान लोकतंत्र का आधार है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर व्यक्ति को वोट जरूर करना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम में वृद्ध और नववधू बैगा वोटरों का सम्मान किया। कलेक्टर ने स्थानीय बोली में ही सभी को मतदाता शपथ दिलाई। सभी को मतदान करने और कराने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने उनकी बोली में ही सभी को मतदान करने का न्यौता भी दिया।

### सुविधा केंद्र का लिया जायजा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने ब्लॉक मुख्यालय कोटा में आयोजित मतदान दलों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदान कर्मियों के डाक मतदान के लिए निर्मित सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया। बड़ी संख्या में कर्मचारी डाक मतदान के जरिए मताधिकार का उपयोग कर रहे हैं।

# दपूम रेलवे पर्यावरण संरक्षण व ईंधन की बचत की ओर अग्रसर

## 7 महीनों में 25 लाख लीटर से भी अधिक डीजल की बचत

## यात्रियों के बैठने के लिए बर्थों की संख्या में वृद्धि

बिलासपुर, 8 नवंबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में हेड ऑन जनरेशन (एचओजी) प्रणाली की स्थापना से वर्तमान वित्तीय के 7 महीनों में 25 लाख लीटर से भी अधिक डीजल की बचत की गई है, इससे लगभग 17 करोड़ से भी अधिक के राजस्व की बचत हुई है। अत्याधुनिक 'हेड ऑन जेनरेशन' (एचओजी) प्रौद्योगिकी को अपनाने के साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 20 ट्रेनें हरित यानी ग्रीन ट्रेन हो गई है। अब ये ट्रेनें महंगे डीजल ईंधन को जलाने की बजाय ओवर हेड उपकरण (ओएचई) के माध्यम से सीधे ग्रिड से बिजली ले रही है।

एचओजी इंजन से सीधे इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन पावर केबल की शक्ति का उपयोग करके प्रकाश और एयर कंडीशनिंग के लिए कोचों को विद्युत आपूर्ति करने की एक प्रणाली है। एलएचबी आधारित ट्रेनों के कोचों के लिए विद्युत उत्पादन के सबसे आम तरीके को एंड ऑन जेनरेशन (ईओजी) कहा जाता है। प्रत्येक एलएचबी गाड़ियों पर कोचों को विद्युत आपूर्ति करने के



लिए डीजल इंजन ले जाने वाली पावर कार के दो सेट होते थे जिसमें कोच में लाइट और एयर कंडीशनिंग के लिए बिजली की आपूर्ति ट्रेन के दोनों सिरों पर लगाए गए विद्युत कारों में उपलब्ध डीजल जेनरेटर सेट के माध्यम से की जाती है। अब इन सभी 20 ट्रेनों में इंजन के माध्यम से ओवर हेड उपकरण (ओएचई) से विद्युत की सप्लाई की जा रही है। ट्रेनों में एचओजी प्रणाली के निम्नलिखित लाभ हैं। डीजल की नगण्य खपत के परिणाम स्वरूप करोड़ो रुपये से भी अधिक मूल्य की डीजल की वार्षिक बचत। डीजल जलने से होने वाले वायु प्रदूषण को कम करने के लिए विद्युत परिवहन व्यवस्था की ओर अग्रसर। ट्रेनों में उच्च क्षमता वाले डीजल जनरेटर से होने वाले ध्वनि प्रदूषण का उन्मूलन कर इस प्रकार यात्रियों की सुविधा में वृद्धि करता है। बैठने की क्षमता में वृद्धि, रेलवे ने छोटे इंजन वाले नए प्रकार की पावर कारों का निर्माण शुरू कर दिया है (डीजल की न्यूनतम खपत के कारण संभव) इसमे जो स्थान पहले भारी इंजनों के लिए आरक्षित था वह सामान्य वर्ग के बैठने के लिए उपयोग, इस प्रकार ट्रेनों में यात्रियों के लिए बैठने की क्षमता में वृद्धि।डीजल जनरेटर से तेल और जनरेटर के अन्य खतरनाक ज्वलनशील उपकरणों को पृथक करने के कारण आग के खतरों मे कमी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में शुरू की गई एचओजी प्रणाली के उपर्युक्त लाभों को ध्यान में रखते हुए, भारत में स्वच्छ, शांत और सुविधाजनक रेल परिवहन के लिए एक सराहनीय पहल है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 'हेड ऑन जेनरेशन' (एचओजी) प्रणाली आधारित ट्रेनें बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस बिलासपुर-पुणे, एक्सप्रेसबिलासपुर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस, बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस, बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस छ.त्र. सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस, दुर्ग-निज़ामुद्दीन, हमसफ़र एक्सप्रेस, दुर्ग-जम्मूतवी एक्सप्रेस दुर्ग-फिरोजपुर अंत्योदय एक्सप्रेस कोरबा-रायपुर, हसदेव एक्सप्रेस दुर्ग नौतनवा एक्सप्रेस (13) दुर्ग-कानपुर, बेतवा एक्सप्रेस दुर्ग नौतनवा दुर्गअजमेर एक्सप्रेस कोरबा-अमृतसर, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस दुर्ग-जयपुर, एक्सप्रेस दुर्ग-उधमपुर एक्सप्रेस एवं दुर्ग-भोपाल,अमरकंटक एक्सप्रेस और रायगढ़-गोंदिया, जनशताब्दी एक्सप्रेस शामिल है।

**NECC**

| 09.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 535 | 80 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 95 | 195 |

डिलीवरी 550 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

# शादियों का सीजन 24 से शुरू होगा रीति-रिवाजों के साथ बजेगी शहनाईयां

**बिलासपुर.** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। शादियों का सीजन फिर से शुरू हो रही है, जिससे समाज में नए संबंध और उत्साह की लहरें बिखेरेगी. लोग खुद को सामाजिक मिलनसार कार्यक्रमों, समापन समारोहों और आधुनिक शादी के रीति-रिवाजों के साथ मिला रहे हैं।

भगवान विष्णु के योग निद्रा का काल चातुर्मास 23 नवंबर को कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को पूरा हो जाएगा. यही तिथि देवउठनी एकादशी कहलाती है. सनातन समाज में इस तिथि से मांगलिक कार्य फिर शुरू हो जाते हैं. इस बार 23 नवंबर के बाद से 21 दिनों में विवाह के कुल 19 मुहूर्त हैं. इनमें 14 शुभ मुहूर्त हैं. सहालग के इन दिनों में शहर में बारातों की धूम रहेगी. यह इसलिए कहा जा रहा है कि शहर के 50 मैरिज लॉन्स में अब तक 500 विवाहों की बुकिंग हो चुकी है।

**देवउठानी पर योग नहीं :** देवउठानी तिथि को विवाह योग नहीं है. पंडित के अनुसार सनातन धर्म में विवाह समारोह मुहूर्त और तिथि के अनुसार ही तय होते हैं.

मान्यता है कि अगर शुभ मुहूर्त या तिथि में विवाह संपन्न होते हैं तो वर-वधु को सौभाग्य की प्राप्ति होती है. वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहता है. विवाह की शुभ तिथि और मुहूर्त का सीधा संबंध भगवान विष्णु से माना जाता है.

यही वजह है कि चातुर्मास में जब भगवान विष्णु शयन करते हैं तो मांगलिक कार्य रुक जाते हैं.

23 नवंबर को देवउठानी एकादशी पर शुक्र और गुरु का उदय हो जाएगा. परंतु पंचांग के अनुसार इस दिन विवाह



रीति-रिवाजों के साथ बजेगी शहनाईयां

मुहूर्त शास्त्र सम्मत नहीं है. भगवान श्रीहरि और माता तुलसी के विवाह के बाद ही अन्य वैवाहिक कार्य शुरू होंगे. बीते चार सालों में विवाह समारोह का मैन्यू भी बदल गया है. पहले इसमें दस से पंद्रह आइटम शामिल रहते थे, पर अब 30 और इससे भी ज्यादा आइटम्स मैन्यू का हिस्सा हैं. अब लोग देश के अलग-अलग जगहों पर प्रचलित डिश को भी इस मैन्यू में शामिल करवाना चाहते हैं।

**अधिकमास से हुआ विलंब:** इस साल दो सावन और अधिकमास के कारण सभी तरह के पर्व-त्योहार और शादी विवाह की तिथियों में खासा विलंब हुआ है. देवशयनी एकादशी के साथ ही सभी तरह के मांगलिक कार्य बंद हो गए थे. वहीं कार्तिक माह की देवउठनी एकादशी से फिर शहनाई बजने की शुरुआत होगी।

**16 दिसंबर से खरमास:** ज्योतिषाचार्य के मुताबिक 16 दिसंबर को सूर्य देव शाम 4.10 बजे धनु राशि में प्रवेश करेंगे. इसके साथ ही खरमास शुरू हो जाएगा. यह 15 जनवरी तक रहेगा. इस दौरान मांगलिक कार्य पर विराम रहेगा. खरमास में धनु राशि यानी अग्नि भाव में सूर्य होते हैं. इसके चलते ही शुभ कार्य निषेध माने गए हैं।

**पंचांग के अनुसार शुभ मुहूर्त:** ज्योतिषाचार्य के मुताबिक विवाह के लिए शुक्र, गुरु और राशि के अनुसार नक्षत्र शुभ होना जरूरी होता है. पंचांग के अनुसार इस साल देवउठनी एकादशी के बाद, नवंबर में 24, 27, 28 और 29 तारीख विवाह के लिए शुभ रहेंगी. वही दिसंबर में 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 13,14 और 15 तारीख मांगलिक कार्यों के लिए शुभ हैं।

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188